YouTube kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-239 ❐ बुधवार, 30 सितम्बर 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



विपक्ष साथ लड़े या अलग-अलग, 2027 में भाजपा की सरकार बनेगी। साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम एवं भ्रामक प्रचार के प्रति कार्यकर्ताओं को तथ्यों के आधार पर जागरूक एवं सचेत किया जाए।
केशव प्रसाद मौर्य

अपनी हार की समीक्षा करने के बजाय चुनाव आयोग पर हमला कर रही कांग्रेस: स्मृति ईरानी 11

एलपीयू हिंसा का मामला पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा, सीबीआई जांच की मांग 12

संक्षेप

उत्तर प्रदेश से करूंगी राजनीति की शुरूआत, किसी दल के साथ नहीं : दिव्या मित्तल

लखनऊ। पूर्व आईएएस अफसर दिव्या मित्तल ने राजनीति में जाने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को एक वीडियो सोशल मीडिया में साझा कर यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी राजनीति की शुरूआत उत्तर प्रदेश से करेंगी, लेकिन किसी दल के साथ नहीं। दिव्या मित्तल ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले मैंने आईएएस पद से त्याग पत्र देकर लोगों के मन में कई तरह के सवाल छोड़ दिए। कुछ दिनों तक जवाब नहीं दिया, क्योंकि काम बड़ा था और मैं हौसला जुटा रही थी। आज उन सभी सवालों के जवाब देने के लिए यह वीडियो साझा कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे उन लोगों की आवाज बनना है, जिसकी आवाज किसी सरकारी दफ्तरों तक नहीं पहुंच पाती है। अगर पहुंच जाए तो सुनी नहीं जाती। ऐसे लोगों की तरफ से मुझे अपने देश की आजादी के 80 सालों का हिसाब चाहिए। कई सवालों के जवाब ढूंढने के लिए वह राजनीति करेंगी, लेकिन किसी झंडे के नीचे खड़े होकर हिसाब नहीं मांगा जा सकता है, इसलिए वह किसी दल के साथ राजनीति नहीं करेंगी, बल्कि लोगों के साथ आगे बढ़ेंगी। दिव्या मित्तल ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत में लोगों से साथ आने की अपील की है। इसे लेकर उन्होंने अपना व्हाटसअप नंबर 9198956957 पर मैसेज करके साथ जुड़ने की बात कही है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि एक दिन ऐसा आएगा जब कोई आदमी अपने कागज अपनी पन्नी में लपेटकर सरकारी कार्यालय जाएगा और बिना सिफारिश के उसकी सुनवाई होगी।

पीसीएस अधिकारी हरीश चंद्र सेवा से बर्खास्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी हरीश चंद्र को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई नोएडा विकास प्राधिकरण में उनके कार्यकाल के दौरान हुए 3,800 करोड़ से 4,000 करोड़ रुपये के बड़े लीजबैक घोटाले (भूखंड घोटाले) में संलिप्तता के चलते उठाया गया है। उत्तर प्रदेश के सबसे सीनियर 1997 बैच के पीसीएस अधिकारी हरीश चंद्र वर्तमान में कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में खाद्य एवं रसद विभाग के स्थानिक प्रतिनिधि के पद पर तैनात है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक आईएएस एम. देवराज ने उनकी बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिया है। नोएडा प्राधिकरण में वर्ष 2011 में सचिव पद पर तैनाती के दौरान, उन्होंने ग्राम शहदरा के सेक्टर 140- (ए), 141, 142 और 143 के अंतर्गत आने वाली लगभग 3,81,527 वर्ग मीटर अर्जित भूमि को नियमों के विपरीत जाकर बाहरी लोगों और निजी कंपनियों के नाम लीजबैक कर दिया था। नियम में लीजबैक की यह सुविधा सिर्फ स्थानीय गांव के पात्र किसानों के लिए आरक्षित थी (जिसमें प्रति परिवार अधिकतम 450 वर्ग मीटर का प्रावधान था)।

प्राइवेट अस्पताल इंडस्ट्री की तरह काम कर रहे : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

- 2700 रुपये की कैंसर दवा का अधिकतम मूल्य 27 हजार क्यों
- सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र से पूछा- सभी दवाओं पर 16 प्रतिशत से ज्यादा मार्जिन क्यों

नई दिल्ली। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की कीमतों में भारी अंतर को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। मंगलवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा कि दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य और खुदरा विक्रेता को मिलने वाली कीमत के बीच इतना बड़ा अंतर क्यों है और सभी दवाओं पर अधिकतम 16 प्रतिशत लाभ की सीमा क्यों नहीं लागू की जा सकती।

सुनवाई के दौरान अदालत के सामने कैंसर की एक दवा का उदाहरण रखा गया। बताया गया कि जिस दवा की खुदरा विक्रेता को कीमत करीब 2,700 रुपये है, उसी पर अधिकतम खुदरा मूल्य 27,000 रुपये अंकित है। यानी दोनों कीमतों के बीच करीब दस गुना का अंतर है। अदालत ने इस भारी अंतर पर गंभीर चिंता जताते हुए पूछा कि ऐसी स्थिति में मरीजों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ की जिम्मेदारी किसकी होगी।

पीठ ने यह सवाल भी उठाया कि यदि कोई मरीज सरकारी स्वास्थ्य योजना के तहत उपचार करा रहा है और अस्पताल इतनी ऊंची कीमत पर दवा खरीदता है, तो उसका भुगतान अंततः सरकारी धन से होता है। अदालत ने इस स्थिति में करदाताओं पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को लेकर चिंता व्यक्त की। पहले की सुनवाई में भी पीठ ने कहा था कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से महंगी दरों पर दवाओं की खरीद



का असर सार्वजनिक धन पर पड़ता है।

अदालत ने निजी अस्पतालों की अपनी दवा दुकानों के माध्यम से दवाओं की बिक्री के तरीके पर भी सवाल उठाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से आरोप लगाया गया कि कुछ निजी अस्पताल मरीजों को अस्पताल के भीतर स्थित दवा केंद्र से ही दवा खरीदने के लिए बाध्य करते हैं। इससे मरीजों को अन्य स्थानों से कम कीमत पर दवा खरीदने का विकल्प नहीं मिल पाता।

याचिकाओं में दवाओं की कीमतों में भारी अंतर, महंगी दवाओं के कारण मरीजों पर बढ़ते आर्थिक बोझ और सस्ती सामान्य दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने से जुड़े मुद्दे उठाए गए हैं। पीठ ने केंद्र सरकार से यह भी पूछा कि जिन दवाओं के मामले में खुदरा विक्रेता के लिए 16 प्रतिशत लाभ का प्रावधान है, उसी प्रकार सभी दवाओं के लिए एक समान सीमा क्यों नहीं निर्धारित की जा सकती। अदालत ने आवश्यक और गैर-आवश्यक दवाओं के लिए अलग-अलग मूल्य नियंत्रण व्यवस्था के औचित्य पर भी सवाल उठाया। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने माना कि दवाओं की कीमतों का मुद्दा गंभीर है। उन्होंने कहा कि ऐसा समाधान खोजने की आवश्यकता है जिसमें मरीजों, सरकार और दवा कंपनियों के हितों के बीच संतुलन बनाया जा सके। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि वर्ष 2013 के औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश के तहत मूल्य सीमा वाली दवाओं की संख्या सीमित है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि बड़ी संख्या में दवाएं ऐसी हैं जिनकी शुरुआती कीमत निर्धारित करने पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं है। इससे कंपनियों द्वारा अधिकतम खुदरा मूल्य तय करने में व्यापक अंतर की स्थिति बन सकती है।

याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि दवाओं की कीमतों में भारी अंतर के कारण गंभीर बीमारी से जूझ रहे परिवारों पर इलाज का खर्च बढ़ जाता है। कई परिवारों को उपचार जारी रखने के लिए अपनी बचत, संपत्ति या आभूषण तक बेचने की स्थिति का सामना करना पड़ता है।

सस्ती सामान्य दवाओं के उपयोग पर भी जोर

मामले में सामान्य दवाओं की चिकित्सकों द्वारा लिखी जाने वाली पर्ची को अनिवार्य करने, गैर-मूल्य-नियंत्रित दवाओं की शुरुआती कीमतों को नियंत्रित करने और चिकित्सा उपकरणों की कीमतों पर सीमा तय करने की मांग भी उठाई गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने दवाओं की कीमतों में पारदर्शिता और मरीजों को उचित दर पर उपचार उपलब्ध कराने से जुड़े मुद्दों को महत्वपूर्ण माना है। मामले की सुनवाई आगे भी जारी रहेगी।

रामद्रोहियों को बर्दाश्त नहीं हो रहा अयोध्या का वैभव : योगी

एजेंसी



वैष्णव कुंभ पर बांके बिहारी और राधारानी की कृपा

योगी ने 2019 में प्रयागराज के भव्य एवं दिव्य कुंभ आयोजन के बाद वृंदावन में वैष्णव कुंभ के भव्य आयोजन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब यह आयोजन हुआ तो उस समय कोरोना का प्रकोप था। बांके बिहारी लाल तथा राधारानी की कृपा से इस आयोजन में कोरोना बाल भी बांका नहीं कर पाया। आध्यात्मिक शक्ति ऐसी ही होती है।

गोरखपुर। गोरक्ष पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1949 में अयोध्या स्थित श्री रामजन्मभूमि पर रामलला का प्रकटीकरण श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध हुआ। आज जब भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बन गया है तो रामद्रोहियों को अयोध्या का वैभव बर्दाश्त नहीं हो रहा है। सभी रामभक्तों, सनातन धर्मावलंबियों को आज के कालनेमियों से सावधान रहना होगा। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, इसमें किसी को किसी प्रकार का भ्रम या संशय नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार (आश्विन कृष्ण तृतीया) को गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 57वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 12वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर, काशी में बाबा विश्वनाथ का भव्य धाम, विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी धाम का वैभव, प्रयागराज के दिव्य कुंभ और वृंदावन के वैष्णव कुंभ को देखकर सनातन से चिढ़ने वाले दुष्प्रचार करेंगे, भ्रम पैदा करेंगे। सभी सनातनियों को इसके लिए सतर्क और जागरूक रहना होगा। ये रामद्रोही व सनातनद्रोही आज के दौर के कालनेमि हैं। रामायण कालखंड में जब रामभक्त हनुमान जी संजीवनी बूटी लेने जा रहे थे तब कालनेमि ने छद्म रूप में उन्हें रोकने की कोशिश की थी। हनुमान जी ने उसे पहचान लिया था। वर्तमान दौर में भी रामभक्तों, सनातन धर्मावलंबियों को आज के कालनेमियों से सावधान रहना होगा। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, इसमें किसी प्रकार का भ्रम या संशय नहीं होना चाहिए। अयोध्या व काशी में आई भव्यता सही दिशा में चलने का ही परिणाम है।


मुख्यमंत्री ने शैव परंपरा वाली गोरक्षपीठ को संपूर्ण सनातन के लिए समर्पित पीठ बताते हुए कहा कि यह किसी पंथ, संप्रदाय, व्यक्ति या जाति में कोई भेदभाव नहीं करती। किसी पंथ या संप्रदाय की विशिष्ट उपासना पद्धति हो सकती है लेकिन सबका कल्याण वृहद सनातन धर्म में ही होता है। सनातन की किसी भी शाखा के व्यक्ति को गोरक्षपीठ में वही सम्मान मिलता है, जो उन्हें अपनी पावन परंपरा में मिलता होगा। योगी ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम को साकार करने के लिए सभी पंथों, संप्रदायों को एक भाव से, एक स्वर में, एक गति से, एक साथ आगे बढ़ना होगा। यदि 140 करोड़ भारतवासियों में एक साथ चलने का सामर्थ्य हो जाए तो दुनिया की कोई भी ताकत हमारे सामने ठहर नहीं पाएगी। अलग स्वर से बोलना व अलग गति से चलना, दुर्गति का कारण बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों व महापुरुषों को जानने और उनके बारे में पढ़ने से हमेशा नई प्रेरणा मिलती है। ये लोग केवल वर्तमान को नहीं जीते, बल्कि उनके कार्य दूरदर्शी होते हैं। उनके कार्य भविष्य की सुदृढ़ नींव के रूप में भावी जीवन को सुखद और उज्जवल बनाते हैं। सामान्य मनुष्य अपने लिए सोचता है, जबकि महापुरुष समूचे समाज और राष्ट्र कल्याण की भावना रखते हैं। ● शेष पेज 11 पर

नौ प्रतिशत छात्र बोले, अक्सर आते हैं आत्महत्या करने के विचार : सर्वे

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई टास्क फोर्स के देशभर में किए गए सर्वे में करीब 9 प्रतिशत छात्रों ने बताया कि उन्हें आत्महत्या करने के विचार अक्सर या बहुत अधिक आते हैं। वहीं, करीब 15 प्रतिशत छात्रों ने कहा कि पिछले छह महीनों में ऐसा समय आया, जब वे बहुत ज्यादा तनाव, परेशानी या बेचैनी महसूस कर रहे थे। यह सर्वे देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की मानसिक सेहत से जुड़ी समस्याओं और आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए बनाई गई राष्ट्रीय टास्क फोर्स (एनटीएफ) ने किया है। सर्वे के निष्कर्ष टास्क फोर्स की अंतिम रिपोर्ट का



हिस्सा हो सकते हैं। यह रिपोर्ट 31 अक्तूबर तक सुप्रीम कोर्ट में जमा किए जाने की उम्मीद है। आईआईटी दिल्ली और बॉम्बे में दो छात्रों की मौत के बाद छात्रों की आत्महत्याओं पर फिर से बहस छिड़ गई है और लोगों में काफी गुस्सा है। ऐसे में यह सर्वे बहुत अहम हो जाता है। टास्कफोर्स द्वारा किए गए छात्र सर्वे में 2.43 लाख से ज्यादा छात्रों ने जवाब दिया, जिनमें से 67 प्रतिशत एससी, एसटी और ओबीसी कैटेगरी के थे। छात्रों के सर्वे के अलावा, ● शेष पेज 11 पर

इन उपायों पर तुरंत कार्रवाई की जरूरत

वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी कहा कि सामने आ रहे पैटर्न से पता चलता है कि छात्रों के लिए स्टैंडर्ड सपोर्ट सिस्टम बनाने, फैकल्टी ट्रेनिंग, स्टिग्मा (कलंक) कम करने, संकट के समय के लिए मानक संचालन प्रक्रिया, क्वालिटी डेटा के साथ नियमित निगरानी और छात्रों की मानसिक सेहत से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए जवाबदेह और पारदर्शी प्रशासन बनाने जैसे उपायों पर तुरंत कार्रवाई की ज़रूरत है।

पीसीएस अधिकारी हरीश चंद्र सेवा से बर्खास्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी हरीश चंद्र को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई नोएडा विकास प्राधिकरण में उनके कार्यकाल के दौरान हुए 3,800 करोड़ से 4,000 करोड़ रुपये के बड़े लीजबैक घोटाले (भूखंड घोटाले) में संलिप्तता के चलते उठाया गया है।

उत्तर प्रदेश के सबसे सीनियर 1997 बैच के पीसीएस अधिकारी हरीश चंद्र वर्तमान में कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में खाद्य एवं रसद विभाग के स्थानिक प्रतिनिधि के पद पर तैनात है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक आईएएस एम. देवराज ने उनकी बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिया है। नोएडा प्राधिकरण में वर्ष 2011 में सचिव पद पर तैनाती के दौरान, उन्होंने ग्राम शहदरा के सेक्टर 140- (ए), 141, 142 और 143 के अंतर्गत आने वाली लगभग ● शेष पेज 11 पर

अक्टूबर में जेब पर बढ़ेगा बोझ

एजेंसी

❐ टीवी, फ्रिज, एसी और गाड़ियां होंगी महंगी, पेंशन खाते पर शुल्क, एलपीजी के लिए आधार सत्यापन जरूरी

नई दिल्ली। अक्टूबर में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ कई नियमों में बदलाव होने जा रहा है, जिसका सीधा असर आम-आदमी पर पड़ेगा। एक अक्तूबर से एनपीएस में खाता खोलने पर शुल्क देना होगा। गाड़ियों के दाम भी बढ़ जाएंगे। वहीं, 15 अक्तूबर से यूपीआई भुगतान पर भी शुल्क लगेगा। एक अक्तूबर से एलपीजी सब्सिडी के लिए आधार बायोमेट्रिक सत्यापन पूरा करना होगा। इसके लिए उपभोक्ता अपनी गैस एजेंसी पर जाकर केवाईसी करा सकते हैं। जरूरी मोबाइल ऐप के जरिए भी यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। सिलेंडर की डिलीवरी के दौरान डिलीवरी कर्मचारी भी केवाईसी कर सकते हैं। वहीं, अक्तूबर से एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी के दौरान पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी से सत्यापन की व्यवस्था शुरू होने जा रही है। सिलेंडर लेते समय मोबाइल पर आया ओटीपी बताना पड़ सकता है।

अक्तूबर में टीवी, फ्रिज, एसी और दूसरे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान की कीमतों में बढ़ोतरी होगी। कई कंपनियां अक्तूबर से पांच से आठ प्रतिशत तक कीमत बढ़ाने की तैयारी में हैं। इसकी वजह कॉपर, स्टील, एल्युमिनियम, प्लास्टिक, कच्चे तेल से जुड़े उत्पाद महंगा होना बताया जा रहा है। कुछ कंपनियां वॉशिंग मशीन और अन्य उपकरणों की कीमतों में भी बढ़ोतरी कर रही हैं। टाटा मोटर्स समेत अन्य कंपनियों की गाड़ियों की ● शेष पेज 11 पर

70 से अधिक कैफ़े-रेस्तरां की याचिकाएं खारिज

हुक्का बार पर हाईकोर्ट की सख्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में हुक्का बार के संचालन को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि रेस्तरां और कैफ़े में बनाए गए निर्धारित धूम्रपान क्षेत्र में भी हुक्का बार का संचालन नहीं किया जा सकता। इस मामले में अदालत ने 70 से अधिक कैफ़े और रेस्तरां संचालकों की याचिकाएं खारिज कर दीं।

मामले में एम/एस अफटेक फूड्स एंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड, फैशन टीवी कैफ़े, गोमतीनगर समेत कई प्रतिष्ठानों की ओर से याचिकाएं दाखिल की गई थीं। याचिकाकर्ताओं ने पुलिस की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए दलील दी थी कि उनके पास खाद्य सुरक्षा विभाग का वैध लाइसेंस है और उन्होंने सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत निर्धारित धूम्रपान क्षेत्र भी बनाया हुआ है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं की इस दलील को स्वीकार नहीं किया। फैसले में कहा गया कि 23 मई 2017 को सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के नियम 4(3) में किए गए संशोधन के बाद निर्धारित धूम्रपान क्षेत्र में किसी भी तरह की सेवा उपलब्ध कराने की अनुमति नहीं है। ऐसे में केवल धूम्रपान क्षेत्र बना लेने से रेस्तरां या कैफ़े में हुक्का बार चलाने की अनुमति नहीं मिल जाती। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत में यह तर्क भी रखा गया कि हुक्का बाहर तैयार किया जाएगा और ग्राहक स्वयं उसे लेकर धूम्रपान क्षेत्र में जाएगा। इसलिए इसे सेवा उपलब्ध कराना नहीं माना जाना चाहिए। अदालत ने इस तर्क को भी स्वीकार नहीं किया। अदालत ने माना कि हुक्का पीने के लिए मानवीय सहायता आवश्यक होती है।



❐ स्मोकिंग क्षेत्र में भी हुक्का बार नहीं चल सकेगा, अदालत ने कहा—हुक्का पिलाना भी सेवा की श्रेणी में

इसलिए हुक्का उपलब्ध कराने और उसके संचालन में सहायता को सेवा की श्रेणी में माना जाएगा। इस आधार पर धूम्रपान क्षेत्र में भी हुक्का बार का संचालन नियमों के अनुरूप नहीं माना जा सकता। फैसले में अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा विभाग और नगर निकायों के पास हुक्का बार के संचालन के लिए लाइसेंस जारी करने का अधिकार नहीं है। यानी किसी प्रतिष्ठान के पास खाद्य कारोबार से संबंधित वैध लाइसेंस होने मात्र से उसे हुक्का बार संचालित करने का अधिकार नहीं मिल जाता। अदालत ने अपने फैसले की प्रति उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को सूचना और अनुपालन के लिए भेजने का निर्देश दिया है। फैसले में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत पुलिस की कार्रवाई के अधिकारों का भी उल्लेख किया गया है।

अमेरिका और पाकिस्तान की बढ़ती नजदीकियों पर विदेश मंत्री ने की टिप्पणी

आतंकवाद पर समझ का अभाव रिश्तों को करता है प्रभावित

एजेंसी

न्यूयॉर्क। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अमेरिका के साथ संबंधों में केवल भारत ही मुश्किलों का सामना नहीं कर रहा है और दुनिया के कई देशों के उसके साथ संबंध अधिक चुनौतीपूर्ण रहे हैं।

अमेरिका-भारत संबंधों और हाल के व्यापार एवं शुल्क विवादों के संदर्भ में जयशंकर से पूछा गया कि द्विपक्षीय रिश्तों को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए क्या किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ संबंधों में केवल भारत ही मुश्किलों का सामना नहीं कर रहा है और दुनिया के कई देशों के उसके साथ संबंध अधिक चुनौतीपूर्ण रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के उच्चस्तरीय सप्ताह के समापन के बाद सोमवार को एशिया सोसाइटी में आयोजित एक कार्यक्रम में जयशंकर ने भारत-अमेरिका संबंधों पर सवालों का जवाब दिया। कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के



प्रमुख सदस्य और नीति विशेषज्ञ मौजूद थे। वहीं, जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देश से होने वाला आतंकवाद भारत की प्रमुख चिंताओं में शामिल है। यदि भारत के साझेदार इस चिंता को पूरी तरह नहीं समझते हैं या उसकी गंभीरता को नहीं देखते हैं, तो इसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ता है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों में हाल के महीनों में नजदीकी बढ़ी है?

जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार के लिए एक-दूसरे की संवेदनशीलताओं को समझना महत्वपूर्ण है। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना पड़ोसी देश से लंबे समय से जारी आतंकवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण मुद्दा आतंकवाद है। बहुत कम देश ऐसे हैं, जिन्होंने कई दशकों से पड़ोसी देश की ओर से जानबूझकर और सुनियोजित नीति के तहत उस तरह के आतंकवाद का सामना किया है, जैसा भारत ने किया है।

भारत-अमेरिका संबंधों में पिछले कुछ समय में व्यापार, शुल्क, भारत की रूसी ऊर्जा खरीद और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ बढ़ती बातचीत समेत कई मुद्दों पर मतभेद सामने ● शेष पेज 11 पर

भारत-चीन संबंध कुछ साल पहले की तुलना में बेहतर : जयशंकर

जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन के संबंध आज कुछ साल पहले की तुलना में बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों के समाधान के साथ दोनों देशों के रिश्ते धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर लौट रहे हैं। एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि अगर 2025 की तुलना करें तो आज संबंध बेहतर हैं और 2024 की तुलना में सुधार और अधिक स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं कि कोई बड़ा संरचनात्मक बदलाव हुआ हो। 2020 के सीमा गतिरोध और लंबे समय तक चले तनाव के कारण दोनों देशों के संबंध बुरी तरह प्रभावित हुए थे। ऐसे में स्थिति स्थिर होने के बाद संबंधों में सुधार स्वाभाविक था।

भक्तों ने सुना भागवत का सार फूलों की होली में झूमे श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजाजीपुरम स्थित गौरीशंकर पार्क में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने कथा व्यास आचार्य मनोज कृष्ण जी महाराज के श्रीमुख से विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक प्रसंगों का श्रवण किया। कथा के दौरान दत्तात्रेय जी के 24 गुरुओं की कथा, भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उद्धव जी को दिए गए परम ज्ञान के उपदेश तथा शुकदेव जी के पूजन का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास ने महाराज परीक्षित के मोक्ष की कथा, व्यास जी की विदाई तथा श्रीमद्भागवत महापुराण के सार का विस्तार से वर्णन किया। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं ने भक्तिमय वातावरण में फूलों की होली का आनंद लिया। फूलों की वर्षा के बीच श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में झूमते नजर आए। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन के दौरान मंच से श्रद्धालुओं को सुदामा जी के चावल प्रसाद स्वरूप वितरित किए गए। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में प्रसाद प्राप्त करने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजक विजय सिंह ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से लोगों को धर्म, भक्ति, संस्कार और सद्मार्ग का संदेश प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि कथा के सभी दिनों में श्रद्धालुओं ने जिस श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता की, वह आयोजन की सफलता का प्रमाण है। इस अवसर वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव मिश्रा, पार्षद धर्मेंद्र सिंह पूर्व पार्षद राजीव कृष्ण त्रिपाठी, प्रेम तिवारी, भारतीय जन सेवा दल के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई शीलू सहित बड़ी संख्या में सनातनी धर्मानुरागी एवं भगवत भक्त उपस्थित रहे।

चकबंदी के खिलाफ किसानों की लखनऊ में हुंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- चकबंदी आयुक्त कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन, किसानों की समस्याओं पर हुई वार्ता
- आयुक्त ने रिपोर्ट मंगाकर जांच और नियमानुसार कार्रवाई का दिया आश्वासन



लखनऊ। मैनपुरी जिले के दयालपुर गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं और शिकायतों को लेकर किसानों ने मंगलवार को लखनऊ में आवाज बुलंद की। भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जन शक्ति) के नेतृत्व में किसानों और संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने इंदिरा भवन स्थित चकबंदी आयुक्त कार्यालय पहुंचकर मांगपत्र सौंपा। इस दौरान कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन भी किया गया।

संगठन के अनुसार, दयालपुर, नगर मोटा, डाकघर वेवर, तहसील एवं जिला मैनपुरी में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को लेकर किसान पहले भी कई बार अपनी शिकायतें और मांगपत्र अधिकारियों को दे चुके हैं। अपेक्षित समाधान नहीं होने पर संगठन ने किसानों की समस्याओं को लेकर लखनऊ में प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल की चकबंदी आयुक्त के साथ वार्ता हुई। वार्ता के दौरान आयुक्त ने पूरे प्रकरण की रिपोर्ट मंगाकर नियमानुसार जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। चकबंदी प्रक्रिया को निरस्त करने की किसानों की मांग पर भी नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया। भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जन शक्ति) ने कहा कि किसानों की जमीन, अधिकार और न्याय से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन ने कहा कि चकबंदी से जुड़ी किसानों की समस्याओं का निष्पक्ष समाधान होने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम का नेतृत्व मैनपुरी के जिलाध्यक्ष अतुल यादव ने किया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कमलेश यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हामिद अली, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अभिषेक यादव, अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वदीप सिंह टोनी, प्रदेश महामंत्री शितेश पटेल, प्रदेश महामंत्री शिवराम सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश संगठन मंत्री कपिल पटेल, लखनऊ जिलाध्यक्ष रामगोपाल विश्वकर्मा, युवा जिलाध्यक्ष राममिलन रावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कश्यप समेत कई पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे। संगठन ने दोहराया कि किसानों के हितों और उनकी भूमि से जुड़े अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखा जाएगा।

समस्या निस्तारण में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनसेवा के नियमित प्रकल्प 'जनता दर्शन' में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात की। गंभीरता से उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता और संवेदनशील तरीके से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय करते हुए संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात की। सबको आश्वस्त किया, घबराइए मत, समस्या का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकार भरपूर मदद उपलब्ध कराएगी।

फाफामऊ में 20 हजार की रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक ट्रैप, एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ पकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम जोन-7 फाफामऊ कार्यालय में तैनात राजस्व निरीक्षक श्रीमती राधा देवी को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

थाना एंटी करप्शन प्रयागराज मंडल द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, शिकायतकर्ता शारिक अहमद पुत्र मो. अहमद निवासी 168 सेक्टर ए शांतिपुरम गद्दोपुर, थाना फाफामऊ ने शिकायत की थी। आरोप था कि राजस्व निरीक्षक श्रीमती राधा देवी उनकी माता के नाम पंजीकृत मकान के बढ़े हुए गृहकर को संशोधित करने के एवज में 20,000 रुपये की मांग कर रही हैं। शिकायतकर्ता ने 28.09.2026 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई प्रयागराज में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आज 29.09.2026 को दोपहर 1.16 बजे भ्रष्टाचार निवारण संगठन की 14 सदस्यीय टीम ने कार्यालय नगर निगम जोन 7 फाफामऊ में जाल बिछाया। लोकसेवक साक्षीगण व ट्रैप टीम के समक्ष आरोपी को 20,000 रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्रीमती राधा देवी पत्नी अंशु कुमार पुत्री गिरधारी लाल निवासी ग्राम पुरैला पो. छितपालगढ़ थाना मान्धाता जिला प्रतापगढ़, सम्प्रति राजस्व निरीक्षक क्षेत्र फाफामऊ, अस्थायी पता - गोविंदपुर थाना शिवकुटी प्रयागराज के रूप में हुई है। टीम द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए थाना फाफामऊ पर अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।

उप्र शिक्षक भर्ती मामला : अभ्यर्थियों ने मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आवास का घेराव किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 68500 सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण संबंधी विसंगतियों के समाधान और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की संस्तुति के अनुपालन की मांग को लेकर मंगलवार को अभ्यर्थियों ने कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आवास का घेराव किया। प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन ने आंदोलनरत अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन, लखनऊ भेज दिया। अभ्यर्थियों ने मंत्री के उस बयान पर भी आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने 68500 शिक्षक भर्ती का मामला न्यायालय में विचाराधीन बताया था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्तमान में उनका आरक्षण संबंधी मुद्दा किसी न्यायालय में लंबित नहीं है। घेराव के दौरान मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने अभ्यर्थियों से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अभ्यर्थियों की जल्द मुलाकात कराने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। साथ ही मामले के निस्तारण के लिए शासन स्तर पर प्रयास करने की बात कही। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे तूफान सिंह ने कहा कि 68500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण संबंधी विसंगतियों को लेकर अभ्यर्थी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। उनके मुताबिक, उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने मामले में अभ्यर्थियों के हित में संस्तुति की है, लेकिन इसके बावजूद अब तक उसका प्रभावी अनुपालन नहीं हुआ है।

बैंदवार कला पंचायत भवन में लगा मोबाइल कोर्ट



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रयागराज के कोराव थाना अंतर्गत बैंदवार कला पंचायत भवन में मोबाइल कोर्ट लगा। ग्राम न्यायालय कोराव के दंडाधिकारी अभय दीप विश्वकर्मा ने यहां कई मामलों की सुनवाई कर उनका निपटारा किया। दंडाधिकारी अभय दीप विश्वकर्मा के साथ जगजीवन मौर्य (अर्दली), अवनीश मिश्र (स्टेनो), संजय मौर्य (बाबू), सुनील कुमार पाल (कोर्ट मोहरीर) और हीरामनी (पैरोकार) मौजूद थे। ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश पटेल और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देवराज सहित अन्य स्टाफ ने सहयोग किया। सुरक्षा के लिए कोराव पुलिस से महिला कांस्टेबल और अन्य पुलिस बल तैनात था। यह मोबाइल कोर्ट गांव-गांव जाकर 1998 से लंबित मामलों का निपटारा कर रहा है, जिससे लोगों को सहूलियत मिल रही है। बताया गया कि 3 अक्टूबर 2026 से ग्राम न्यायालय कोराव में इमीडिएशन सेंटर शुरू होगा। यहां घरेलू हिंसा के मामलों में समझौता कराया जाएगा, जिससे लोगों को भागदौड़ से राहत मिलेगी।

कोरांव: प्राथमिक विद्यालय द्वितीय का चेयरमैन ने किया निरीक्षण, कायाकल्प के कार्यों में गुणवत्ता पर दिया जोर



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत कोरांव के चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी ने मंगलवार को नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय का दौरा किया। उन्होंने कायाकल्प योजना के अंतर्गत स्कूल में चल रहे विभिन्न विकास व निर्माण कार्यों का धरातलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि सभी कार्य पूरी पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि नौनिहालों को बेहतर और आधुनिक शैक्षिक माहौल मिल सके। चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी ने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है।

नैनी पुलिस का चेकिंग अभियान, 22 भारी वाहनों का चालान

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। यमुनानगर जोन में नो-एंट्री में भारी वाहनों के प्रवेश और सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नैनी पुलिस ने सोमवार को सघन चेकिंग की। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के निर्देश पर मंगलवार को थाना नैनी टीम ने विभिन्न चौराहों और रीवा हाईवे रोड पर अवैध तरीके से खड़े भारी वाहनों को चेक किया। इस दौरान ख़ुद इदट के तहत चालान की कार्रवाई की गई और चालकों को हिदायत देकर वाहनों को सड़क से हटवाया गया। पुलिस के अनुसार कुल 120 वाहनों की चेकिंग* की गई, जिनमें से 22 वाहनों का चालान किया गया, जबकि 90 वाहनों को हिदायत देकर हटवाया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार थाना नैनी, उ0नि0 योगेन्द्र कुमार (सीसीटीएनएस प्रभारी), हे0का0 जुबैर खान, का0 मोहित कुमार, का0 रामबाबू और का0 वीरेश कुमार शामिल रहे।

बिजली का करंट लगने से 26 वर्षीय युवक की मौत, गांव में मचा कोहराम

सरोजिनी नगर/लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर थाना क्षेत्र के रहीमाबाद गांव में बुधवार सुबह घर से कुछ दूरी पर एक 26 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ मिला, घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान रहीमाबाद निवासी सचिन (26) पुत्र मेड़ी लाल के रूप में हुई है। बुधवार सुबह करीब आठ बजे युवक की करंट लगने से मौत की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में घटनास्थल के आसपास बिजली के तार निकले हुए मिले। पुलिस के मुताबिक, युवक के शरीर पर करंट लगने के निशान प्रतीत हो रहे थे। प्रथम दृष्टया मौत का कारण बिजली का करंट लगना माना जा रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी। पुलिस ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से युवक को सीएचसी सरोजनीनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल पर किसी प्रकार का विवाद या संदिग्ध परिस्थिति सामने नहीं आई है। गांव में शांति व्यवस्था कायम है और मामले की जांच की जा रही है।

विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.जे. चौधुरी की अध्यक्षता में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर मंगलवार को मंडल चिकित्सालय, वाराणसी में हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आर.आर. सिंह, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. कल्पना दूबे सहित मंडल चिकित्सालय के पैरामेडिकल कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. अमरनाथ ने हृदय रोगों की रोकथाम, प्रमुख जोखिम कारकों की पहचान और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप और बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल हृदय रोगों के प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल हैं। इन स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती चरण में कई बार स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण कराना बेहद महत्वपूर्ण है। डॉ. अमरनाथ ने कहा कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार का सेवन, नियमित शारीरिक गतिविधि, तंबाकू और धूम्रपान से दूरी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाना आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया।

बारूदखाना के एसए अपार्टमेंट को जैक का सहारा

150 और जैक लगाए जाएंगे, एलडीए ने बढ़ाई निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। वजीरगंज के बारूदखाना स्थित एसए अपार्टमेंट के भूतल का पिलर क्षतिग्रस्त होने के बाद खाली कराई गई 5 मंजिला इमारत को अब जैक लगाकर अस्थायी सहारा दिया जा रहा है। एलडीए की ओर से बिल्डिंग के अलग-अलग हिस्सों में जैक लगाने के साथ दीवारें बनाकर छत और इमारत को मजबूती देने का काम कराया जा रहा है। मंगलवार तक करीब 50 जैक लगाए जा चुके हैं, जबकि करीब 150 और जैक लगाए जाने हैं। इमारत के चारों तरफ अतिरिक्त पिलर खड़े करने की भी तैयारी है। सोमवार को पिलर क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलते ही एलडीए की टीम मौके पर पहुंची थी। इमारत में कंपन और संरचनात्मक नुकसान को देखते हुए एहतियात के तौर पर अपार्टमेंट खाली करा दिया गया। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक करीब 24 से 25 परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। आसपास के मकानों को भी सुरक्षा के लिहाज से खाली कराया गया था। पुलिस के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी मौके पर पहुंची थीं। मौके पर एलडीए सचिव सुशील प्रताप सिंह, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा और जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर अपार्टमेंट को सील कर दिया गया और आसपास आवाजाही पर भी रोक लगाई गई। यातायात पुलिस ने सुरक्षा के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की है। जांच में सामने आया है कि एसए अपार्टमेंट का नक्शा वर्ष 2009 में स्वीकृत हुआ था। फिलहाल पिलर क्षतिग्रस्त होने के कारणों और भवन की संरचनात्मक स्थिति की जांच की जा रही है। बारिश को संभावित कारणों में माना जा रहा है, लेकिन पिलर को नुकसान पहुंचने की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। इमारत की स्थिति पर लगातार नजर रखने के लिए एलडीए ने अधिकारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई है। ड्यूटी चार्ट के अनुसार प्रभाकर सिंह, जोनल अधिकारी, प्रवर्तन जोन-6 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा रवि नन्दन सिंह, माधवेश कुमार, देवांश त्रिवेदी और मान सिंह जोनल अधिकारियों के रूप में अलग-अलग पालियों में तैनात हैं।फ्इन अधिकारियों के साथ अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सहायक प्रबंधक, व्यवस्थापक और अन्य कर्मचारी भी अलग-अलग शिफ्ट में मौके पर तैनात किए गए हैं। ड्यूटी व्यवस्था के तहत रात से लेकर अगले दिन शाम तक लगातार निगरानी की जा रही है। एलडीए की टीम फिलहाल जैक और अन्य सपोर्ट के जरिए इमारत को अस्थायी मजबूती देने में जुटी है। इसके बाद तकनीकी जांच और विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर भवन के संबंध में आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल अपार्टमेंट में लोगों की आवाजाही बंद है और सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर निगरानी जारी है।

कार्यालय ग्राम पंचायत रुकुनुद्दीनपुर विकास खण्ड हैदरगढ़ बाराबंकी

पत्रांक- मेमो/2026-27 दिनांक -29.09 2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रुकुनुद्दीनपुर विकास खंड हैदरगढ़ में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (बीपीजीरामजी) योजनान्तर्गत इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य, इंटरलाकिंग ईंट, बालू, मौरंग, सीमेंट ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, लोकल बालू, सरिया हेतु सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 30-09-2026 से 10-10-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 11-10-2026 को समय 3.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम व प्रकार	अनुमानित लागत रुपए में	सामग्री
1	ग्राम पंचायत रुकुनुददीनपुर में पक्की रोड से शिव मंदिर तक इन्टरलाकिंग निर्माण	3.40 लाख	इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग-जिग जैग-150 ग्रेड एम-150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी-40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड

आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

प्रशासक, ग्राम पंचायत रुकुनुद्दीनपुर, विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत रुकुनुद्दीनपुर, विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

कार्यालय ग्राम पंचायत बरावां विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक- मेमो/2026-27 दिनांक -29.09 2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरावां विकास खंड हैदरगढ़ में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (बीपीजीरामजी) योजनान्तर्गत इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य, इंटरलाकिंग ईंट, बालू, मौरंग, सीमेंट ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, लोकल बालू, सरिया हेतु सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 30-09-2026 से 07-10-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 08-10-2026 को समय 3.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रुपए में	सामग्री
1	ग्राम पंचायत स्थित पंचायत भवन से गुरुदीन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण (210 मीटर)	997540	इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग-जिग जैग-150 ग्रेड एम-150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी-40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड

आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

प्रशासक, ग्राम पंचायत बरावां, विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत बरावां, विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

सफाई मित्रों को सलाम, मेट्रो में स्वच्छता अभियान

5 अक्टूबर तक श्रमदान, स्वच्छता शपथ और सफाई अभियान समेत होंगे कई आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम द्वारा 29 सितंबर से 5 अक्टूबर 2026 तक स्वच्छता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान लखनऊ, कानपुर और आगरा के मेट्रो स्टेशनों, कार्यालयों तथा परियोजना स्थलों पर स्वच्छता और जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

स्वच्छता सप्ताह के पहले दिन उत्तर प्रदेश मेट्रो की ओर से मेट्रो स्टेशनों पर कार्यरत हाउसकीपिंग कर्मचारियों यानी 'सफाई मित्रों' के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके तहत महिला और पुरुष सफाई मित्रों के लिए अलग-अलग संगीत कुर्सी प्रतियोगिता कराई गई। सफाई मित्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया। इस पहल के माध्यम से उन्हें रोजमर्रा के कार्यों से अलग कुछ समय मनोरंजन और आपसी सहभागिता के लिए मिला।

मेट्रो स्टेशनों को स्वच्छ रखने और यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने में सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे प्रतिदिन यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशनों की साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहते हैं। मनोरंजक प्रतियोगिताओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम ने सफाई मित्रों की मेहनत और योगदान को सम्मान देने के साथ उनका उत्साह बढ़ाने का प्रयास किया।

स्वच्छता सप्ताह के आगामी दिनों में उत्तर प्रदेश मेट्रो के अधिकारी और कर्मचारी मेट्रो स्टेशनों तथा परियोजना स्थलों के आसपास श्रमदान करेंगे। इसके साथ ही स्वच्छता की शपथ, विभागीय स्तर पर सफाई अभियान और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए विशेष वेशभूषा प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। स्वच्छता सप्ताह का समापन 5 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि स्वच्छता हम सभी की साझा जिम्मेदारी है और सुरक्षित, सुविधाजनक तथा बेहतर मेट्रो यात्रा के लिए इसका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि मेट्रो के सफाई मित्र हर दिन स्टेशनों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वच्छता सप्ताह स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी को दोहराने के साथ-साथ उन लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर भी है, जो प्रतिदिन मेट्रो को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में अपना योगदान देते हैं।

ले. जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता को मानद सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ स्थित प्रबुद्ध थिंक टैंक, 'स्ट्राइव इंडिया' ने मध्य कमान मुख्यालय लखनऊ में आयोजित एक समारोह के दौरान जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ , मध्य कमान, ले. जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम को मानद सदस्यता प्रदान की।

यह सम्मान स्ट्राइव इंडिया के अध्यक्ष मेजर जनरल ए के चतुर्वेदी, एवीएसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त) द्वारा भेंट किया गया। मेजर जनरल चतुर्वेदी ने थिंक टैंक को सहयोग देने और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा रणनीतिक मामलों पर सूचित पेशेवर चर्चाओं को निरंतर बढ़ावा देने के लिए ले. जनरल सेनगुप्ता के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर, मेजर जनरल चतुर्वेदी ने सेना कमांडर को स्ट्राइव इंडिया के नवीनतम प्रकाशन, 'यूएस-ईरान वॉर: मिथ एंड रियलिटी' की एक प्रति भी भेंट की, जिसका संपादन स्वयं मेजर जनरल चतुर्वेदी ने किया है। एपीपी द्वारा मुद्रित और यूनिवर्सल बुक सेलर्स द्वारा वितरित यह दस-अध्याय वाला ग्रंथ समकालीन संघर्ष का एक व्यापक और बहुआयामी विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

प्रकाशन के प्रमुख निष्कर्षों में शामिल हैं- हार्ड पावर की सीमाएं: सैन्य श्रेष्ठता, उच्च तकनीक वाले हथियार और वित्तीय ताकत अकेले किसी संकल्पित विरोधी पर निर्णायक राजनीतिक परिणाम थोपने के लिए अक्सर अपर्याप्त होते हैं।

राष्ट्रीय सहनशीलता (रेजिलियंस): यह संघर्ष राष्ट्रीय सहनशक्ति, सामाजिक इच्छाशक्ति और दीर्घकालिक प्रतिरोध बनाए रखने की क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

व्यापक राष्ट्रीय शक्ति (कॉमप्रिहेंसिव नेशनल पावर): युद्ध के मैदान में प्रदर्शन से गहराई से प्रभावित होता है। भारत के लिए रणनीतिक प्रासंगिकता: सैन्य विशेषज्ञों, राजनयिकों और विद्वानों के दृष्टिकोण को एक साथ लाकर, यह पुस्तक भारत की सुरक्षा तैयारियों के लिए प्रासंगिक प्रमुख परिचालन और रणनीतिक सबक प्रदान करती है–विशेष रूप से पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं की चुनौतियों या संभावित बहु-मोर्चे के तनावों के संबंध में। पुस्तक भेंट के बाद भारत द्वारा सामना की जा रही रणनीतिक चुनौतियों और भविष्य के संघर्षों के लिए तैयार रहने हेतु सशस्त्र बलों द्वारा अपनाई जाने वाली रणनीति पर एक उच्चस्तरीय चर्चा हुई। चर्चा मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर केंद्रित थी - सैन्य अभियानों में क्षेत्रीय भू-राजनीति, प्रॉक्सी बलों, समुद्री क्षेत्र पर नियंत्रण और आर्थिक कमजोरियों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वायत्त हथियार प्रणालियों का बढ़ता उपयोग।

काकोरी में चोरों का धावा, लाखों के जेवरात व 20 हजार नकदी पर किया हाथ साफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में सोमवार देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये कीमत के सोने के जेवरात और 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और कमरे का ताला तोड़ने के बाद अलमारी के लॉकर को भी निशाना बनाया।

वारदात के बाद फरार होते समय एक संदिग्ध व्यक्ति गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। महमूदपुर (माटीपुर) निवासी संदीप यादव पुत्र रामशंकर यादव ने काकोरी थाने में दी तहरीर में बताया कि सोमवार देर रात अज्ञात चोर छत के रास्ते उनके घर में दाखिल हुए। इसके बाद बंद कमरे का ताला तोड़कर अंदर पहुंचे और अलमारी के लॉकर को तोड़ दिया।पीड़ित के अनुसार, चोर लॉकर में रखी सोने की दो चेन, एक सोने का हार, एक सोने का बाला और 20 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर घर में हड़कंप मच गया और घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। घटना के बाद घर से निकलते समय एक संदिग्ध गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस संदिग्ध की पहचान करने के साथ ही उसके आने-जाने के रास्ते की जानकारी जुटा रही है। आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। सूचना पर काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित से जानकारी ली। पुलिस का कहना है। कि उपलब्ध साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी है। और जल्द घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

ट्रेन से मोबाइल चोरी कर भाग रहा था युवक, दो फोन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। महानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बादशाहनगर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात गश्त के दौरान पुलिस टीम ने ट्रेन से मोबाइल चोरी कर भाग रहे एक संदिग्ध को पकड़ लिया। उसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी और दोनों मोबाइल जीआरपी के सुपुर्द कर दिए।जानकारी के मुताबिक, रात करीब दो बजे उपनिरीक्षक आर्यन शर्मा और उपनिरीक्षक राजबरन यादव पुलिस टीम के साथ स्टेशन पर गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान एक संदिग्ध युवक ट्रेन से मोबाइल चोरी कर भागता दिखाई दिया। टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो मोबाइल बरामद हुए।पुलिस ने आरोपी और बरामद मोबाइल जीआरपी के हवाले कर दिए। बुधवार सुबह पुलिस ने दोनों मोबाइल के स्वामियों को बुलाकर उनके फोन सुपुर्द कर दिए। मोबाइल वापस मिलने पर स्वामियों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की। कार्रवाई में कांस्टेबल आलोक, दिव्यपाल, नमन और वीरेंद्र भी शामिल रहे।

एआई युवा पीढ़ी की सोच पर प्रहार है या वरदान, विद्यार्थियों ने रखे विचार

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नेचुरल टच वेलफ़ेयर सोसाइटी और श्री जय नारायण मिश्र पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज (केकेसी) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'क्या एआई युवा पीढ़ी की सोच पर प्रहार है?' रहा।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युवा पीढ़ी की सोच, रचनात्मकता और भविष्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। विद्यार्थियों ने तर्क और उदाहरणों के माध्यम से विषय के विभिन्न पहलुओं को सामने रखा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल और आत्मविश्वास विकसित करने के साथ समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।प्रतियोगिता में स्वच्छम सिंह ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। डैनज़ेल ऑस्कर सिंह और अंकिता सिंह संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें रजत पदक प्रदान किया गया। श्रद्धा पांडे ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया।कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष स्मृति शर्मा और सचिव प्रदीप शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. अलका शर्मा और प्रो. गिरिजेश त्रिपाठी ने किया।

बेसहारा बुजुर्ग महिला की मदद को पहुंची मड़ियांव पुलिस

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मड़ियांव थाना क्षेत्र में सोमवार को बेसहारा बुजुर्ग महिला की हालत बिगड़ने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। राम-राम बैंक चौकी क्षेत्र में महिला गंभीर हालत में मिली। उसकी सांसें चल रही थीं और वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थी।सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के निर्देशन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र चौधरी, उपनिरीक्षक अरविंद यादव और हेड कांस्टेबल गौरव सिंह ने बिना देर किए महिला को अस्पताल पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से महिला की जान बच सकी।
पुलिस के मुताबिक, बुजुर्ग महिला झाड़ू-पोछा कर अपना जीवन यापन करती है और उसके साथ उस समय कोई मौजूद नहीं था। पुलिसकर्मियों ने मानवीय पहल करते हुए तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया और इलाज शुरू कराया।पुलिस की तत्परता से महिला को समय पर उपचार मिल सका। स्थानीय लोगों ने भी पुलिसकर्मियों के इस प्रयास की सराहना की।

बंथरा में 50 वर्षीय ट्रक चालक की संदिग्ध हालत में मौत

बंथरा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में मंगलवार को 50 वर्षीय एक ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के सागर जिले के सीहोर निवासी कुंदन सिंह लोधी ट्रक द्वारा पान मसाला लेकर लखनऊ आ रहे थे, और जब मंगलवार सबह कानपुर रोड स्थित आजाद गेस्ट हाउस के पास पहुंचे तो नाश्ता करने के बाद शुगर की दवा खाई इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। क्लीनर महेंद्र सिंह लोधी उन्हें सरोजनीनगर सीएचसी ले गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।

नहर में मिला 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आशियाना थाना क्षेत्र में कासा ग्रीन चौराहे के पास मंगलवार को नहर में करीब 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव दिखाई देने पर स्थानीय निवासी मुकुट मणि ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद 112 पर भी सूचना दी गई।मौके पर पहुंची आशियाना पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार शव करीब दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

12 घंटे में टुल्लू पंप चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासनगर पुलिस ने टुल्लू पंप चोरी की घटना का 12 घंटे में खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी किया गया टुल्लू पंप बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान सीतापुर निवासी समर सिंह वर्मा (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सचिवालय कॉलोनी, सेक्टर-डी, अकिलापुर में टुल्लू पंप चोरी होने की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी में शामिल आरोपी जानकीपुरम क्षेत्र में आईकान अस्पताल के पीछे पार्क में बैठा है।सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रात करीब 3:10 बजे समर सिंह वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से लाल-नीले रंग का क्रॉम्पटन कंपनी का टुल्लू पंप बरामद हुआ। शिकायतकर्ता ने पंप की पहचान चोरी हुए पंप के रूप में की।पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लालच और नशे के लिए रुपये जुटाने की नीयत से चोरी करता था। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, आनंद कुमार यादव, गोरेलाल, मुख्य आरक्षी अनुज कुमार, आरक्षी संदीप कुमार और रघुवीर शामिल रहे।

किसान पथ पर कार सवार बदमाशों ने स्वास्थ्यकर्मी को लूटा

चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट के किसान पथ पर कार सवार बदमाशों ने बाराबंकी में नौकरी करने वाले एक स्वास्थ्यकर्मी को ओवरटेक कर रोक लिया और असलहा दिखाकर उसका बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़ित के बैग में लैपटॉप समेत स्वास्थ्य जांच से जुड़ी मशीन, डायरी और अन्य महत्वपूर्ण कागजात रखे थे। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक भगवती प्रसाद पुत्र रामस्वरूप, निवासी देवा, बाराबंकी में नौकरी करते हैं। वह ड्यूटी करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। किसान पथ पर शाम करीब पांच बजे कार सवार कुछ बदमाशों ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उनके ऊपर असलहा तान दिया और बैग छीनकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक बैग में लैपटॉप, हेल्थ चेकअप मशीन, डायरी समेत कई महत्वपूर्ण कागजात रखे थे। अचानक हुई घटना से वह काफी घबरा गए। बदमाशों के फरार होने के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी हुए पुरस्कृत

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजभाषा हिंदी के उत्थान, प्रचार-प्रसार एवं इसके अधिकाधिक प्रयोग हेतु अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन करने हेतु भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान ने लखनऊ में राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। इस वर्ष संस्थान में मनाये जाने वाले राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 14.09.26 से दिनांक 29.09.26 की अवधि में राजभाषा सम्बन्धी अनेक गतिविधियों एवं कार्यकलापों को साथ ही हिंदी भाषा से सम्बंधित अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं एवं विविध कार्यक्रमों को अत्यंत सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमे संस्थान के सभी संकाय सदस्य, प्रशिक्षु अधिकारीगण एवं कर्मचारी अति उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए।

बजरंग चौराहे पर सफाई व्यवस्था ध्वस्त

❐ दावों की खुली पोल, कागजों पर सफाई जमीनी हकीकत बदहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को 'स्मार्ट और क्लीन सिटी' बनाने के नगर निगम के तमाम दावे धरातल पर पूरी तरह हवा हवाई साबित हो रहे हैं। शहीद भगत सिंह वार्ड 2 के मुख्य चौराहे से लेकर कालोनी की गलियों तक में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों से उठती बदबू और सड़ती गंदगी के कारण स्थानीय नागरिकों का जीना मुहाल हो गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

नगर निगम प्रशासन रोजाना लाखों रुपये खर्च कर शहर को चमकाने का दावा करता है, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सफाईकर्मी नियमित रूप से नहीं आ रहे हैं। हाल ही में सामने आए मामलों के अनुसार, सफाईकर्मियों के पास बुनियादी संसाधनों की भारी कमी है। कर्मचारी जर्जर और टूटी हाथगाड़ियों से कूड़ा उठाने पर मजबूर हैं, जिससे काम की गति प्रभावित हो रही है और अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

बच्चों ने रंगों से सजाया भारत का सपना, पांच होनहारों को मिला मेडल

❐ गौरा के बेसिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय 'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को मोहनलालगंज ब्लॉक के गौरा स्थित बेसिक विद्यालय में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर ब्लॉक स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगों के माध्यम से विकसित, स्वच्छ, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत की अपनी कल्पना को कागज पर जीवंत रूप दिया। आकर्षक और संदेशपरक चित्रों के जरिए विद्यार्थियों ने देश के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अपने सपनों और विचारों को खूबसूरती से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं अन्य प्रतिभागी विद्यार्थियों को भी प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सभी विजेताओं को खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार ने प्रमाणपत्र प्रदान किए।

शिक्षकों ने कहा कि इस तरह की रचनात्मक प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ उनमें देश के प्रति सकारात्मक सोच, रचनात्मकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

चार माह से गंदे पानी में डूबा रास्ता, बदबू और मच्छरों से ग्रामीण बेहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ। मोहनलालगंज विकासखंड क्षेत्र के निगोहां स्थित रघुनाथखेड़ा के मजरा बाबूखेड़ा गांव में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। गांव के बीच रास्ते पर करीब चार माह से बारिश और नालियों का दूषित पानी जमा होने से ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों को मजबूरी में गंदे और बदबूदार पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण अब उसमें तेज दुर्गंध उठ रही है और बड़ी संख्या में मच्छर पनप रहे हैं। जलभराव वाले रास्ते से छोटे बच्चों की भी आवाजाही होती है, जिससे ग्रामीणों को बीमारियां फैलने की आशंका सता रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जलभराव और गंदगी के कारण गांव का यह रास्ता परेशानी का सबब बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक, समस्या को लेकर कई बार ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान से शिकायत की गई, लेकिन करीब चार माह बीतने के बावजूद जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से जल्द जलनिकासी की व्यवस्था कर रास्ते को साफ कराने की मांग की है। वहीं ग्राम सचिव सुप्रिया गौतम ने बताया कि जलभराव की समस्या को लेकर प्रधान प्रतिनिधि से बातचीत कर जल्द जलनिकासी की व्यवस्था कराने का प्रयास किया जाएगा।

मोहनलालगंज के खंड विकास अधिकारी शिव कुमार ने बताया कि बाबूखेड़ा में जलभराव की समस्या की जानकारी लेकर संबंधित कर्मचारियों को मौके पर भेजकर स्थिति का जायजा कराया जाएगा। ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से समन्वय कर जलनिकासी की व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को जलभराव और गंदे पानी से राहत मिल सके।

बीबीएयू में रक्तदान शिविर आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग के सहयोग से विश्व हृदय दिवस एवं आगामी राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के दिशा-निर्देशन में आयोजित हुआ।

शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में रक्तदान की आवश्यकता एवं इसके महत्व का संदेश प्रसारित करना रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास श्रीवास्तव एवं अन्य चिकित्सकों की टीम उपस्थित रही। रक्तदान शिविर में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विशेष रूप से छात्राओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान करते हुए सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना का परिचय दिया। प्रतिभागियों ने स्वैच्छिक रक्तदान को जरूरतमंद लोगों के जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान बताते हुए अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग की टीम द्वारा रक्तदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया तथा रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय सावधानियों का ध्यान रखा गया। शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला। विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र एवं संबंधित टीम द्वारा शिविर के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर आयोजित इस पहल के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा सामाजिक सहभागिता का संदेश भी दिया गया। वहीं, 1 अक्टूबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के मद्देनजर आयोजित इस शिविर ने स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया।

जिलाधिकारी ने शास्त्री नगर, नई बस्ती एवं लोनियन पुरवा का किया स्थलीय निरीक्षण

❒ बाढ़ प्रभावित लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। सराय नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने आज शास्त्री नगर, नई बस्ती एवं लोनियन पुरवा का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जलभराव में फंसे लोगों को तत्काल रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पीएसी बटालियन को सक्रिय रहकर रेस्क्यू अभियान संचालित करने तथा आवश्यकता के अनुसार नावों की संख्या बढ़ाकर सभी प्रभावित लोगों को शीघ्र सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही, क्षेत्राधिकारी को रात्रि में मोबाइल पेट्रोलिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा बनाए गए रैन बसेरों एवं बाढ़ राहत आश्रय स्थलों में प्रभावित लोगों के ठहरने, भोजन, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें प्रशासन द्वारा बनाए गए रैन बसेरों में जाने की अपील की। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

कांग्रेस का मुख्य निर्वाचन आयुक्त को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता 'मुन्ना' के नेतृत्व में पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए। जहां एक जनसभा का आयोजन हुआ। इसके बाद पार्टी के पदाधिकारियों ने पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष इरफान खान को ज्ञानेश कुमार का मुखौटा पहनाकर हाथों में जंजीर बांधी और जंजीर को खींचते हुए ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार करो आदि नारों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रदर्शनकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट को मौखिक रूप से ज्ञापन देकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चैधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेगी। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के रवैये से चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शाहजहांपुर की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ता इस लोकतंत्र विरोधी रवैये को बर्दाश्त नहीं करेंगे। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा लोकतंत्र को कुचलने की कोशिशों के खिलाफ पूरा जिला एकजुट है। सभी ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े और गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान अल्प संख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां, धर्मेंद्र दीक्षित, दिनेश कुमार एडवोकेट, अनूप वर्मा, तनवीर सफदर, अनस इकबाल, रामजी अवस्थी, अर्चना कटारिया, बिंदेश्वरी राज, सईद अंसारी, इरशाद खान, गंगाराम कठेरिया, रोहित कनौजिया, जाने आलम, अदीब अहमद, सैय्यद तनवीर, तालिब खान, आशीष तिवारी, अजय पाठक आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

सील क्लिनिक फिर गुलजार! बांकेगंज में कथित झोलाछाप के इलाज पर उठे सवाल

❒ तीन साल पहले सीज हुई बताई जा रही जगह पर फिर मरीजों की आवाजाही का दावा, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई और अनुमति पर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बांकेगंज खीरी। बांकेगंज क्षेत्र में एक कथित झोलाछाप चिकित्सक के यहां दोबारा चिकित्सा गतिविधियां संचालित होने के आरोप ने स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय स्तर पर दावा किया जा रहा है कि जिस क्लिनिक को करीब तीन वर्ष पूर्व सीज किया गया था, उसी स्थान पर अब दोबारा मरीजों को देखने और उपचार किए जाने की गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

मामले ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर क्लिनिक सीज हुआ था तो आखिर सील कब और किसके आदेश पर खुली? क्या स्वास्थ्य विभाग ने दोबारा संचालन की अनुमति दी? क्या संस्थान के दस्तावेज, चिकित्सकीय योग्यता और पंजीकरण की दोबारा जांच की गई? या फिर सीलिंग की कार्रवाई के बाद मामला फाइलों में ही दबकर रह गया? स्थानीय लोगों के बीच सबसे ज्यादा चर्चा इसी बात को लेकर है कि सीज किए गए बताए जा रहे क्लिनिक में फिर से चिकित्सा गतिविधियां किस आधार पर शुरू हुईं। यदि विभाग ने किसी प्रक्रिया के तहत सील हटाई है तो उसकी जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए, वहीं यदि बिना अनुमति के संचालन हो रहा है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई का सवाल भी उठता है।

मामले में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। क्या विभागीय टीम ने सील किए गए क्लिनिक का दोबारा निरीक्षण किया? क्या वहां मरीजों के उपचार से संबंधित व्यवस्थाओं की जांच हुई? इन सवालों का जवाब सामने आना जरूरी है। कथित झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा उपचार किए जाने को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में यदि बिना आवश्यक चिकित्सकीय योग्यता अथवा वैध अनुमति के कोई व्यक्ति मरीजों का उपचार कर रहा है, तो यह सीधे तौर पर मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा मामला बन जाता है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

वहीं, वायरल चर्चाओं और स्थानीय आरोपों में अवैध वसूली अथवा किसी तरह के 'लिफाफे के खेल' जैसी बातें भी कही जा रही हैं, लेकिन इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए इन दावों की सत्यता जांच का विषय है। स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

स्थानीय स्तर पर कथित चिकित्सक द्वारा मरीजों को दवाएं और इलाज उपलब्ध कराने की चर्चा के बीच यह भी मांग उठ रही है कि विभाग यह जांच करे कि वहां कौन उपचार कर रहा है, उसकी चिकित्सकीय योग्यता क्या है, कौन-कौन सी दवाएं दी जा रही हैं और क्लिनिक के पास आवश्यक पंजीकरण एवं अनुमति मौजूद है या नहीं। अब नजर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर है। यदि क्लिनिक का संचालन वैध अनुमति के तहत हो रहा है तो विभाग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और यदि बिना अनुमति चिकित्सा गतिविधियां संचालित पाई जाती हैं तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है-करीब तीन साल पहले सीज किए गए बताए जा रहे क्लिनिक में दोबारा इलाज शुरू हुआ तो आखिर सील किसने खोली और किस अनुमति के आधार पर? इस सवाल का जवाब जांच के बाद ही सामने आएगा।

पोषण से स्वस्थ भविष्य की ओर कदमः दिस्तापुर में मनाया गया 9वां राष्ट्रीय पोषण माह

❒ मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ, महिलाओं को पुष्टाहार और पोषण के प्रति किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिपरिया धनी खीरी। रेहरिया क्षेत्र के ग्रंट साहबगंज के मजरा गांव दिस्तापुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को 9वें राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और परिवारों को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं ग्राम प्रधान सुदेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजिका एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता सिंह ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद सुपरवाइजर मोनिका शुक्ला ने महिलाओं को पुष्टाहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों और महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार को जरूरी बताते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे पुष्टाहार का नियमित उपयोग करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देकर कुपोषण की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी पोषण संबंधी जानकारी साझा की और ग्रामीण महिलाओं से बच्चों के स्वास्थ्य एवं खान-पान को लेकर जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना देवी, विमला देवी, ममता देवी, कांति देवी और तारावती समेत भाजपा जिला मंत्री राम भरोसे वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, समाजसेवी अमरजीत सिंह, कश्मीर सिंह, नीतू सिंह, सूरज गुप्ता, प्रदीप कश्यप, विनय कश्यप, भूरे सिंह चौहान, बलराम गुरुदास महाराज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

❒ बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा व ऋण माफ करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा और उनका ऋण माफ करने की मांग की है। भेजे गए पत्र में कहा गया कि विगत दिनों क्षेत्र में हुई अचानक भारी वर्षा, ओलावृष्टि एवं तेज आंधी-तूफान के कारण जनपद के किसानों की तैयार फसलें पूरी तरह सं बर्बाद हो गई हैं।

इससे किसान न केवल आर्थिक रूप से टूट चुका है, बल्कि उस पर बैंक ऋण, साहूकारों का कर्ज तथा अगली फसल की बुआई का भारी आर्थिक बोझ आ गया है, अगर समय रहते किसानों को समुचित सहायता नहीं मिली, तो भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। मांग की गई कि राजस्व, कृषि एवं बीमा विभाग की संयुक्त टीमों को निर्देशित कर जिले के प्रत्येक प्रभावित गांव में सर्वे कराकर फसल नुकसान का सही आकलन कराया जाए और प्रभावित किसानों को आपदा राहत/मुआवजा राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जाए। साथ ही जिन किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीकरण है, उन्हें बिना किसी जटिल प्रक्रिया के बीमा कंपनियों से त्वरित भुगतान दिलाया जाए। इसके अलावा किसानों के केसीसी व अन्य कृषि ऋणों की वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए तथा इस वर्ष का ब्याज माफ किया जाए। कहा गया कि आगामी बुआई हेतु किसानों को निःशुल्क अथवा रियायती दरों पर उन्नत बीज, खाद व कीटनाशक उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जाए।

जिला कारागार का औचक निरीक्षण, बंदियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की ली जानकारी

❒ भोजन की गुणवत्ता जांची, पेंशन समस्याओं के समाधान के लिए कैंप लगाने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिला कारागार खीरी का मंगलवार को जनपद न्यायाधीश शिव कुमार सिंह ने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एडीएम (न्यायिक) बृजपाल सिंह एवं एएसपी के साथ औचक निरीक्षण किया। टीम ने कारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ बंदियों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

जनपद न्यायाधीश ने बंदियों से बातचीत के दौरान उनके विधिक प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली और पूछा कि उनके पास अधिवक्ता नियुक्त हैं या नहीं। बंदियों ने बताया कि उनके प्रकरणों में अधिवक्ता नियुक्त हैं। इसके बाद संयुक्त टीम ने कारागार में तैयार कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की, जो संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा संबंधित अभिलेखों का भी अवलोकन किया। जनपद न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बंदियों तक पहुंचाई जाए। इसके लिए बंदियों के बैच बनाकर उन्हें योजनाओं के संबंध में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जनपद न्यायाधीश ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला कारागार में विशेष कैंप आयोजित कर बंदियों की पेंशन से संबंधित समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। वहीं, जिला उद्योग केंद्र को निर्देशित किया कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में इच्छुक एवं पात्र बंदियों के बैच तैयार कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ा जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार की व्यवस्थाओं को नियमानुसार बनाए रखने तथा बंदियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

संस्थापक दिवस कार्यक्रम संपन्न



बिसवां , सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज में महामना सेठ जय दयाल जी की जन्म जयंती संस्थापक दिवस के रुप में मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन तथा संस्था के संस्थापक सेठ जय दयाल जी व सेठ जय दयाल ट्रस्ट व विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ मेहरोत्रा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। संस्था के प्रबंधक व वरिष्ठ राजनीतिज्ञ महेश चन्द्र मेहरोत्रा बबुआ जी ने कहा कि संस्थापक सेठ जय दयाल जी ने सन् 1894 में इस विद्यालय की स्थापना इस उद्देश्य से की थी कि क्षेत्र में शिक्षा का विकास हो ,उनका उद्देश्य इतना पूर्ण हुआ कि जनपद के गांधी कहे जाने वाले राजनीतिज्ञ जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल जगन बाबू ,व इतिहासज्ञ डॉ आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव सहित न जाने कितने डॉ वैज्ञानिक, इंजीनियर, शिक्षाविद् पैदा किये जिन्होनें देश ही नहीं विदेश में भी इस विद्यालय का नाम रोशन किया। ये विद्यालय आज 132 वर्ष पूर्ण कर चुका है ।ये जनपद का प्राचीनतम विद्यालय रहा है जिसका अति स्वर्णिम इतिहास है ,जिसे अंग्रेजी स्कूल के नाम से भी जाना जाता था जहां उस काल में हॉस्टल की भी व्यवस्था थी। हवन का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ जिसमें यजमान के रुप में विद्यालय के उपप्रबंधक अशोक कुमार गुप्त व पुरोहित गायत्री शक्ति पीठ बिसवां के परिव्राजक रामसागर रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र , दुर्गा प्रसाद ,, विशाल सक्सेना,शैलजा श्रीवास्तव, दिनेश कुमार,श्रीकांत,नीरज द्विवेदी,सुधीर सिंह, अरुण कुमार,डॉ सत्यपाल,विजय कुमार, दिनेश कुमार , जनेश कुमार, चंद्रसेन,सरिता यादव ,पृथ्वी पाल, ,आनंद कुमार खत्री, महेश मौर्य, कपिल वर्मा , रीता मिश्रा,रमेश कुमार,रवीन्द्र कुमार,अनुपम श्रीवास्तव ,रामसहारे रवीन्द्र वर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

एमएलसी चुनाव को लेकर कंट्रोल रूम स्थापित, शिकायतों पर होगी त्वरित कार्रवाई

लखीमपुर खीरी,कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद कंट्रोल रूम के माध्यम से निर्वाचन संबंधी सूचनाओं और शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लिया जाएगा। कंट्रोल रूम में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन, निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली गतिविधियों, बिना अनुमति प्रचार-प्रसार, पोस्टर-बैनर अथवा अन्य प्रचार सामग्री लगाए जाने की सूचना दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार के प्रलोभन, अनुचित प्रभाव या अन्य अनियमितता तथा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं से जुड़ी शिकायतें भी यहां दी जा सकेंगी। जिला प्रशासन की ओर से संबंधित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने और प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, जनपद खीरी अंजनी कुमार सिंह ने आमजन एवं सभी संबंधित व्यक्तियों से अपील की है कि एमएलसी निर्वाचन से जुड़ी किसी भी सूचना या शिकायत को तत्काल जिला कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 05872-271127 पर उपलब्ध कराएं, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग मिल सके।

डग्गामार वाहनों के विरोध में बस यूनियन की अनिश्चितकालीन हड़ताल, यात्री परेशान

❒ बस मालिकों के मुताबिक यात्रियों की संख्या लगातार कम होने से बसों की दैनिक आय प्रभावित हो रही है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया लखीमपुर खीरी। पलिया कोतवाली क्षेत्र में डग्गामार वाहनों के बढ़ते संचालन के विरोध में निजी बस संचालकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। बस यूनियन का आरोप है कि टैक्सी और अन्य छोटे वाहनों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर सवारियां ढोने से निजी बस संचालकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

बस मालिकों के मुताबिक यात्रियों की संख्या लगातार कम होने से बसों की दैनिक आय प्रभावित हो रही है। ऐसे में डीजल, चालक-परिचालक का खर्च और वाहनों के रखरखाव का खर्च निकालना भी मुश्किल हो गया है। यूनियन का कहना है कि डग्गामार वाहनों के संचालन को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई और ज्ञापन भी सौंपे गए, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में बस संचालकों ने अपनी बसों का चक्का जाम कर अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है। यूनियन की ओर से परिवहन विभाग और एसपी लखीमपुर खीरी को भी ज्ञापन सौंपकर डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। बस यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो 30 सितंबर तक सभी बसों के कागजात परिवहन विभाग में सरेंडर कर दिए जाएंगे। यूनियन का कहना है कि उनका उद्देश्य यात्रियों को परेशान करना नहीं, बल्कि नियमों के विपरीत संचालित हो रहे वाहनों पर कार्रवाई सुनिश्चित कराना है। इधर निजी बसों के पहिए थमने से आम यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पलिया डिपो और स्थानीय मार्गों पर रोडवेज बसों की संख्या सीमित होने के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों, स्कूली बच्चों, कर्मचारियों और व्यापारियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस यूनियन की हड़ताल के चलते क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। अब देखना होगा कि प्रशासन और परिवहन विभाग बस संचालकों की मांगों पर क्या कदम उठाते हैं और डग्गामार वाहनों के संचालन को लेकर क्या कार्रवाई की जाती है।

दहेज हत्यारोपी 02 अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने दहेज हत्या के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

27 सितम्बर को एक महिला ने थाना सदर बाजार पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि उसने अपनी पुत्री की शादी सदर थाना क्षेत्र के मोहल्ला तिलहर जई निवासी पवन शर्मा से की थी। पुत्री के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में एक प्लाट, एक सोने की चेन की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसकी पुत्री की हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पवन शर्मा और उसके पिता रामकुमार समेत 07 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और उनकी तलाश शुरू की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियोग में वांछित अभियुक्त रामकुमार और पवन कुमार को मोहल्ला मदराखेल गुमटी से गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों अभियुक्त मूल रूप से थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव बबक्करपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक अक्षय कुमार के साथ कांस्टेबल विशु तोमर और रामगोपाल मौजूद रहे।

मारपीट व फायरिंग का आरोपी तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार

शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मदनापुर पुलिस ने मारपीट व फायरिंग के अभियोग में वांछित दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने तमंचा-कारतूस भी बरामद किया है। सोमवार को थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव बुधवाना निवासी सुरेन्द्र गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि इसी थाना क्षेत्र के गांव जिराऊ निवासी गुरूपाल यादव और थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव उमरसड़िया निवासी सत्यवीर यादव को उसके भतीजे अमरदीप गुप्ता ने शराब पीने से मना किया। जिस पर उक्त दोनों ने भतीजे से गाली-गलौज एवं मारपीट की। इसके बाद दोनों आरोपी उसके घर पर आए और जान से मारने की नीयत से उस पर फायर किया। बीच-बचाव करने आए सौरभ गुप्ता एवं शिवम गुप्ता को भी चोटें आईं तथा दोनो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सुरेन्द्र की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। बीती रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम जिराऊ की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से अभियुक्त गुरुपाल यादव को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा और कारतूस बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्त पर पूर्व में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त गुरुपाल यादव के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना मदनापुर के प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह के साथ उपनिरीक्षक लालबहादुर सिंह, सुभाष चन्द्र आदि मौजूद रहे।

आज जनपद में आएगी बडनगर से वाराणसी यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ जिलाधिकारी अवनीश राय ने उक्त यात्रा के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन तथा जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है

बदायूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षो के निरंतर सेवाकाल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत 2047 के सामुहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के लिए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जाने वाले सेवा संकल्प अभियान की श्रंखला में 30 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2026 तक जनपद में बडनगर से वाराणसी यात्रा कार्यक्रम निर्धारित करते हुए विभिन्न स्थानों के प्रभारी अधिकारी नामित किए गए हैं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने उक्त यात्रा के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन तथा जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है।

निर्देश दिए कि उक्त यात्रा को अपनी देखरेख में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रम के फोटोग्राफ तथा वीडियो को अपलोड कर उसके लिंक जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय में भेजने के निर्देश दिए हैं। यात्रा का रूट निर्धारित-जनपद में बडनगर से वाराणसी यात्रा का रूट निर्धारित किया गया है। पहली यात्रा 30 सितम्बर को सांय 04 बजे बिसौली स्थित ओरछी चौराहे, 04:30 बजे फैजगंज एवं सायः 05:30 बजे मुडिया में यात्रा का स्वागत होगा। एमजी ग्रीन रिजॉर्ट मुडिया में यात्रा रात्रि विश्राम करेंगी तथा 01 अक्टूबर को प्रातः 07:30 बजे मुडिया में स्वच्छता अभियान के बाद बिसौली के तिरंगा चौक पर प्रातः 09:00 बजे, प्रातः 09:30 बजे वजीरगंज, प्रातः 11:00 बजे पापड़ (दातागंज) में यात्रा का स्वागत होगा। दोपहर 12:00 बजे शिव पैलेस में भोजन के पश्चात दोपहर 12:30 बजे दातागंज के बेला डांडी, दोपहर 02 बजे दहगवां, दोपहर 03 बजे सहसवान में स्वागत तथा दोपहर 03:30 बजे ग्राम मुजरिया में वृक्षारोपण व सभा का कार्यक्रम होगा। दूसरी यात्रा 30 सितम्बर को सांय 06 बजे उझानी के ज्ञान रिसोर्ट पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगी। 01 अक्टूबर को प्रातः 09:15 बजे केशव चौक, बदायूँ में यात्रा का स्वागत होगा। प्रातः 10:00 बजे जगत ब्लॉक इस्लामगंज में पंचायत भवन में चौपाल कार्यक्रम के पश्चात प्रातः 11:30 बजे अलापुर, प्रातः 11:50 बजे म्याऊँ, दोपहर 12:10 बजे नवीगंज तथा दोपहर 12:30 बजे हजरतपुर में यात्रा का स्वागत कार्यक्रम होगा।

किसान नवीनतम तकनीकी अपनाकर उठाएं अधिक लाभ

बदायूँ। प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ रेज्डियू एवं त्वरित मक्का विकास योजनान्तर्गत किसान मेले का आयोजन मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सत्यवती मैमोरियल इण्टर कालेज ढिलवारी दातागंज में मा0 सभापति प्रतिनिहित विधायन समिति उ0प्र0 एवं दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा उपस्थित कृषकों को कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारियां तथा पराली जलाने से होने वाले दुष्परिणामों एवं फसल अवशेष प्रबंधन के विषय में जागरूक किया। सहायक प्रबन्धक इफ्को द्वारा जनपद में इफ्को केन्द्रो पर डी0ए0पी0 की उपलब्धता तथा नैनो यूरिया एवं नैनो डी0ए0पी0 के उपयोग के विषय में विस्तार से अवगत कराया। मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के प्रभारी द्वारा कृषकों को मृदा की जांच के समबंध में अवगत कराया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया। उप कृषि निदेशक द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, यन्त्रों की बुकिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया। सभापति राजीव कुमार सिंह द्वारा प्रदेश सरकार तथा भारत सरकार द्वारा कृषकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के सन्दर्भ में कृषकों को अवगत कराया। कार्यक्रम में पराली प्रबन्धन से सम्बन्धित यन्त्रों के लाभार्थियो को सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम स्थल पर कृषकों को निःशुल्क बीज मिनीकिटों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में निजी तथा राजकीय संस्थाओं द्वारा स्टॉलों का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के मनोज कुमार, अमित कुमार, प्रदीप कुमार, बलविन्दर सिंह तथा प्रताप सिंह का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विनोद कुमार उप जिलाधिकारी दातागंज, मनोज कुमार उप कृषि निदेशक, मनोज रावत जिला कृषि अधिकारी, विवेक गौरव परियोजना निदेशक यू0पी0 डॉस्प, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र दातागंज एवं जनपद के दूरदराज से आये कृषक उपस्थित रहे।

उमंग एक पहचान में प्रतिभाओं को मिला सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ विजयी प्रतिभागियों को दी गई 1,20,500 रुपए की प्रोत्साहन राशि

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की पहल पर 'उमंग एक पहचान' कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच आयोजित शैक्षिक एवं जीवन कौशल आधारित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विजेता प्रतिभागियों के साथ उनके अध्यापकों एवं अभिभावकों को भी फूलमाला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र, उपहार एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मंगलवार को डायट स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, एमएलसी बागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक एवं मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। केजीबीबी जगत की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि मुख्य विकास अधिकारी की पहल पर जनपद के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों में बच्चों की प्रतिभा को निखारने तथा उनमें जीवन कौशल विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न कक्षा स्तरों पर शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय स्तर से लेकर जनपद स्तर तक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं 07 से 11 सितम्बर तक, ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताएं 18 सितम्बर तथा ब्लॉक से विजयी बच्चों की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं 23 सितम्बर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बदायूँ में आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में प्राथमिक स्तर पर कहानी सुनाओ, अंग्रेजी डिक्टेशन, सामान्य ज्ञान आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जबकि उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण, वाद-विवाद, अंग्रेजी डिक्टेशन, सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं।

कक्षा 01 से 03 तक के छात्र-छात्राओं को ब्लॉक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व में सम्मानित किया जा चुका है। शेष जनपद स्तरीय विजेता छात्र-छात्राओं को डायट स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

समारोह में 11 छात्र-छात्राओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5,000 रुपये प्रति छात्र, 11 छात्र-छात्राओं को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3,000 रुपये प्रति छात्र तथा 11 छात्र-छात्राओं को तृतीय पुरस्कार के रूप में 1,500 रुपये प्रति छात्र की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 32 छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 500 रुपये प्रति छात्र की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस प्रकार कुल 65 छात्र-छात्राओं को 1 लाख 20 हजार 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

विजेता छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अध्यापकों एवं अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं जीवन कौशल का विकास करना रहा। एमएलसी प्रतिनिधि व सीडीओ ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता से बेसिक शिक्षा के बच्चों की जनपद में एक अद्भुद पहचान बनी हैं, बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। आगे भी इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहेंगी, निरंतर प्रयास करते रहिए व लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ते रहिए, सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर बीएसए नवीन कुमार, सहित समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, एआरपी मौजूद रहे।

अवैध रूप से संचालित जिम व स्विमिंगपूल अब होंगे बन्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने निर्देश दिए कि जनपद में अवैध तरीके से संचालित जिम व स्विमिंगपूल की विस्तृत जांच कराकर उनके कार्यवाही करते हुए उनको तत्काल बंद कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधिवत नियमानुसार संचालित जिम व स्विमिंगपूल से शासनादेश में प्राप्त निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 15 हजार रुपए वसूल किया जाएगा।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला खेलकूद एवं प्रोत्साहन की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता सहित जिला क्रीड़ाअधिकारी अमित रिछारिया सहित अन्य अधिकारी एवं गेम ट्रेनर मौजूद रहे। डीएम ने निर्देश दिए कि जिम व स्विमिंगपूल की जांच के लिए सम्बंधित एसडीएम की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों तथा स्थानीय निकाय अधिकारियों के साथ समिति गठित की जाएगी, जो अवैध रूप से संचालित जिम व स्विमिंगपूल की जांच कर उनको नोटिस देगी। जांच में अवैध रूप से संचालित जिम व स्विमिंगपूल को बंद कराया जाएगा विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला क्रीडाधिकारी को निर्देश दिए किवह जिला स्तर पर एक विशाल खेलकूद का कार्यक्रम कराने हेतु रूपरेखा तैयार करें। स्टेडियम में प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर लाइट लगवाई जाए।

पॉक्सो अधिनियम को लेकर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ अभियान का प्रथम चरण 25 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2026 तथा द्वितीय चरण 02 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित किया गया है

बदायूँ। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के निर्देशानुपालन में गांधी जयंती के अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों में पॉक्सो अधिनियम-2012 के प्रावधानों एवं कानूनी परिणामों के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण 25 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2026 तथा द्वितीय चरण 02 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित किया गया है।

इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के तत्वावधान में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012 के प्रमुख प्रावधानों, कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

पीएम राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, बदायूँ में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बदायूँ की गरिमामयी अध्यक्षता में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। रिन्कु, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बदायूँ द्वारा विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम-2012 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए लैंगिक अपराधों से बचाव, सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार की पहचान, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा किसी अनुचित घटना की जानकारी विश्वसनीय अभिभावक अथवा शिक्षक को देने के संबंध में जागरूक किया गया।

राजकीय इण्टर कॉलेज गभ्याई, बदायूँ में अंकित रस्तोगी, सिविल जज (सी0डि0)/त्वरित न्यायाधीश/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षित एवं संस्कारित होने तथा अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गुड टच एवं बैड टच के संबंध में भी बालिकाओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण के निर्माण में जन-सहभागिता सुनिश्चित करना है।

इसी क्रम में राजकीय इण्टर कॉलेज घटपुरी में राजवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी (पीए) एक्ट, बदायूँ, राजकीय हाईस्कूल जगत में दिनेश तिवारी, विशेष एक्सक्लूसिव न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, बदायूँ, दिल्ली पब्लिक स्कूल में नुपुर, विशेष न्यायाधीश, आवश्यक वस्तु अधिनियम, बदायूँ, हाफिज सिद्दीक इस्लामियां इण्टर कॉलेज में ऋषि कुमार, षष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बदायूँ, क्रिशचियन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुरेन्द्रपाल सिंह, नवम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, एनडीपीएस एक्ट, बदायूँ, केदारनाथ महिला इण्टर कॉलेज में अनीता प्रथम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट न्यायालय संख्या-01, बदायूँ, मिशन इंग्लिश स्कूल में नीलांजना, माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट न्यायालय संख्या-03, बदायूँ, पार्वती आर्य कन्या संस्कृत इण्टर कॉलेज में नेहा गर्ग, माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायाधीश (महिलाओं के प्रति अपराध), बदायूँ, श्रीराम सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, मीरा जी चौकी में विकास सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायाधीश, बदायूँ, अहिल्याबाई बीएस इण्टर कॉलेज में पुष्पेन्द्र चौधरी, प्रथम अपर सिविल जज (सी0डि0), बदायूँ, कमला होरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, दहेमी में भारती तायल, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय/पीठासीन अधिकारी, किशोर न्याय बोर्ड, बदायूँ, महात्मा गांधी पालिका इण्टर कॉलेज, उझानी में सागर तायल, न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालय संख्या-01, बदायूँ, नन्हूमल जैन इण्टर कॉलेज, बिल्सी में श्री अखिलेश पटेल, न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, बिल्सी, पन्ना लाल नगर पालिका इण्टर कॉलेज एवं प्रमोद इण्टर कॉलेज, सहसवान में हरेन्द्र सिंह, सिविल जज (जू0डि0), सहसवान, राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, डहरपुर कलां, दातागंज में हेमेन्द्र सिंह, सिविल जज (जू0डि0), दातागंज, राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, बिसौली में शैफाली चन्द्रवंशी, सिविल जज (जू0डि0), बिसौली तथा राजकीय इण्टर कॉलेज, युसुफनगर में सदफ इमरान, सिविल जज (जू0डि0)/त्वरित न्यायाधीश, बदायूँ द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मालती पुल का संपर्क मार्ग अधूरा, जिम्मेदारों की सुस्ती बरकरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संग्रामपुर, अमेठी। टिकरिया गांव के पास मालती नदी पर मालती नदी के ऊपर पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन दोनों ओर संपर्क मार्ग अब भी अधूरा है। नवरात्रि पर्व नजदीक होने के बावजूद निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी नहीं दिख रही है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत और मांग के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी संपर्क मार्ग के निर्माण को लेकर गंभीर नहीं दिख रहे हैं। मार्ग पर केवल मिट्टी और कुछ स्थानों पर पत्थर डाले गए हैं, जबकि डामरीकरण का कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। पुल के पश्चिमी छोर पर मिट्टी धंसने से गड्ढा भी बन गया है, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बने इस पुल से अमेठी-संग्रामपुर मार्ग पर आवागमन सुगम होने की उम्मीद थी, लेकिन अधूरे संपर्क मार्ग के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रतिदिन सैकड़ों वाहन और हजारों लोग इसी रास्ते से गुजरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नवरात्रि के दौरान माता कालिकन धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और बड़ी संख्या में लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या नवरात्रि से पहले संपर्क मार्ग का निर्माण पूरा हो पाएगा, या फिर श्रद्धालुओं और राहगीरों को अधूरे रास्ते से ही गुजरना पड़ेगा।

बारिश में बदहाल हुआ रास्ता, निर्माण की जगी उम्मीद

भेंटुआ, अमेठी। गैरिकपुर ग्रामसभा के पूरे हरिराम तिवारी का पुरवा से अजमेर का पुरवा तक जाने वाला रास्ता लंबे समय से बदहाल है। सड़क उखड़ जाने से बारिश के दिनों में कीचड़ और फिसलन के कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। इसी मार्ग से स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ सैकड़ों मजदूरों का भी आवागमन होता है। ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग के बाद अब मार्ग के निर्माण की उम्मीद जगी है। भारतीय किसान कंग्रेस प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सूर्यभान तिवारी ने बताया कि बरसात के कारण फिलहाल निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। बारिश खत्म होते ही सड़क निर्माण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाएगा।ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग बनने से सुल्तानपुर जाने के लिए पांच-छह किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करने की मजबूरी खत्म हो जाएगी। इससे आसपास के गांवों के लोगों के साथ छात्र-छात्राओं और मजदूरों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी।

नवरात्रि से पहले कालिकन धाम में विशेष सफाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संग्रामपुर, अमेठी। भाजपा मंडल अध्यक्ष संग्रामपुर राजेश शुक्ला ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) संग्रामपुर को पत्र देकर मां कालिकन धाम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की है।

उन्होंने पत्र में कहा है कि आगामी शारदीय नवरात्रि के दौरान मां कालिकन धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में मंदिर परिसर, संपर्क मार्गों तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। वर्तमान में कुछ स्थानों पर गंदगी और झाड़-झंखाड़ होने से श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।राजेश शुक्ला ने बीडीओ से नवरात्रि शुरू होने से पहले मंदिर परिसर, प्रमुख मार्गों और आसपास के सार्वजनिक स्थलों की व्यापक सफाई कराने तथा संबंधित



कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि बेहतर सफाई व्यवस्था से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की स्वच्छता भी बनी रहेगी। खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि नवरात्रि को देखते हुए कालिकन धाम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

ऊर्जा मंत्री से मिले अनंत विक्रम सिंह, अमेठी की बिजली समस्याओं का उठाया मुद्दा



अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमेठी रियासत की पूर्व विधायक महारानी गरिमा सिंह के पुत्र अनंत विक्रम सिंह एवं शाम्भवी सिंह ने लखनऊ में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से मुलाकात कर जनपद की विद्युत समस्याओं के समाधान की मांग की। मुलाकात के दौरान उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जर्जर विद्युत तारों और खंभों को बदलने, लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने तथा अनियोजित बिजली कटौती पर रोक लगाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बेहतर बिजली व्यवस्था से किसानों, विद्यार्थियों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अनंत विक्रम सिंह ने कहा कि अमेठी के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

सपा प्रदेश अध्यक्ष का आज अमेठी दौरा, पीडीए सम्मेलन में होंगे शामिल



अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल बुधवार को अमेठी दौरे पर आएंगे। उनके आगमन को लेकर पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में विधानसभा, ब्लॉक और बूथ कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ बीएलए, जोन व सेक्टर प्रभारी, पीडीए समिति के सदस्य और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सपा जिलाध्यक्ष रामउदित यादव ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सम्मेलन स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए और सम्मेलन में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शंभू कुमार आयुक्त बरेली मण्डल बरेली/रिटर्निंग ऑफिसर बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र ने चुनाव के लिए 29 सितम्बर को अधिसूचना लिखित रूप में जारी कर दी है। महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना 29 सितम्बर को जारी हो गई है। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 06 अक्टूबर निर्धारित की है, नाम निर्देशनों की संवीक्षा 07 अक्टूबर को होगी तथा 09 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 23 अक्टूबर 2026 को प्रातः 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा। मतगणना 27 अक्टूबर को होगी। उक्त निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आज 30 सितम्बर को मध्यान्ह 12 बजे सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर चुनाव सम्बंधी तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन डॉक्टर सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ। जिसमें छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमैमा साहनवाज सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी कोर्ट संख्या-27 ने की। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के जानकारी देते हुए बताया कि पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के लड़के और लड़की पर समान रूप से लागू होता है। 18 वर्ष से कम आयु के बालक या बालिका की सहमति का कोई कानूनी मूल्य नहीं है। यदि लड़की या लड़का 18 वर्ष से कम आयु का है, तो उसकी सहमति शारीरिक संबंध को कानूनी रूप से वैध नहीं बनाती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की अनुचित घटना की जानकारी तत्काल अपने अभिभावकों, अध्यापकों अथवा संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती कीर्ति सिंह अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट संख्या-44 ने बताया कि पाक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर अत्यंत कठोर दंड का प्रावधान है। बच्चे के साथ यौन संबंध बनाना अथवा एग्रेवेटेड पेनिट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट की श्रेणी में आ सकता है। जिसमें आजीवन कारावास तक की सजा तथा जुर्माने का प्रावधान है।

ईवीएम, वीवीपैट और एसआईआर पर तेज हुई राजनीतिक बहस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। ईवीएम, वीवीपैट और विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक राजनीतिक बहस तेज हो गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि बसपा प्रमुख मायावती बैलेट पेपर से चुनाव और वीवीपैट पर्चियों के व्यापक मिलान की मांग कर चुकी हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव हारने के बाद ईवीएम और निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाए हैं। अमेठी में भी इस मुद्दे पर लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोग चुनावी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता की जरूरत बता रहे हैं, जबकि अन्य का कहना है कि बिना ठोस प्रमाण के निर्वाचन व्यवस्था पर सवाल उठाना उचित नहीं है। सपा जिलाध्यक्ष रामउदित यादव ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पर जनता का भरोसा सर्वोपरि है और किसी भी संदेह का निष्पक्ष समाधान होना चाहिए। जिला प्रवक्ता अधिवक्ता राजेश मिश्र ने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सभी पक्षों की शंकाओं के समाधान पर जोर दिया। कंग्रेस नेता राजीव सिंह और सपा विधानसभा अध्यक्ष मनीराम वर्मा ने भी कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं का विश्वास बनाए रखना जरूरी है। राजनीतिक दलों के बीच जारी बहस अब केवल ईवीएम तक सीमित न रहकर चुनावी पारदर्शिता और मतदाताओं के भरोसे पर केंद्रित हो गई है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहनों का सम्मान, सेवा कार्यों की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित आंगन मिलन कार्यक्रम में मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं और आशा बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह 'पिंटू' ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और आशा बहनें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। उनके योगदान से समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को लाभ मिल रहा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, मंडल महामंत्री भूपेंद्र मिश्रा तथा पप्पू सिंह भी मौजूद रहे। नेताओं ने कार्यकत्रियों को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के अंतर्गत कोरारी गिरधरशाह, घाघूघर,



पूरब गांव, चतुर्भुजपुर, अगहर तथा नरैनी स्थित विभिन्न नंद घर एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का भी दौरा किया गया। यहां कार्यकत्रियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली गई तथा जनसेवा के कार्यों को और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

गेट नंबर 2 बना चर्चा का विषय, सुबह 6 बजे के बाद भी बंद रहता है गेट

सुल्तानपुर। इन दिनों अमहट मंडी का गेट नंबर 2 व्यापारियों में चर्चा का विषय बना हुआ है। मंडी सुबह 4.00 बजे से शुरूहो जाती है, किसानों और व्यापारियों की भीड़ लग जाती है, लेकिन सुबह 6.00 बजे के बाद भी गेट नंबर 2 बंद ही रहता है।

व्यापारियों का आरोप है कि गेट बंद होने से उन्हें घूमकर गेट नंबर 1 से आना-जाना पड़ रहा है, जिससे समय और तेल दोनों की बर्बादी हो रही है। किसानों को भी अपनी उपज लाने में भारी परेशानी हो रही है। वहीं व्यापारियों ने बताया कि महीनों से मंडी सचिव अफिस नहीं आए हैं। पूरी मंडी सुरक्षा कर्मियों के सहारे चल रही है। मौके पर कोई भी सक्षम अधिकारी उपस्थित नहीं रहता है। लाइसेंस, गेट पास और अन्य जरूरी कार्य सचिव के न आने से लटके पड़े हैं। व्यापारियों ने जिलाधिकारी और मंडी परिषद के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि गेट नंबर 2 को पूरे दिन खोला जाए और अनुपस्थित सचिव पर कार्रवाई कर व्यवस्था सुधारी जाए।

अतिक्रमण के मकड़जाल में फंसा गोंडा यातायात से लेकर सुरक्षा तक पर खतरा..!

❐ सड़क की पटरियों और नालियों पर दुकनदारों का कब्जा, राहगीरों को सड़क पर चलने की मजबूरी, स्कूली बच्चों की सुरक्षा भी सवालों के घेरे में...!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जनपद के चारों तहसील क्षेत्रों में अतिक्रमण की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। मुख्य बाजारों,प्रमुख मागों,चौराहों और सार्वजनिक स्था नों पर सड़क की पटरियों से लेकर नालियों तक कब्जे के चलते जहां यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है,वहीं पैदल राहगीरों और स्कूली बच्चों के सामने भी परेशानी खड़ीहो रही है,जिला मुख्यालय की स्थिति इस समस्या की गंभीरता को साफ तौर पर उजागर करती है। अंबेडकर चौराहे से लेकर एलबीएस चौराहै से गोंडा बलरामपुर रोड से रेलवे स्टेशन तक,गुरु नानक चौराहे से लेकर चौक बाजा र तक,गुरु नानक चौकी से लेकर मिश्रौलिया पुलि स चौकी तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण का असर दिखाई देता है। कई स्थानों पर दुकानदारों और अस्पताल संचालकों ने सड़क कि पटरी को साइकिल स्टैंड बना दिया है।राहगीरों के लिए पर्या प्त स्थान नहीं बचा है वहीं वाहन चालकों को भी कई जगह संकरी सड़क से होकर गुजरना पड़ता है।

बाजारों में सड़क से सटकर लग रहीं दुकानें

गोंडा नगर पालिका परिषद में अतिक्रमण का दाय रा केवल अस्थायी ठेलों और खोमचों तक सीमित नहीं है।कई स्थानों पर स्थायी दुकानों के आगे सा मान रखने, टीन शेड लगाने,बोर्ड लगाने तथा सड़ क की पटरी का व्यावसायिक इस्तेमाल करने से सार्वजनिक रास्ता संकरा हो गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में आने वाले ग्राहकों के वाहन भी सडक के किनारे खड़े हो जाते हैं।इसके चलते पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहनों के लिए भी रास्ता प्रभावित होता है। व्यस्त समय में स्थिति और गंभीर हो जाती है

नालियों पर भी कब्जे का असर

अतिक्रमण का एक गंभीर पहलू नालियों और उन के ऊपर बने रास्तों से जुड़ा है कई स्थानों पर नालि यों के ऊपर अस्थायी या स्थायी ढंग से दुकान और सामान फैलाए जाने से सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की शिकायतें सामने आतीरही हैं,नालियां पूरी तरह खुली और साफ न रहने से बारिश के दौरान जलनिकासी प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है।स्थानीय लोगों के मुताबिक यदि नालियों की नि यमित सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक साथ की जाए तो जलभराव की समस्या को भी काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

दुर्घटना की आशंका से राहगीरों में चिंता

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण सड़क की वास्तविक बौड़ाई कई स्थानों पर कम हो गई है।एक और दुकानें और सामान सड़क की पटरी तक पहुंच जाते हैं,वहीं दूसरी ओर वाहन खड़े होने से रास्ता और संकरा हो जाता है। ऐसी स्थिति में सामने से आने वाले वाहनों को रास्ता देने में वाहन चालकों को परेशानी होती है।विशेष रूप से व्यस्त समय में जाम जैसी स्थिति बनने की संभावना रहती है।पैदल राहगीरों के सड़क पर च लने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती

चारों तहसीलों में समस्या पर निगरानी की जरूरत

अतिक्रमण की समस्या केवल मुख्यालय तक ही सीमित नहीं है।जनपद की अन्य तहसील क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों और कस्बों में भी सड़क किनारे दुकानें, ठेले, अस्थायी निर्माण और सामान फैलाए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई यदि केवल अभियान के रूप में कुछ दिनों तक चलती है और बाद में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है तो समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता।इसके लिए नियमित निगरानी और स्पष्ट व्यवस्था की आवश्यकता है।

सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के मुख्य गेट सामने टैक्सी वालो का कब्जा

अतिक्रमण की समस्या का एक संवेदनशील स्थान सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के आसपास का क्षेत्र बताया जा रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार विद्या लय के मुख्य गेट के सामने डग्गा मार टैक्सी वाह नों का कब्जा है, उसके आसपास सड़क की पटरी और नाली के ऊपर तक दुकानें एवं अस्थायी व्याव सायिक गतिविधियां संचालित होने से आवागमन प्रभावित होता है।स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेक र चिंता सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के अलावा आसपास कई शिक्षण संस्थान संचालित है।प्रतिदि न बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय आने-जाने के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।सड़क की पटरी पर अतिक्रमण होने से बच्चों को कई बार सड़क के किनारे से होकर गुजरना पड़ता है।यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मार्ग मुख्य आवागमन वाले मार्गों में शामिल है और यहां लगातार वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में पैदल चलने वाले बच्चों और तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी नहीं रह पाती। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालयों के आस पास अतिक्रमण हटाकर पैदल आवागमन के लिए पर्याप्त स्थान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और नगर निकाय से मांग की है कि गोंडा नगर सहित जनपद के प्रमुख बाजारों में अतिक्रमण का सर्वे कराया जाए।सड़क की सीमा,नाली और सार्वजनिक पटरी को चिह्नित कर अवैध कब्जों को हटाया जाए।विद्यालयों और अस्पतालों,प्रमुख चौराहों और व्यस्त मागों के आ सपास विशेष अभियान चलाकर पैदल राहगीरों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाए लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ न होकर सार्वजनिक रा स्तों को अतिक्रमण मुक्त कराने और यातायात व्य वस्था सुधारने के उद्देश्य से होनी चाहिए। साथ ही कार्रवाई में समानता बरती जाए,ताकि छोटे - बड़े सभी प्रकार के अतिक्रमण पर एक समान नियम लागू हो।

सवालः आखिर कब मिलेगा राहगीरों को रास्ता ?

मुख्यालय सहित जनपद के विभित्र बाजारों में बढ़ ता अतिक्रमण अब केवल यातायात की समस्या नहीं रह गया है।यह पैदल राहगीरों,दुकानदारों व वाहन चालकों और विशेष रूप से स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही से जुड़ा विषय बन चुका है।सड़कें सार्वजनिक आवागमन के लिए हैं और उनकी पटरियों तथा नालियों पर कब्जा होने से पूरे शहर की व्यवस्था प्रभावित होती है ऐसे में जरूरत केवल अतिक्रमण हटाने की नहीं,बल्कि अतिक्रम ण की पुनरावृति रोकने की स्थायी व्यवस्था बनाने की है।अब देखना होगा कि प्रशासन और संबंधित विभाग इस समस्या को लेकर कब गंभीर और प्र भावी कदम उठाते है।

गोंडा स्टेशन पर बेची जा रही खुली खाद्य सामग्री दूषित होने से रहता है बीमारी का खतरा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। रेलवे स्टेशन पर खुली खाद्य सामग्री बेची जा रही है।चर्चा है कि गोंडा मे रेलवे के हेल्थ इंस्पेक्टर सिर्फ पैक सामान का सैंपल लेकर सफाई शुद्धता की जांच कराते हैं,जबकि यहां पर दाल, चावल, सब्जी, रोटी, पूरी, समोसा, कचोड़ी, भटूरा, छोले, ऑमलेट सहित अन्य खुले सामानों की नियमित रूप से बिक्री जारी है,जिनकी जांच कभी नहीं की जाती है। दूषित खाद्य सामग्री से लोगों के बीमार होने का खतरा रहता है।जांच नहीं होने के कारण इसका फायदा उठाकर स्टॉल संचालक और कैंटी न के कर्मचारी खानपान की घटिया चीजें बेच रहे हैं।रेलवे स्टेशन पर कैंटीन सहित करीब दर्जनों से अधिक स्टॉल संचालित हैं। अलग-अलग कंपनियों के स्टॉल पर पानी, शीतल पेय पदार्थ, पैक आइटम सहित दाल,चावल,सब्जी,रोटी,पूरी,समोसा,कचोड़ी ऑमलेट बेचे जा रहे हैं।इनमें से कुछ स्टॉल संचाल कों की मनमानी चल रही है।वेंडरों के द्वारा घटिया क्वालिटी के चावल बेचकर यात्रियों को ठगा जा र हा है।स्थानीय स्तर पर खानपान की खुली चीजों के सैंपल लेने की व्यवस्था न होने के कारण ठेके दारों के कर्मचारियों की मनमानी चल रही है।इतना ही नहीं कई जगहों पर पकौड़े, छोले, भटूरे बेचे जा रहे हैं, जिनको ढंककर नहीं रखा जाता है और उन पर बरसात के मौसम मे मक्खियां बैठती है,जिसमें बीमारी का खतरा ज्यादा रहता है।

स्टॉल के बाहर कर रखा अतिक्रमण

गोंडा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर एक लखनऊ के तरफ जाने वाले सबसे आगे प्लेटफार्म पर लगी बेंच यात्रियों के बैठने के लिए लगी हुई है लेकिन वहाँ दर्जनों से अधिक वेंडर और ठेले वाले ने और स्टेशन पर स्थित कई स्टॉल के कर्मचारियों ने प्लेट फॉर्म पर अतिक्रमण कर रखा है।खानपान का सा मान स्टॉल के बाहर फैला रहता है,नियमानुसार ऐ सा करने पर कॉमर्शियल विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन कॉमर्शि यल विभाग के अधिकारी स्टॉल के कर्मचारियों पर मेहरबान हैं।सब कुछ देखते हुए भी अंजान बने रह ते हैं। ख़ाकार्रवाई तो दूर नियम विरुद्ध तरीके से स्टे शन पर खानपान का सामान बेचने वालों के खिला फ कोई कार्रवाई नहीं होती है।

नौकरी मांगने वालों को नसीहत क्यों? रिक्शा चलाकर सपाइयों का सड़क पर प्रतिरोध

❐ रोजगार के सवाल पर घिरे डिप्टी सीएम रोडवेज से अंबेडकर चौराहे तक रिक्शा चलाकर विरोध

❐ युवाओं को नौकरी के बजाय ई-रिक्शा और टैक्सी चलाने की सलाह पर सपा नेताओं का प्रदर्शन

❐ यूथ ब्रिग्रेड, लोहिया वाहिनी,छात्र सभा व अल्पसं ख्यक सभा के पदाधिकारी उतरे सड़क पर


कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। नौकरी और रोजगार की मांग कर रहे युवा ओं को ई-रिक्शा और सवारियां भी बैठाई गईं। प्रदर्शनकारियों टैक्सी चलाने की सलाह देने वाले बयान को लेकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के खिलाफ समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। मंगलवार को सपा नेताओं ने खुद रिक्शा चलाकर सड़क पर उतरते हुए रोजगार के सवाल पर सरकार को घेरा। रोड वेज से अंबेडकर चौराहे तक निकाले गए इससांके तिक प्रदर्शन में रिक्शे पर ने सवाल उठाया कि युवाओं को रोजगार के अवसर देने के बजाय उन्हें नसीहतें क्यों दी जा रही हैं ? मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप यादव (दीपू प्रधान) के ने तृत्व में हुए प्रदर्शन में लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव लालचंद गौतम,अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अफजल खान, छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, आसिफ परवेज और रवि यादव समेत कई सपा कार्यकर्ता शामिल रहे। नेताओं ने रिक्शा चलाकर युवाओं के रोजगार से जुड़े मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।सपा नेताओं ने उपमुख्यमंत्री के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि युवा सरकार से नौकरी और रोजगार के अवसर मांग रहे हैं, लेकिन उन्हें ई-रिक्शा और टैक्सी चलाने की सलाह दी जा रही है। उनका कहना था कि मेहनत और श्रम का हर रूप सम्मानजनक है, लेकिन सवाल यह है कि युवाओं को उनकी शिक्षा और योग्यता के अनुरूप रोजगार के अवसर कब मिलेंगे ? प्रदर्शनकारियों ने कहा कि रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मे दारी है। युवाओं को केवल वैकल्पिक कामों की सलाह देने से रोजगार का व्यापक संकट हल नहीं होगा। इसके लिए शिक्षा के अनुरूप नौकरियों, उद्योगों और स्वरोजगार के अवसरों का विस्तार जरूरी है।

आपदा प्रभावित किसानों को बांटे राहत चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैंसरगंज, बहराइच। जनपद सहित पुरे क्षेत्र में आए चक्रवाती तूफान से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने की कवायद शुरू हो गई है। मंगलवार को कैसरगंज तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रभावित किसानों को राहत राशि के चेक वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में सरकार किसानों और आमजन के साथ खड़ी है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि चक्रवाती तूफान के कारण कैसरगंज क्षेत्र में किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित किसानों को राहत दिलाने के लिए शासन के निर्देश पर नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वे के आधार पर पात्र प्रभावित किसानों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव,उप जिलाधिकारी प्रशांत नायक, विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा,प्रज्ञा त्रिपाठी,संदीप सिंह बिसेन, ब्रजेश पांडे,विधायक सुरेश्वर सिंह, पदम सेन चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

घरेलू गैस पर होटल-ढाबों की दावत, अफसरों की आंखों पर पट्टी

❐ नियमों को ठेंगा -- सरकारी खजाने को चूना और आम उपभोक्ता गैस के लिए परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। शहर में नियमों की किताब कुछ और कहती है,जबकि होटल, ढाबों, रेस्तरां, ठेलों और दुकानों पर गैस के इस्तेमाल की तस्वीर कुछ और ही कहा नी बयां कर रही है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक इस्तेमाल खुलेआम होने के आरोप हैं,लेकिन पेट्रोलियम अधिकारियों और जिला पूर्ति विभाग की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सवाल यह है कि जब घरेलू सिलेंडर घरों की रसोई के लिए हैं,तो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इन का इस्तेमाल रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारी आखिर कर क्या रहे हैं..?....शहर के होटल,ढाबों, रेस्टोरेंट और सड़क किनारे लगने वाले ठेलों पर घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के इस्ते माल की शिकायतें सामने आ रही हैं।घरेलू उपभो क्ताओं के लिए व्यावसायिक सिलेंडरों की कीमतों में अंतर कारो बारियों को घरेलू सिलेंडर के इस्तेमाल के लिए प्रेरित करने वाला एक कारण बताया जा रहा है। उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, 14.2 किलोग्राम घरेलू सिलेंडर की कीमत एक हजार रुपये और 19 किलोग्राम व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत 29 सौ रुपये बताई गई है।हालांकि, इन दरों की मौजूदा आधिकारिक पुष्टि आवश्यक है।

कीमतों के अंतर के नाम पर यदि घरेलू गैस का व्यावसायिक इस्तेमाल हो रहा है, तो इसकी जवाबदेही किसकी है ? पेट्रोलियम अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि शहर में कितने प्रतिष्ठानों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कितनों के खिलाफ कार्रवाई हुई।होटलों और ढाबों में घरेलू सिलेंडरों के इस्तेमाल के साथ खाद्य सुरक्षा, साफ-सफाई और व्यावसायिक नियमों के अनु पालन की निगरानी करना है।वहीं,पेट्रोलियम विभा ग की भूमिका से जुड़े सवालों पर भी अधिकारियों को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। आखिर घरेलू गैस के व्यावसायिक इस्तेमाल को रोकने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए ? कितने प्रतिष्ठानों को चिह्नित किया गया? कितने सिलेंडर जब्त हुए ? और कितने मामलों में कानूनी कार्रवाई की गई ?

जिला पूर्ति अधिकारी से पांच सवाल

(1) शहर में घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक इस्तेमाल रोकने के लिए आखिरी बार व्यापक जांच कब हुई ?.(2) कितने होटल, ढाबों और ठेलों की जांच हुई और कितने सिलेंडर जब्त किए गए ? (3) अवैध रिफिलिंग और घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए क्या कार्रवाई हुई ? (4) क्या विभाग के पास व्यावसायिक गैस कनेक्शन वाले प्रतिष्ठानों का अद्यतन रिकॉर्ड है ? (5) नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जिम्मेदारी किस अधिकारी की है ?

इन सवालों के जवाब सामने आना जरूरी है। केवल शिकायतों का संज्ञान लेने से व्यवस्था नहीं सुध रेगी,बल्कि नियमित जांच और नियमों का उल्लंघ न करने वालों पर कार्रवाई भी जरूरी है।घरेलू गैस का व्यावसायिक इस्तेमाल बड़े पैमाने पर होने से आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।यदि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित गैस का इस्तेमाल व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हो रहा है,तो इसकी जांच आवश्यक है।हालांकि, उप भोक्ताओं को सिलेंडर मिलने में देरी का कारण के वल यही है,यह आपूर्ति संबंधी आंकड़ों के बिना त य नहीं किया जा सकता।सबसे बड़ा सवाल यही है कि घरेलू गैस के कथित व्यावसायिक इस्तेमाल प र पेट्रोलियम अधिकारी और जिला पूर्ति विभाग कब सक्रिय होंगे ? क्या शहर के होटल, ढाबों और ठेलों पर जांच अभियान चलेगा, या फिर घरेलू गैस के इस्तेमाल की शिकायतें यूं ही फाइलों में दबकर रह जाएंगी ?

गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन की जांच भी जरूरी है लेकिन शि कायतों के बावजूद नियमित निरीक्षण नहीं होने के आरोप विभागीय निगरानी पर सवाल खड़े करते हैं।जिला पूर्ति विभाग का दायित्व सार्वजनिक वित रण और आवश्यक वस्तुओं से जुड़े

डोंट मिस ए बीट की थीम पर मनाया गया विश्व हृदय दिवस गोष्ठी

❐ स्क्रीनिंग कैम्प के आयोजन के साथ संचालित हुआ हस्ताक्षर अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम एनपी एनसीडी के तहत विश्व हृदय दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सहित जिला चिकित्सालय एवं जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य शिविर, हस्ताक्षर अभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस वर्ष विश्व हृदय दिवस ष्डोंट मिस ए बीट की थीम पर मनाया गया। सीएमओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने हस्ताक्षर अभियान से करते हुये कहा कि बिगड़ी दिनचर्या, तनाव, गलत खानपान, प्रदूषण और अन्य कारणों के चलते दिल से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं। छोटी उम्र से लेकर बुजुर्गों तक में यह समस्या आम होती जा रही है। दिल को दुरुस्त रखने के लिए सही खानपान और तनाव मुक्त ज़िन्दगी सबसे जरूरी है। एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 संदीप मिश्रा ने कहा कि दिल का ध्यान रखना बेहद ज़रूरी है। ज्यादातार मौत का कारण हार्ट की समस्याएं ही है। दिल सेहतमंद रहे इसके लिए नियमित व्यायाम करें तनाव कम लें धूम्रपान से दूर रहें अच्छा खाना और संतुलित खाना खाएं अनुशासन की जिंदगी जीये। डॉ पारितोष तिवारी का कहना है कि इलाज से बेहतर बचाव है। अगर आप दिल की बीमारी से ईमानदारी से बचना चाहते हैं तो अभी से अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना शुरु कर दीजिए। एक जगह लगातार छह घंटे तक बैठना हृदय रोग का कारण बन सकता है, यह सिगरेट की डिब्बी पीने के बराबर है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस के वर्मा ने उपस्थित लोगों को बताया किहृदय रोग पूरे विश्व में एक गंभीर बीमारी है। उचित दिनचर्या और नियमित जांच कराने से हृदय रोगों से बचा जा सकता है। हमें बॉडी मास इंडेक्स को 18.5 से 24.9 के बीच में रखना है। उन्होंने कहा कि हृदय की बीमारी का इलाज बचाव है और बचाव का सबसे सरल तरीका लाइफ स्टाइल में सही बदलाव है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने हृदय रोगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तनाव दिल का सबसे बड़ा दुश्मन है। आज की भागदौड़ वाली जीवन शैली में लोगों में तनाव ज्यादा बढ़ गया है इसलिए इस बीमारी से पूरी तरह बचना तो मुश्किल है, लेकिन जहां तक संभव हो इससे दूरी बनाए रखें। तनाव के कारण मस्तिष्क से जो रसायन स्रावित होते हैं वे हृदय की पूरी प्रणाली खराब कर देते हैं। हृदय हमारे शरीर का ऐसा अंग है जो लगातार पंप करता है और पूरे शरीर में रक्त प्रवाह को संचालित करता है। हृदय संचार प्रणाली के मध्य में होता है और धमनियों और नसों जैसी रक्त वाहिनियां अशुद्ध रक्त को शरीर के हर भाग से हृदय तक ले जाती हैं और शुद्ध रक्त को हृदय से शरीर के हर भाग तक पहुंचाती हैं। इस अवसर पर जिला एनसीडी क्लीनिक में स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन कर उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी अन्य बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश गौतम, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस के वर्मा, डॉ. पारितोष तिवारी, डॉ. विजित जायसवाल, डॉ. अंशुमान सिंह श्रीनेत्र, डॉ. आकिब समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

ट्रेड फ़ेयर में कचौड़ी-दही बड़े और मोटे अनाज की महकी खुशबू

❐ जिले के स्थानीय उत्पादों ने यूपी ट्रेड शो में खींचा लोगों का ध्यान,मंत्रियों ने स्टॉल पर पहुंचकर ली जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। उत्तर प्रदेश ट्रेड शो में जिले के उत्पादों की खुशबू और स्वाद लोगों को खूब आकर्षित कर रहा है।बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा स्थित अथरिष्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ) के स्टॉल पर मक्के से बने उत्पादों के साथ मोटे अनाज के उत्पाद, कचौड़ी और दही-बड़े प्रदर्शित किए गए हैं।स्टॉल पर पहुंचने वाले लोग स्थानीय स्वाद के साथ किसानों के उत्पादों की जानकारी भी ले रहे हैं।ट्रेड शो में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और एमएसएमई कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने गोंडा के स्टॉल पर पहुंचकर उत्पादों की जान कारी ली। एफपीओ के सीईओ कुलदीप मिश्रा ने मंत्रियों को बताया कि किसानों से प्राप्त मक्का और मोटे अनाज का प्रसंस्करण कर विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इन उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए एफपीओ लगातार प्रयास कर रहा है। मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कचौड़ी और दही-बड़े के बारे में भूपेंद्र आर्य से जानकारी ली। भूपेंद्र आर्य ने बताया कि ट्रेड शो में कचौड़ी और दही-बड़े की अच्छी बिक्री हुई है। एफपीओ की ओर से कुलदीप मिश्रा ने मंत्रियों को बुके और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उपायुक्त उद्योग बाबू राम ने बताया कि जिले के स्टॉल को अच्छी सराहना मिली है। इससे स्थानीय उत्पादों को नए बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

कलमकारों की हुंकार, प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम

❐ पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और निष्पक्ष कार्रवाई के लिए सौंपा दस सूत्रीय ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज द्वारा पत्रकार अतुल तिवारी को अपमानित करते हुए पिटाई करने के मामले में कार्यवाही कराने समेत पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान,स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित दश सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य मंत्री को भेजते हुए एसोसिएशन ने पत्रकारों से जुड़े मामलों में निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई के साथ प्रशासनिक स्तर पर संवाद व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग उठाई है।ज्ञापन में पत्रकार अतुल तिवारी के साथ कथित पुलिस मारपीट के मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा जांच पूरी होने तक संबंधित थाना प्रभारी के निलंबन और क्षेत्राधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की भी मांग की गई है। पत्रकारों ने घटनास्थल मेडिकल स्टोर होने का हवाला देते हुए वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तत्काल सुरक्षित कर जांच में शामिल करने की मांग भी की है। वहीं पत्रकार सत्यम मिश्रा एवं अतुल तिवारी पर हमले के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा घटनास्थल और आस पास की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सभी आरोपियों की भूमिका स्पष्ट करते हुए एसोसि एशन ने ब्लॉक स्तर पर पत्रकार-अधिकारी मासिक गोष्ठी आयोजित कराने की मांग की है, ताकि विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी पत्रकारों को मिल सके। विभिन्न माध्यमों में प्रकाशित खबरों पर विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना संबंधित पत्रकार को देने, लंबित पत्रकार बैठक तत्काल कराने तथा पत्रकारों की शिकायतों की स्वतंत्र या बहु-सदस्यीय समिति से निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।इसके साथ ही ज्ञापन में गोंडा मेडिकल कॉलेज समेत प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पत्रकारों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं प्राथमिकता से उपलब्ध कराने और अस्पतालों में उपलब्ध न होने वाली आवश्यक दवाओं की व्यवस्था कराने की मांग की है।इसके साथ गैस बुकिंग के 24 घंटे के भीतर पत्रकारों को होम डिलीवरी उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण एवं क्षेत्रीय पत्रकारों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ने के लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजने की मांग उठाई है। उक्त मांगो के साथ एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान से जुड़े इन मामलों पर एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन करेगा। इसकी पूर्व सूचना संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दी जाएगी। मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष आचार्य बागीश कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, महिला विंग जिला अध्यक्ष ऋचा सोनी, रामकुमार कौशल, दीपक कौशल, कुलदीप शुक्ल,पंकज पांडेय,जुनैद अहमद, शैलेंद्र अवस्थी, संदीप अवस्थी, कल्लू कोबरा, प्रदीप शुक्ल, विजय विश्वकर्मा, अमन मिश्रा, जुनैद अहमद, वैभव शुक्ला, मदनलाल विश्वकर्मा, बृजभूषण तिवारी, सुरेश मिश्र सहित संगठन के सैकड़ो पत्रकार साथी मौजूद रहे।

पुरानी तहसील की जमीन पर बन रहे अधिवक्ताओं के चेंबर हटेंगे

❒ एक चेंबर ध्वस्त होते ही अधिवक्ता पहुंचे तहसीलदार के पास, अब सभी चेंबर हटाने के निर्देश

❒ मंगलवार को दो दर्जन से अधिक अधिवक्ता तहसीलदार कार्यालय पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पुरानी तहसील भवन के ध्वस्तीकरण के बाद खाली हुई सरकारी जमीन पर बनाए जा रहे अधिवक्ताओं के चेंबरों को अब प्रशासन हटवाएगा करीब 15 दिन से चल रहे निर्माण पर अब तक रोक-टोक न होने के बाद सोमवार रात एक निर्माणाधीन चेंबर ध्वस्त किए जाने से अधिवक्ताओं में नाराजगी फैल गई मंगलवार को दो दर्जन से अधिक अधिवक्ता तहसीलदार कार्यालय पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध किया।

तहसीलदार ने उन्हें जिलाधिकारी के निर्देशों की जानकारी दी डीएम कार्यालय से प्रभारी अधिकारी नजारत की ओर से 24 सितंबर को जारी पत्र में पुरानी तहसील भवन के ध्वस्तीकरण के बाद खाली हुई राजस्व विभाग की भूमि से तत्काल कब्जा हटवाने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही एसडीएम और तहसीलदार से एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी गई है पत्र में संबंधित गाटा संख्या का उल्लेख करते हुए भूमि को राजस्व विभाग के स्वामित्व एवं प्रबंधनाधीन बताया गया है भविष्य में भी भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा न होने देने के निर्देश दिए गए हैं सोमवार रात तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता ने निर्माणाधीन एक अधिवक्ता का चेंबर ध्वस्त करा दिया इसकी जानकारी मिलने पर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे दो दर्जन से अधिक अधिवक्ता तहसीलदार कार्यालय पहुंच गए अधिवक्ताओं ने कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई तहसीलदार ने जिलाधिकारी का आदेश दिखाते हुए स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर बनाए गए सभी चेंबर हटाए जाएंगे अधिवक्ताओं का कहना है कि करीब 15 दिन पहले चेंबरों का निर्माण शुरू हुआ था इस दौरान कई चेंबर तैयार भी हो गए, लेकिन प्रशासन की ओर से निर्माण रुकवाने की कार्रवाई नहीं की गई अब अचानक एक चेंबर ध्वस्त किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है।

प्रशासन के सख्त रुख के बाद बार के ग्रुप में निर्माण को लेकर बार की जिम्मेदारी न होने का संदेश डाले जाने की बात भी सामने आई है पुरानी तहसील भवन के ध्वस्तीकरण के बाद अधिवक्ताओं के बैठने के लिए बार पदाधिकारियों की ओर से चूना डालकर करीब आठ फीट जगह आवंटित किए जाने की बात सामने आई है बताया गया कि चेंबर आवंटन के लिए 10 अधिवक्ताओं की कमेटी बनाई गई थी इसके बाद कई स्थानों पर निर्माण शुरू हुआ निर्माण के दौरान चेंबर आवंटन में मनमानी को लेकर अधिवक्ताओं के बीच विवाद और कहासुनी की स्थिति बनने की बात भी सामने आई है कुछ ऐसे लोगों को भी चेंबर आवंटित किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं, जो नियमित रूप से वकालत का व्यवसाय नहीं करते एसडीएम मयंक गोस्वामी ने बताया कि पुरानी बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण के बाद सरकारी जमीन पर बनाए गए सभी चेंबर हटवाए जाएंगे।

मामले में बार अध्यक्ष और महामंत्री से वार्ता हुई है उन्होंने बताया कि बार के ग्रुप पर पहले ही नया निर्माण करने पर बार की जिम्मेदारी न होने संबंधी संदेश डाला गया था इस दौरान पूर्व अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा, रजनीश सक्सेना, त्रिभुवन शर्मा, लालाराम, नईम, शाहिद, यूनुस, महामंत्री सुशील सक्सेना, उपाध्यक्ष संजय पांडे, संजय विश्वास, मुकेश, रितुराज शर्मा, त्रिभुवन पांडे समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे

दो हजार नहीं, 20 हजार मानदेय की मांग पर गरजीं समूह सखियां

सुलतानपुर। दूबेपुर विकासखंड की समूह सखियों ने मंगलवार को अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 12.30 बजे बड़ी संख्या में पहुंचीं समूह सखियों ने सरकार से मानदेय बढ़ाने समेत अन्य मांगों को पूरा करने की आवाज उठाई। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को संबोधित मांगपत्र एसडीएम सदर गरिमा सोनकिया को सौंपा। समूह सखियों का कहना है कि वे ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ स्वयं सहायता समूहों के गठन और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नए समूहों का गठन कराने, उनके बैंक खाते खुलवाने, समूहों को बैंकों से जोड़ने, आरएफ-सीआईएफ दिलाने तथा कैश क्रेडिट लिमिट की प्रक्रिया पूरी कराने का कार्य भी उनके जिम्मे है। इसके अलावा लोकस ऐप पर समूहों से संबंधित डाटा फीडिंग और समूह की महिलाओं के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी भी समूह सखियां निभाती हैं। उनका कहना है कि कार्य की जिम्मेदारियां लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन इसके अनुपात में मिलने वाला मानदेय बेहद कम है। समूह सखियों ने कहा कि वर्तमान में उन्हें महज दो हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलता है। महंगाई के मौजूदा दौर में इतनी कम राशि में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।

प्रधानाध्यापक, शिक्षक और पत्नी की धारदार हथियार से हत्या

❒ स्कूल परिसर में खून से सने मिले शव, फावड़ा-कुल्हाड़ी बरामद, शिक्षक संघ अध्यक्ष थे मुकेश सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कुंभी डडिया गांव में मंगलवार सुबह शिक्षक एवं शिक्षक संघ अध्यक्ष मुकेश सिंह (45) और उनकी पत्नी विनीता सिंह (43) की निर्मम हत्या से सनसनी फैल गई। दोनों के शव उनके निजी स्कूल परिसर में खून से लथपथ मिले। मौके से फावड़ा, कुल्हाड़ी और चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमर्टम के लिए भेजकर जांच शुरूकर दी है।

वारदात का खुलासा मंगलवार सुबह करीब 6.10 बजे हुआ। स्कूल का बस चालक और शिक्षक राकेश यादव वाहन की चाबी लेने पहुंचे थे। अफिस की ओर जाते समय कमरे में विनीता का शव पड़ा मिला और पास में खून से सना फावड़ा था। आगे तलाश करने पर करीब 150 मीटर दूर मुकेश का शव भी मिला। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी विनीत जायसवाल और सीओ कादीपुर विनय गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मुकेश सिंह खनुहट के कंपोजिट विद्यालय में सहायक अध्यापक थे और वर्ष 2013 से शिक्षक संघ के अध्यक्ष बताए जा रहे हैं। इस बार भी वह शिक्षक संघ का चुनाव लड़ रहे थे। मतदान 30 सितंबर को होना था, लेकिन 28 सितंबर को चुनाव स्थगित कर दिया गया था। उनकी पत्नी विनीता सिंह वर्ष 2002 से मनरागी इंटर कलेज चला रही थीं। स्कूल में करीब 550 विद्यार्थी और 17 शिक्षक-कर्मचारी हैं। विनीता पूर्व में जिला पंचायत का चुनाव भी लड़ चुकी थीं।

मुकेश और विनीता का इकलौता बेटा अभ्युदय (20) दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ता है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है और बेटा दिल्ली से सुलतानपुर के लिए रवाना हो चुका है। पुलिस स्कूल स्टाफ और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। हत्या के कारण और आरोपियों का अभी पता नहीं चल सका है।

साक्षर बचपन सुरक्षित बचपन के तहत कंपोजिट विद्यालय में आयोजित हुआ जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत चाट फिरोजपुर पर में स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद पीलीभीत के तत्वाधान में पास्को अधिनियम 2012 को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं को पास्को अधिनियम के बारे में विस्तार पूर्वक जज अरुण कुमार द्वारा बताया गया उन्होंने कहा है किसी भी बालिका के साथ कोई अन्याय होता है तो उस अपराध की रिपोर्ट कराना हर नागरिक का कानूनी कर्तव्य है।पीड़ित की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाती है। बच्चों के लिए उन्होंने संदेश दिया गुड टच और बेड टच की पहचान रखें उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार के कोई घटना होती है। तो अपने माता-पिता या भरोसेमंद व्यक्ति को तत्काल बताएं डरे नहीं आवाज़ उठाएं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जज अरुण कुमार, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निराजना शर्मा, उप निरीक्षक अनुज कुमार, महिला कांस्टेबल शालू, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास सरोज, पीएलवी अनूप कुमार ,महेश कुशवाहा, सचिन पांडे, पुनीत कुमार सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा है। कार्यक्रम का संचालन अनूप कुमार ने किया है।

राज्यमंत्री के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने नवागत जिलाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने आज नवागत जिलाधिकारी पीलीभीत आलोक कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनका जनपद में स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि जिलाधिकारी शासन की अंतिम व्यक्ति तक के हित की चिंता करने की नीति और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त और सबल उत्तर प्रदेश बनाने के लक्ष्य में सहयोग देते हुए सशक्त और सबल पीलीभीत बनने में पूर्ण सहयोग करेंगे।कपिल अग्रवाल ने जिलाधिकारी को भरा पचपेड़ा औद्योगिक हब को पीलीभीत-टनकपुर मुख्य हाईवे से जोड़ने हेतु स्वीकृत फोर लेन हाईवे के कार्य में लग रहे अत्यधिक समय के विषय में भी अवगत कराया और इसे शीघ्र पूर्ण करवाने हेतु प्रयास करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त इस औद्योगिक हब के महत्व को देखते हुए भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसके सबसे नजदीकी मझोला रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण की योजना बनाकर शासन को स्वीकृति हेतु भेजने का निवेदन किया।साथ ही मझोला-अमरिया मुख्य मार्ग के सिंगल होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को होने वाली समस्या को रेखांकित करते हुए दियुनी डैम बैराज की आयु पूर्ण होने के चलते उसके पुनर्निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने के लिए कहा।

इस मुलाकात के दौरान मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने मझोला नगर में मिनी स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव भेजने और नगर पंचायत के सीमा विस्तार पर चर्चा की।जिलाधिकारी आलोक कुमार ने शासन की नीतियों को धरातल पर उतारने हेतु दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए जनपद की सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु सर्वोत्तम प्रयास करने और इसके विकास हेतु समर्पित रहने का आश्वासन दिया।

दुश्मनी कभी बूढ़ी नहीं होती—20 साल पहले पिता नंदराम की हत्या की रंजिश में वेदराम की हत्या का आरोप

❒ वारदात के बाद दोनों नामजद भाइयों को पुलिस ने हिरासत में लिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के गांव बिलहरी में मंगलवार सुबह करीब दो दशक पुरानी रंजिश ने खूनी रूप ले लिया गांव निवासी करीब 50 वर्षीय वेदराम पुत्र भूपराम की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई बताया गया कि वेदराम सुबह करीब पांच बजे रोजाना की तरह टहलने के लिए घर से निकले थे आरोप है कि गांव के बाहर पहले से घात लगाए बैठे रामदेव और श्यामदेव ने उन पर बांका से हमला कर दिया सिर पर गंभीर वार लगने से वेदराम की मौके पर ही मौत हो गई।

वारदात की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया प्रारंभिक पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि करीब 20 वर्ष पहले वेदराम पर रामदेव और श्यामदेव के पिता नंदराम की हत्या का आरोप लगा था पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया इसी पुरानी रंजिश को मंगलवार सुबह हुई हत्या की वजह माना जा रहा है लंबे समय से चली आ रही रंजिश के बाद हुई इस वारदात ने गांव में सनसनी फैला दी परिजनों के मुताबिक, वेदराम सुबह घर से टहलने के लिए निकले थे इसी दौरान उन पर हमला कर दिया गया धारदार हथियार से गंभीर चोट लगने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया हत्या की सूचना मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचने लगे कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

परिजनों में कोहराम मच गया हत्या की सूचना मंगलवार सुबह करीब आठ बजे पुलिस को मिली जानकारी मिलते ही पूरनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नंदराम के पुत्र रामदेव और श्यामदेव को हिरासत में ले लिया दोनों से पूछताछ की जा रही है पुलिस हत्या में प्रयुक्त हथियार और वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों की भी पड़ताल कर रही है परिजनों की ओर से नंदराम के पुत्र रामदेव, श्यामदेव और श्रीदेव पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया गया है हालांकि पुलिस के आधिकारिक विवरण में फिलहाल रामदेव और श्यामदेव के नाम सामने आए हैं और दोनों को हिरासत में लिए जाने की बात कही गई है तीसरे व्यक्ति की भूमिका समेत अन्य आरोपों की जांच पुलिस कर रही है पुलिस ने वेदराम के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है पुलिस अधिकारियों के मुताबिक घटना की जांच जारी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के बाद हत्या की परिस्थितियों से जुड़े अन्य तथ्य सामने आने की उम्मीद है घटना के बाद गांव में पुलिस मौजूद है और फिलहाल कानून-व्यवस्था सामान्य बताई गई है।

आठ दिन से लापता युवती का पेड़ से लटका मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में आठ दिन से लापता 26 वर्षीय युवती का शव मंगलवार दोपहर महमूदपुर गांव के पास दियरा मार्ग किनारे झाड़ियों में पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। शव से दुर्गंध आने पर ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरूकर दी। कई दिन पुराना होने के कारण शव की हालत खराब हो चुकी थी।

भवनपुर गांव निवासी मुक्ता देवी पत्नी स्वर्गीय राममूरत निषाद ने 23 सितंबर को लंभुआ कोतवाली में तहरीर देकर अपनी बड़ी बेटी जानवती देवी के लापता होने की सूचना दी थी। परिजनों के मुताबिक जानवती 22 सितंबर को दोपहर करीब एक से दो बजे के बीच बिना बताए इलाज कराने दियरा बाजार गई थी। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। मंगलवार को महमूदपुर गांव के पास झाड़ियों में पेड़ से शव लटका मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो उनकी पहचान जानवती के रूप में हुई। शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवती की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है।

परिजनों का आरोप है कि गुमशुद्गी की सूचना देने के बाद भी युवती की तलाश में पुलिस की ओर से अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई गई। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी तरीके से तलाश की जाती तो संभवतः जानवती की जान बचाई जा सकती थी। इसे लेकर परिजनों में पुलिस के प्रति नाराजगी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस युवती की मौत के कारणों और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मौके पर सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर और इंस्पेक्टर धीरज कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

जायस पुलिस ने मारपीट और जानलेवा हमले में पांच युवकों को भेजा जेल

अमेठी। थाना जायस पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित पांच लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा,तीन जिन्दा कारतूस, एक डण्डा व एक हाकी के साथ ही दो लग्जरी कारों को भी बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर थाना जायस पुलिस द्वारा मारपीट के मामले में वांछित कार रिजवान अहमद पुत्र सलीम अहमद निवासी पूरे फाजिल थाना गौरीगंज, मोहम्मद असलम पुत्र आलिम रजा निवासी ग्राम लालपुर मजरे रामपुर नौरंगाबाद थाना जामो,इकरार अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी शर्मे थाना जामो,नफीस अहमद पुत्र इस्कार अहमद निवासी बरौलिया थाना जामो,इमरान पुत्र रईशुल निवासी रानीपुर मजरे बाजगढ़ी थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में रिजवान अहमद के कब्जे से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस एवं मोहम्मद असलम के कब्जे से दो जिन्दा कारतूस एवं स्विफ्ट कार से एक हाकी, एक डण्डा बरामद हुआ है।

राज्यमंत्री ने श्रीराम कथा की तैयारियों का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई, अमेठी। क्षेत्र के कस्बा तिलोई स्थित राजा विश्वनाथ शरण सिंह इण्टर कालेज के प्रांगण में आगामी एक अक्टूबर से प्रारम्भ होने वाली नौ दिवसीय श्रीराम कथा की तैयारियां पूर्ण हो गई है। राज्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर श्रीराम कथा की तैयारी का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिया। श्रीराम कथा आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा नगर तिलोई को रंग बिरंगी झालरों और झण्डों से सजाया जा रहा है।कथा प्रेमियों के स्वागत के लिये जगह जगह होर्डिंग और तोरणद्वार बनाये गये है।प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आगामी एक अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन आरबीएस कालेज तिलोई में किया गया है और दस अक्टूबर को शौर्य गाथा की आयोजन किया गया है।अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज द्वारा सायं साढ़े छह बजे से नौ बजे तक श्रोताओं को कथा का रसपान कराया जायेगा।श्रीराम कथा में यजमान की भूमिका रमई की ग्राम प्रधान अंकिता सिंह एवं बबलू सिंह द्वारा निभाई जायेगी।राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये समस्त व्यवस्थाओं के लिये कमेटी गठित कर दी गयी है जो अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सोमवार को राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह व ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने बताया कि श्रीराम कथा पण्डाल में एक साथ बीस हजार श्रोताओं के बैठने का प्रबंध किया गया है जिसमें महिलाओं के बैठने के लिये अलग से विशेष व्यवस्था की गयी है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल को रंग बिरंगी झालरों और फूलों से सजाया जा रहा है।श्रोताओं के स्वागत के लिये तिलोई नगर में जगह जगह पर होर्डिंग और झण्डियां लगायी जा रही है।कार्यक्रम स्थल को आधुनिक लाइटों से सजाया जायेगा।उन्होंने बताया कि पेयजल और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था की गई है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

परिषदीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर सेवा संकल्प समर्पण का दिया संदेश



पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड मरौरी में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय नाकुड़ में सेवा संकल्प के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगोली सजाकर सेवा और समर्पण का संदेश दिया।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें सेवा, स्वच्छता और शिक्षा के महत्व को दर्शाया गया। शिक्षकों ने बच्चों को सेवा संकल्प के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी और उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।विद्यालय की सहायक अध्यापिका अर्शी नाज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। सेवा संकल्प कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को स्वच्छता और सेवा भाव को अपने जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई गई।

दुर्घटना में चार की मौत पर भाजपा नेता डॉ. गुरभाग सिंह ने जताया शोक

पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति गहरा दुख व्यक्त करते हुए भाजपा नेता डॉ. गुरभाग सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त की है। भाजपा नेता डॉ. गुरभाग सिंह ने कहा कि यह हादसा अत्यंत दर्दनाक और हृदय विदारक है। एक साथ चार जिंदगियों का चले जाना पूरे परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार इस दुख में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की अपील भी की।गौरतलब है कि सड़क हादसों में लगातार बढ़ रही मौतों को लेकर लोगों में चिंता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की है।

कई माह पहले ट्रांसफर होने के बाद भी एडिटर का नहीं छूट रहा ब्लॉक से मोह

पूरनपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता। कई माह पहले बुलंदशहर तबादला होने के बाद भी एडिटर फूल सिंह का ब्लॉक से मोह नहीं छूट रहा है। चर्चा है कि ट्रांसफर के बाद भी वह लगातार ब्लॉक परिसर में सक्रिय नजर आ रहे हैं और विभागीय कार्यों में दखल दे रहे हैं।स्थानीय कर्मचारियों के अनुसार संबंधित एडिटर फूल सिंह का स्थानांतरण कई महीने पहले बुलंदशहर हो चुका है, उनके स्थान एडिटर बंशीधर यादव को नियुक्त किया गया है।फिर भी वह पूरनपुर ब्लॉक में अक्सर आते-जाते रहते हैं। उनके इस तरह ब्लॉक में बने रहने से नव तैनात कर्मचारियों के कामकाज में असुविधा हो रही है।कर्मचारियों का कहना है कि फूल सिंह के हस्तक्षेप के कारण ब्लॉक स्तर के कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं और फाइलों के निस्तारण में भी देरी हो रही है। इससे आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
लोगों ने उच्चाधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि ब्लॉक के कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और सरकारी कामकाज सुचारू रूप से चल सके।

मरौरी ब्लॉक के कई गांवों में पहुंचीं ब्लॉक प्रमुख, ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं



पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत जमुनिया, बंजरिया, बिठौरा कला, नवदिया घीसी आदि गांवों में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने जनसंपर्क अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान सम्मानित ग्रामवासियों का कुशलक्षेम जाना गया और मौके पर पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारित करवाया गया। साथ ही सेवा संकल्प अभियान के निमित्त सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों के साथ साझा की गई।कार्यक्रम में ममता देवी, सीमा देवी, पूजा देवी, निर्मला देवी, शोभावती, शगुन वर्मा, राजवती, मुन्नी देवी, द्रौपदी, मिथिलेश कुमारी आदि सम्मानित बहनें उपस्थित रहीं।ग्रामीण महिलाओं ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिनका मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास किया गया। उपस्थित बहनों ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया है।

सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

पूरनपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता। आर. एस. आर. डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर में मंगलवार को प्रातःकालीन सत्र में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के परिवहन विभाग प्रमुख आचार्य रवि वर्मा एवं आचार्य रोहित वर्मा के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई।गोष्ठी में ट्रैफिक एसआई विकास कुमार, हेड कांस्टेबल बाबू सिंह एवं कांस्टेबल सुमित चौधरी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग दुर्घटना में सिर की गंभीर चोट से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।अधिकारियों ने विद्यार्थियों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गति नियंत्रित रखने तथा यातायात संकेतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाना कानूनन अपराध है।प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम की जा सकती है।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सुरक्षित यातायात व्यवहार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और ‟सुरक्षित चलें, सुरक्षित पहुंचें” का संदेश परिवार और समाज तक पहुंचाने की शपथ ली।

ड्रीम ड्रामा आर्ट्स की टीम ने नुक्कड़ नाटक कर दिया सामाजिक संदेश



पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ड्रीम ड्रामा आर्ट्स की टीम ने शहर में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया। टीम के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रभावशाली संदेश दिया।नुक्कड़ नाटक के दौरान बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और कलाकारों की प्रस्तुति को ध्यान से देखा। टीम ने अभिनय के जरिए लोगों को स्वच्छता, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर जागरूक किया।कलाकारों का संदेश था कि समाज में बदलाव की शुरुआत खुद से करनी होगी। स्थानीय लोगों ने टीम के प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के नुक्कड़ नाटक समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।आयोजकों ने बताया कि ड्रीम ड्रामा आर्ट्स की टीम लगातार विभिन्न क्षेत्रों में जाकर इस तरह के कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, प्रधान नरेश पाल सिंह चौहान, ग्राम प्रधान महेश यादव, बृजेश कुमार प्रधान, राजेश मौर्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य विचित्र सिंह, ध्रुव सिंह, मानु सिंह सहित अन्य ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य ब्लॉक कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

डीएम ने आश्रम पद्धति इण्टर कालेज में छात्राओं संग बैठकर किया भोजन



अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति इण्टर कालेज असैदापुर का स्थलीय निरीक्षण कर पठन पाठन, छात्रावास, भोजन व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण करते हुये संबंधित अधिकारियों एवं प्रधानाचार्या को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने सबसे पहले मेस का निरीक्षण किया तथा छात्राओं को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया और मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही मेस एवं परिसर में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की साफ सफाई, पेयजल, विद्युत एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रधानाचार्या गीता वर्मा ने छात्रावास में कुछ तख्तों की कमी की जानकारी दी जिस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय अथवा अन्य उपलब्ध फंड से आवश्यक तख्तों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने कक्षाओं में पहुंचकर छात्राओं से उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया और सभी शिक्षकों को प्रतिदिन समय से विद्यालय पहुंचकर शिक्षण कार्य करने के लिये निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में चल रहे मरम्मत कार्यों का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर में उगी बड़ी घास को कटवाकर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाये रखने के भी निर्देश दिये।

सम्पादकीय

हरियाणवी प्रतिभाओं को संबल

हरियाणा सरकार के उस फैसले का स्वागत ही किया जाना चाहिए, जिसमें सरकार ने राज्य में नई खोजों को प्रोत्साहन देने के लिये पचास हजार रुपये तक की, पेटेंट रजिस्ट्रेशन फीस की प्रतिपूर्ति करने का निर्णय किया है। निश्चय ही इस कदम से उन छात्रों को संबल मिलेगा जो सीमित संसाधनों में राज्य व देश के लिये कुछ महत्वपूर्ण खोज करने का संकल्प रखते हैं। लेकिन पेटेंट तो महज एक शुरुआत भर है। असली मुश्किल सवाल यह है कि पेटेंट सर्टिफिकेट मिलने पर मेधावी युवा क्या करेंगे। निर्विवाद रूप से भारत में प्रतिभावान छात्रों, रिसर्च पेपर्स या पेटेंट की कोई कमी नहीं है। दरअसल, कमी है तो उस इकोसिस्टम की जो किसी विचार या आइडिया को लैब या विश्वविद्यालय प्रोजेक्ट से निकालकर व्यावसायिक दृष्टि से सफल उत्पाद बनाता है। यही वजह है कि छात्रों को पेटेंट के लिये पैसे देने में मदद करने वाली नीति के साथ-साथ प्रोटोटाइपिंग, टेस्टिंग, बौद्धिक संपदा संरक्षण और नये विचार को मार्केट तक पहुंचाने में मदद मिलनी चाहिए। हरियाणा के लिये यह अवसर बेहद महत्वपूर्ण है। राज्य के विश्वविद्यालय और तकनीकी संस्थान खेती से जुड़ी विभिन्न तकनीकों, जल प्रबंधन, उत्पादन, हेल्थकेयर और स्वच्छ ऊर्जा आदि अन्य क्षेत्रों में इनोवेशन के इंजन बन सकते हैं। इसके लिये सिर्फ एक बार प्रोत्साहन राशि देने के बजाय लगातार निवेश करने की जरूरत होगी। राज्य को अपनी पेटेंट पॉलिसी की सफलता को सिर्फ पेटेंट की फीस की प्रतिपूर्ति वाले आवेदनों की संख्या से नहीं, बल्कि इस बात से अपनी सफलता का मूल्यांकन करना चाहिए कि उन पेटेंटों से व्यवहार में क्या हासिल हुआ। मसलन राज्य में कितने स्टार्ट-अप बने। राज्य में कितनी टेक्नोलॉजी का व्यवसायीकरण हुआ। उससे राज्य में नौकरियों की संख्या में कितनी वृद्धि हुई। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि पेटेंट किसी विचार या खोज को सुरक्षा देता है। लेकिन वह इस बात की गारंटी कदापि नहीं है कि व्यवहार में उसका उपयोग राज्य व देश के लिये कितना लाभदायक होगा। यही वजह है कि हरियाणा को व्यवहार में ज्यादा से ज्यादा समस्याओं के समाधान करने वाले उद्यमों और उत्पाद बनाने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए।

> असली मुश्किल सवाल यह है कि पेटेंट सर्टिफिकेट मिलने पर मेधावी युवा क्या करेंगे। निर्विवाद रूप से भारत में प्रतिभावान छात्रों, रिसर्च पेपर्स या पेटेंट की कोई कमी नहीं है। दरअसल, कमी है तो उस इकोसिस्टम की जो किसी विचार या आइडिया को लैब या विश्वविद्यालय प्रोजेक्ट से निकालकर व्यावसायिक दृष्टि से सफल उत्पाद बनाता है। यही वजह है कि छात्रों को पेटेंट के लिये पैसे देने में मदद करने वाली नीति के साथ-साथ प्रोटोटाइपिंग, टेस्टिंग, बौद्धिक संपदा संरक्षण और नये विचार को मार्केट तक पहुंचाने में मदद मिलनी चाहिए।

पाकिस्तान के बेतूके सवाल: भारत के सटीक जबाव

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 26 सितंबर को महासभा में सटीक, तीक्ष्ण एवं प्रभावी वक्तव्य में पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि एक 'सीरियल प्रैक्टिशनर ऑफ टेररिज्म' ने एक दिन पहले तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया और आतंकवाद को सामान्य बनाने तथा उसके परिणामों से बचने का प्रयास किया, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध आत्मरक्षा के अपने अधिकार का प्रयोग करेगा और आतंकवाद को प्रायोजित करने वाली सरकारों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आतंकवाद के वित्तीय स्रोतों को उजागर करने और उन पर कार्रवाई की आवश्यकता भी रेखांकित किया। इसके एक दिन पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने संबोधन में कश्मीर का मुद्दा उठाया और भारत द्वारा सिंधु जल संधि को रोकने के निर्णय की आलोचना की। पाकिस्तान ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया, जबकि भारत की ओर से पाकिस्तान के सीमा-पार आतंकवाद संबंधी रुख पर सवाल उठाए गए। पाकिस्तान की प्रतिनिधि ने भी भारत पर आतंकवाद और कश्मीर को लेकर गंभीर आरोप लगाए। इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र का मंच एक बार फिर दोनों देशों के पारस्परिक आरोप-प्रत्यारोप का साक्षी बना। लेकिन असली प्रश्न यह है कि इन आरोपों के बाद भी समाधान की दिशा में कितना रास्ता तय हुआ?

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें अधिवेशन में भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर वही पुराने सवाल सामने आए, जिनका समाधान दक्षिण एशिया की शांति और स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 81वां अधिवेशन 8 सितंबर 2026 से शुरू हुआ और इसकी सामान्य बहस 22 से 26 सितंबर के बीच हुई। इस वर्ष की बहस का घोषित केंद्रीय विषय था-विश्वास बहाल करना, परिवर्तन का प्रबंधन करना और ऐसी संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था बनाना जो सभी के लिए प्रभावी हो। ऐसे समय में जब दुनिया युद्धों, आतंकवाद, आर्थिक असमानता, ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव से जूझ रही है, यह सवाल और महत्वपूर्ण हो जाता है कि दक्षिण एशिया कब पुराने विवादों के चक्र से बाहर निकलेगा। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 26 सितंबर को महासभा में सटीक, तीक्ष्ण एवं प्रभावी वक्तव्य में पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि एक 'सीरियल प्रैक्टिशनर ऑफ टेररिज्म' ने एक दिन पहले तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया और आतंकवाद को सामान्य बनाने तथा उसके परिणामों से बचने का प्रयास किया, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध आत्मरक्षा के अपने अधिकार का प्रयोग करेगा और आतंकवाद को प्रायोजित करने वाली सरकारों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आतंकवाद के वित्तीय स्रोतों को उजागर करने और उन पर कार्रवाई की आवश्यकता भी रेखांकित किया। इसके एक दिन पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने संबोधन में कश्मीर का मुद्दा उठाया और भारत द्वारा सिंधु जल संधि को रोकने के निर्णय की आलोचना की। पाकिस्तान ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया, जबकि भारत की ओर से पाकिस्तान के सीमा-पार आतंकवाद संबंधी रुख पर सवाल उठाए गए। पाकिस्तान की प्रतिनिधि ने भी भारत पर आतंकवाद और कश्मीर को लेकर गंभीर आरोप लगाए। इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र का मंच एक बार फिर दोनों देशों के पारस्परिक आरोप-प्रत्यारोप का साक्षी बना। लेकिन असली प्रश्न यह है कि इन आरोपों के बाद भी समाधान की दिशा में कितना रास्ता तय हुआ?

पाकिस्तान के सामने सबसे बड़ा प्रश्न आतंकवाद को लेकर उसकी नीति का है। भारत लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि पाकिस्तान की धरती से या उसके संरक्षण में सक्रिय आतंकी नेटवर्क भारत की सुरक्षा के लिए चुनौती पैदा करते हैं। जयशंकर ने इसी संदर्भ में कहा कि आतंकवाद और मित्रता साथ-साथ नहीं चल सकते और आतंकवाद के कर्ता को अपना रास्ता बदलना होगा। दूसरी ओर पाकिस्तान भारत पर भी आतंकवाद को समर्थन देने के आरोप लगाता है और अपने यहां होने वाली हिंसक घटनाओं के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराता है। इन परस्पर आरोपों की सच्चाई और प्रमाण अलग-अलग मामलों में जांच का विषय हो सकते हैं, लेकिन इतना निर्विवाद है कि पाक आतंकवाद को पोषित कर भारत की शांति का भंग करता रहा है, इन आतंकी घटनाओं ने दोनों देशों की जनता को भारी मानवीय, आर्थिक और सामाजिक कीमत चुकाने पर मजबूर किया है। तो फिर सवाल उठता है-पाकिस्तान आखिर कब यह स्वीकार करेगा कि आतंकवाद किसी भी राष्ट्र की स्थायी विदेश नीति नहीं बन सकता? आतंकवाद यदि किसी देश के लिए रणनीतिक साधन बनता है तो अंततः वही साधन उस देश की आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता के लिए भी समस्या बन सकता है। पाकिस्तान स्वयं लंबे समय से आतंकवादी हिंसा से जूझ रहा है। ऐसे में उसके सामने यह ऐतिहासिक अवसर है कि वह आतंकवाद के प्रश्न को केवल भारत-विरोधी दृष्टिकोण से न देखकर अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और भविष्य के संदर्भ में भी देखे। आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई केवल किसी दूसरे देश की मांग पूरी करने के लिए नहीं, बल्कि पाकिस्तान के अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। दूसरा प्रश्न कश्मीर का है। पाकिस्तान ने इस बार भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का मुद्दा उठाया। लेकिन लगभग आठ दशक से चली आ रही इस बहस ने यह साबित कर



दिया है कि केवल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बयान देने से समस्या का समाधान नहीं होता। कश्मीर के नाम पर भारत और पाकिस्तान के बीच अविश्वास बढ़ता है, सुरक्षा तनाव पैदा होता है और दोनों देशों की विकास प्राथमिकताएं प्रभावित होती हैं। यदि पाकिस्तान वास्तव में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता चाहता है, तो उसे यह विचार करना होगा कि कश्मीर को अपनी विदेश नीति के स्थायी केंद्र में रखकर वह अपने नागरिकों के भविष्य के लिए क्या हासिल कर रहा है। हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर का उल्लेख करना और घरेलू समस्याओं को पीछे छोड़ देना किसी भी देश के लिए दीर्घकालिक समाधान नहीं हो सकता। तीसरा और शायद सबसे गंभीर प्रश्न पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और वहां के आम नागरिक की जिंदगी का है। महंगाई, रोजगार, ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दे किसी भी सरकार के लिए मूलभूत जिम्मेदारियां हैं। विदेश नीति तभी सार्थक होती है जब उसका अंतिम उद्देश्य देश के नागरिकों के जीवन को सुरक्षित, समृद्ध और सम्मानजनक बनाना हो। पाकिस्तान के लिए यह समय इस बात पर गंभीरता से विचार करने का है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ राजनीतिक और कूटनीतिक अभियान चलाने की तुलना में उसकी जनता की आर्थिक आवश्यकताओं, संस्थागत स्थिरता और मानव विकास पर अधिक ऊर्जा लगाना कितना आवश्यक है। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि भारत-पाक संबंधों को केवल आरोप-प्रत्यारोप के चश्मे से न देखा जाए। भारत की अपनी सुरक्षा चिंताएं वास्तविक हैं और किसी भी सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा करना है। जयशंकर ने भी संयुक्त राष्ट्र में भारत के आत्मरक्षा के अधिकार और आतंकवाद के विरुद्ध शून्य-सहिष्णुता की बात कही। लेकिन इसी के साथ क्षेत्रीय शांति के लिए यह भी आवश्यक है कि आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ता और संवाद की संभावनाओं के बीच संतुलन खोजा जाए। संवाद तभी सार्थक हो सकता है जब हिंसा और आतंकवाद के प्रश्न पर स्पष्टता हो। पाकिस्तान को यह भी समझना होगा कि दुनिया आज केवल बयान नहीं सुनती, बल्कि नीतियों और व्यवहार को भी देखती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा का मूल उद्देश्य ही बहुपक्षीय संवाद, शांति और सहयोग के लिए मंच उपलब्ध कराना है। यदि इस मंच का इस्तेमाल एक-दूसरे के विरुद्ध आरोपों को दोहराने में ही होता रहे, तो दोनों देशों के नागरिकों को उससे क्या हासिल होगा? भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी हैं। इसलिए इनके बीच तनाव केवल द्विपक्षीय समस्या नहीं रहता, उसका प्रभाव पूरे दक्षिण एशिया की सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता पर पड़ सकता है। आज पाकिस्तान के सामने सबसे बड़ा आत्ममंथन यही होना चाहिए कि वह अपने भविष्य को किस आधार पर निर्मित करना चाहता है-पुराने विवादों, कश्मीर-केंद्रित राजनीति और आतंकवाद के आरोपों के आधार पर या आर्थिक विकास, शिक्षा, रोजगार, संस्थागत मजबूती और क्षेत्रीय सहयोग के आधार पर? भारत के सामने भी चुनौती यही है कि सुरक्षा से समझौता किए बिना दक्षिण एशिया में स्थायी शांति की संभावनाओं को खुला रखा जाए। पाकिस्तान कब बदलेगा, इसका उत्तर कोई दूसरा देश नहीं दे सकता। परिवर्तन अंततः पाकिस्तान की अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति, संस्थागत निर्णयों और नीति-निर्माताओं पर निर्भर करेगा। लेकिन दिशा स्पष्ट है-आतंकवाद को किसी भी रूप में राजनीतिक साधन न बनने देना, अपनी जनता की आर्थिक जरूरतों को प्राथमिकता देना, कश्मीर के नाम पर लगातार टकराव की नीति से आगे बढ़ना और पड़ोसियों के साथ संबंधों को हिंसा के बजाय विश्वास तथा पारस्परिक सम्मान के आधार पर विकसित करना। यदि पाकिस्तान यह रास्ता चुनता है तो उसका लाभ केवल भारत को नहीं, स्वयं पाकिस्तान के नागरिकों और पूरे दक्षिण एशिया को मिलेगा। और यदि वह पुराने रास्ते पर ही चलता रहा, तो सबसे बड़ा प्रश्न दुनिया से अधिक उसके अपने नागरिकों के सामने खड़ा होगा-आखिर कब तक अतीत की राजनीति भविष्य की पीढ़ियों का वर्तमान तय करती रहेगी? **-ललित गर्ग**

बच्चों की काला बाजारी का फलता-फूलता कारोबार, पंजाब भी अछूता नहीं

सुभाष आनंद

पिछले 4 वर्षों में राज्य से 1082 बच्चे लापता हुए, जिनमें से पुलिस केवल 402 बच्चों को ही ढूंढ पाई। शेष 680 बच्चों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला। आशंका है कि ये बच्चे संगठित अपराध के जाल में फंस चुके हैं।

बच्चों की तस्करी और काला बाजारी का धंधा वैश्विक रूप ले चुका है। चिंता की बात यह है कि भारत में भी यह कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है और अब पंजाब भी इससे अछूता नहीं रहा। पंजाब सरकार के आंकड़े स्थिति की गंभीरता बताते हैं। पिछले 4 वर्षों में राज्य से 1082 बच्चे लापता हुए, जिनमें से पुलिस केवल 402 बच्चों को ही ढूंढ पाई। शेष 680 बच्चों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला। आशंका है कि ये बच्चे संगठित अपराध के जाल में फंस चुके हैं। सरकार की ही रिपोर्ट के अनुसार इसी अवधि में 120 महिलाओं और 31 बच्चों को तस्करी के जाल से बचाया गया है। हाल ही में पंजाब में एक दंपति द्वारा नशे की लत पूरी करने के लिए अपने दो साल के बच्चे को 5 लाख रुपये में बेचने का मामला सामने आया। यह घटना बताती है कि यह धंधा कितना गहरा हो चुका है। सूत्रों के अनुसार राज्य के कई निजी अस्पतालों में यह कारोबार सक्रिय है, जिसमें कुछ दाइयों और स्टाफ नर्सों की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। 35 वर्षीय विधवा अनु सिन्हा का मामला इस गिरोह के तौर-तरीकों को उजागर करता है। अनु के अनुसार वह कनॉट प्लेस में एक ज्वेलरी शॉप में काम करती थी। वहां एक महिला ने नौकरी के लिए आवेदन किया और एक महीने बाद अचानक गायब हो गई। साथ ही अनु की दो साल की बेटी भी लापता हो गई। बाद में जांच में पता चला कि उस महिला द्वारा फर्म में भरा गया ब्योरा फर्जी था। एक महीने बाद बच्ची गुड़गांव से बरामद हुई, जहां एक तथाकथित बेबी फैक्ट्री संचालित होने की बात सामने आई। सहायता संगठन एसओएस चिल्ड्रन विजिलेंस के प्रमुख के अनुसार नवजात बच्चों की तस्करी मुख्य रूप से निसंतान दंपतियों को बच्चा उपलब्ध कराने के नाम पर की जाती है। अधिकांश मामले अवैध गोद का रूप ले लेते हैं, पर कुछ मामलों में बच्चों को बंधुआ मजदूरी, यौन शोषण और अंग तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में धकेला जाता है। सूत्रों के अनुसार अवैध बाजार में एक लड़के की कीमत 5 लाख रुपये और लड़की की कीमत 3 लाख रुपये तक बताई जा रही है। गरीब परिवारों से बच्चों को खरीदने के लिए बाकायदा लिखित समझौते कराए जाते हैं ताकि भविष्य में कानूनी अड़चन न आए। पुलिस द्वारा बचाई गई अधिकांश युवतियां तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से लाई गई थीं, जिन्हें रोजगार के बड़े वादे कर लाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार देश में सबसे अधिक बच्चे महानगरों से चोरी या गुम हो रहे हैं। एक सामाजिक मान्यता कि संतान के बिना विवाह अधूरा है और कानूनी रूप से बच्चा गोद लेने की जटिल प्रक्रिया भी कई दंपतियों को अवैध रास्ता अपनाने के लिए प्रेरित करती है। विश्व स्तर पर नाइजीरिया, मिस्र, इथियोपिया, घाना, केन्या, लाइबेरिया, युगांडा और दक्षिण अफ्रीका से भी बच्चों की तस्करी के चिंताजनक आंकड़े सामने आए हैं। पंजाब में यह धंधा पिछले 10 वर्षों में तेजी से बढ़ा है। बड़े अस्पतालों की भूमिका की जांच और गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाना इस समस्या के समाधान के लिए जरूरी कदम हैं। सोशल मीडिया पर कुछ संगठनों द्वारा बेबी फैक्ट्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों को समर्थन मिल रहा है, पर जब तक ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक लापता 680 बच्चों का सवाल अनुत्तरित ही रहेगा।

सेहत मंत्र

प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने की ना करें भूल, सेहत को होगा नुकसान


ऐसा कहा जाता है कि जल ही जीवन है। अर्थात पानी के बिना व्यक्ति अपने जीवन की कल्पना तक भी नहीं कर सकता। स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद आवश्यक है। हालांकि, इस दौरान आपको इस बात का भी ध्यान रखना होता है कि आप पानी का सेवन किस तरह कर रहे हैं। कुछ लोग पानी को प्लास्टिक की बोतल में स्टोर करके रखते हैं और फिर उसी बोतल से पानी पीते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना सेहत के लिए बेहद हानिकारक माना गया है। अक्सर लोग प्लास्टिक की बोतल में पानी लेकर निकल पड़ते हैं। लेकिन जब यह सूर्य के सीधे संपर्क में आकर गर्म होती हैं, तो इस तरह के हीटिंग से डाइऑक्सिन नामक टॉक्सिन निकलता है जिसका सेवन करने पर स्तन कैंसर में तेजी आ सकती है। प्लास्टिक की बोतल में पानी का सेवन महिलाओं के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं माना गया है। बाइफिनाइल ए एक एस्ट्रोजन-एक रसायन है जो लड़कियों में मधुमेह, मोटापा, प्रजनन समस्याओं, व्यवहार संबंधी समस्याओं और शुरुआती यौवन जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है। प्लास्टिक की बोतल से पानी को स्टोर और पीना बेहतर नहीं है। जब हम प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीते हैं तो इससे इम्युन सिस्टम काफी प्रभावित होता है। प्लास्टिक की बोतलों से निकलने वाले रसायन हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को खराब कर देते हैं। प्लास्टिक में फोथलेट्स नामक रसायन की उपस्थिति के कारण, प्लास्टिक की बोतलों से पानी पीने से लीवर कैंसर और शुक्राणुओं की संख्या में कमी भी हो सकती है। इसलिए, जहां तक हो सके, प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना अवॉयड करें। आप स्टील की बोतल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, आजकल मिट्टी की बोतलें भी आपको आसानी से मिल जाएंगी।

धर्म मंत्र

बेहद प्रसिद्ध है राजस्थान में स्थित मां शाकंभरी देवी का मंदिर

देवी का पूजन पूरे देश में कई रूपों में किया जाता है। लेकिन राजस्थान के सांभर इलाके में मां दुर्गा के एक रूप शाकंभरी देवी का पूजन किया जाता है। यहां पर देवी शाकंभरी का एक मंदिर भी है, जहां पर लोग दूर-दूर से दर्शन करने के लिए आते हैं। यह मंदिर सांभर झील के किनारे पर है, यह स्थान राजस्थान में जयपुर से 90 किमी दूर है। देवी मां ने समय-समय पर भक्तों के दुख दूर करने के लिए कई अवतार लिए। इन्हीं में से एक देवी शाकंभरी भी है। एक बार जब पृथ्वी पर अकाल पड़ा, तो सभी देवी-देवता माता शक्ति की पूजा करने लगे। जब मां उनसे प्रसन्न हुई, उन्होंने आदि शक्ति का रूप धारण किया। उन्हें मनुष्य को अकाल से बचाने के लिए पृथ्वी पर अपनी दिव्य दृष्टि डाली और इसके बाद बंजर पृथ्वी पर जड़ी-बूटी उत्पन्न हुई। जिसके खाकर सभी लोगों ने अपनी भूख मिटाई। इसके कारण ही मां शक्ति के इस रूप को शाकंभरी नाम से पुकारा गया। इस मंदिर की स्थापना चौहान वंश के शासक वासुदेव द्वारा की गई थी। यह मंदिर सातवीं सदी में बनाया गया। इस मंदिर को मां शाकंभरी चौहान वंश की कुलदेवी भी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि शाकंभरी माता मंदिर में देवी मां की जो प्रतिमा लगी है, वह मां शक्ति की कृपा से प्रकट हुई स्वयंभू प्रतिमा है। इस स्थान में शाकंभरी देवी को बहुत अधिक माना जाता है और सांभर में होने वाली कोई भी पूजा मां के आशीर्वाद के बिना पूरी नहीं होती।

पर्यटन



दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल पूरी दुनिया में आकर्षण का केन्द्र

भारत का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है। यहां पर आपको भव्य महल से लेकर प्राचीन किले और राजसी संरचनाएं पूरी दुनिया के आकर्षण का केन्द्र है। भारत का अपना एक समृद्ध इतिहास रहा है, जिसकी झलक आज भी देखी जा सकती है। भारत के इतिहास को करीब से देखने और जानने के लिए लोग विदेशों से यहां आते हैं। आगरा का ताजमहल किसी पहचान का मोहताज नहीं है। दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल पूरी दुनिया में आकर्षण का केन्द्र है। उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थित ताजमहल को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। वैसे तो ताजमहल बनने के बाद बहुत से लोगों ने इसे बनाने की कोशिश की, लेकिन पूरी तरह से कोई भी कामयाब नहीं हो पाया। इस भव्य सफ़ेद संगमरमर की सरंचना को 1632 में शाहजहां द्वारा अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया गया था। इस शानदार इमारत को बनने में करीबन 22 साल लग गए थे। अगर आप मुग़ल काल के समृद्ध इतिहास की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं तो आगरा के किले को देखें। यह भारत के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थानों में से एक है जो पूरी तरह से लाल बलुआ पत्थर से निर्मित है। 1565 में अकबर द्वारा निर्मित, भारत के इस ऐतिहासिक पर्यटन स्थल में दो सजावटी द्वार हैं: अमर सिंह गेट और दिल्ली गेट। आप प्रवेश द्वार, दरबार, मार्ग, महल और मस्जिदों से भरे एक प्राचीन शहर को देखने के लिए केवल अमर सिंह गेट से प्रवेश कर सकते हैं। यह आगरा में घूमने के लिए सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। भारतीय और फारसी वास्तुकला का एक सुंदर संश्लेषण, हुमायूँ का मकबरा भारत में सबसे प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है। हुमायूँ की पत्नी हमीदा बानू बेगम ने 15 वीं शताब्दी में अपने पति के लिए इस मकबरे का निर्माण शुरू किया। धनुषाकार एल्कॉवर्स, सुंदर गुंबद, विस्तृत गलियारे और कियोस्क? सभी इस स्मारक को भारतीय वास्तुकला की भव्यता बनाते हैं। मुख्य मकबरे के दक्षिण-पश्चिम की ओर एक नाई का मकबरा भी है।

मुक्त कब्जे की बेश कीमती जमीन पर बन रहा किसान कल्याण केंद्र

बाराबंकी में जहाँ सरकारी जमीनों पर 'आधे-आधे' का खेल, वहीं कुर्सी में विधायक साकेन्द्र ने रचा इतिहास



❐ जिसे लोग रसूखदार की निजी जागीर समझते थे, वो निकली सरकारी जमीन, बाउंड्री टूटी तो निकला एक करोड़ के किसान भवन का रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। एक तरफ पूरा बाराबंकी जिला सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों की कहानी कह रहा है, तो दूसरी तरफ कुर्सी विधानसभा ने एक ऐसी नजीर पेश की है जिसकी चर्चा आज हर चौपाल पर है।

विकासखंड निंदूरा में लखनऊ-महमूदाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित बेशकीमती सरकारी जमीन। वर्षों से इस पर पक्की बाउंड्री खड़ी कर कब्जा जमा लिया गया था। हालात ये थे कि आसपास के लोग और वहाँ से गुजरने वाले राहगीर तक इसे किसी निजी व्यक्ति की मिल्कियत समझते थे। किसी में हिम्मत नहीं थी कि सच जानने की कोशिश भी करे।

क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने इस खेल को न सिर्फ पकड़ा, बल्कि पूरी बेशकीमती जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। और मुक्त कराकर उस पर कब्जा नहीं, बल्कि किसानों के कल्याण की इमारत खड़ी करने का संकल्प लिया। बीती फरवरी माह में विधायक ने लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले किसान कल्याण केंद्र का भूमि पूजन किया था, जो आज भव्य भवन के रूप में मूर्त रूप ले चुका है। जैसे-जैसे बिल्डिंग अपना आकार ले रही है, लोगों को अहसास हो रहा है कि यह निजी नहीं, सरकारी जमीन थी जो अब किसान पंचायत का केंद्र बनेगी।

बाराबंकी की दो तस्वीरें - फर्क साफ है

तस्वीर-1: लूट का मॉडल (रामनगर, दरियाबाद, रामसनेहीघाट)
जिले में यह किसी से छुपा नहीं कि तालाब, झील, बंजर, खलिहान और आम रास्ते की जमीनें या तो नेताओं के कब्जे में हैं या उनके समर्थकों के। इस 'आधे-आधे के खेल' में राजस्व कर्मी भी बहती गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। सबसे ज्यादा खेल रामनगर में चल रहा है जहाँ महादेवा कॉरिडोर ड्रीम प्रोजेक्ट के नाम पर जमीनों का बंदरबांट जारी है। दरियाबाद में तो झीलों का स्वरूप ही मिटा दिया गया। जाँच में कब्जा पुष्ट होने के बाद भी कब्जेदारों पर मुकदमा नहीं हुआ और मामला 'चोर-चोर मौसेरे भाई' बनकर रह गया। रामसनेहीघाट तहसील में तो राजस्व अमला खुलेआम राजनैतिक प्रभाव में खेला कर रहा है।

तस्वीर-2: विकास का मॉडल (कुर्सी विधानसभा)
और वहीं, कुर्सी विधानसभा के हालात बिल्कुल जुदा हैं। यहाँ कहानी कब्जा करने की नहीं, कब्जा मुक्त कराने की है। इसीलिए आज आम जन की जुबान पर एक ही बात है - ''साकेन्द्र कुर्सी के विधायक नहीं, जमीनी नेता हैं।

किसान कल्याण केंद्र - सिर्फ बिल्डिंग नहीं, किसानों की तकदीर
यह केंद्र किसानों के लिए ऑल-इन-वन सेंटर होगा:
- उन्नत खेती, जैविक खेती पर विशेषज्ञों से सलाह
- प्रमाणित बीज, खाद, कीटनाशक की सही जानकारी से लागत में कमी
- पीएम किसान, फसल बीमा, कृषि यंत्रीकरण जैसी सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ
- ड्रिप सिंचाई, पशुपालन, मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण व चौपाल
- फसल रोग व आपदा में तुरंत समाधान और मंडी भाव की सटीक जानकारी

एक ही जमीन, दो सोच। कहीं जमीन को लूटकर तिजोरी भरी जा रही है, तो कहीं उसी जमीन को लुटेरों से छीनकर किसानों के नाम किया जा रहा है। कुर्सी ने आज पूरे बाराबंकी को बता दिया है कि इच्छाशक्ति हो तो अतिक्रमण भी कल्याण में बदल जाता है।

बाराबंकी में विकास का 'वाटरप्रूफ' फर्जीवाड़ा बेनकाब

बाहर मूसलाधार बारिश में गिरे थे पेड़, अंदर पोर्टल पर लग रही थी मजदूरों की हाजिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। चारों तरफ पानी ही पानी था। तेज हवाओं से पेड़ गिरे पड़े थे, आवागमन बाधित था, लोग घरों से नहीं निकल पा रहे थे। लेकिन बाराबंकी के विकास विभाग का विकास तब भी जारी था - कागजों पर, पोर्टल पर।

वीबी-जी रामजी योजना'' के नाम पर चल रहे इस खेल ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी है।

'25 सितंबर - जब बारिश में भी मनरेगा जैसी हाजिरी: जिस दिन जिले में लगातार बारिश और तेज हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त था, उस दिन विभाग के पोर्टल पर हाजिरी के आंकड़े कुछ और ही कहानी कह रहे थे।

पुरेडलई ब्लॉक: 130 श्रमिक हाजिर
रामनगर: 370 श्रमिक हाजिर
सूरतगंज: 215 श्रमिक हाजिर
सिरौली गौसपुर: 83 श्रमिक हाजिर

कुल 13 ब्लॉकों में 969 श्रमिकों की ऑनलाइन हाजिरी दर्ज। सवाल यह है कि जब खेतों में घुटने भर पानी था, तो ये 969 श्रमिक कौन सी सड़क पर मिट्टी डाल रहे थे?

26 सितंबर - जब उच्चाधिकारियों की नजर पड़ी तो ग्राफ गिरा:''

बारिश के बीच फर्जी हाजिरी की खबर जब उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आई, तो अगले ही दिन जादू हो गया।

- रामनगर में 370 से घटकर 38 श्रमिक रह गए
- सूरतगंज में 215 से घटकर 68
- पूरेडलई और सिरौली गौसपुर में तो हाजिरी शून्य

मतलब, एक दिन में 90% मजदूर गायब ? क्या ये मजदूर बारिश में बह गए या फिर पहली हाजिरी ही हवा-हवाई थी?

'29 सितंबर - फिर से वही खेल शुरू:''

बारिश थमते ही फिर से पोर्टल पर बहार आ गई। शाम 5 बजे तक के आंकड़े देखिए -

- वि.ख.''रामनगर: 22 कार्यों के 65 मस्टर रोल पर 485 श्रमिक हाजिर
- विखं ''सूरतगंज:'' 16 कार्यों पर 215 श्रमिक
- पूरेडलई:'' 3 कार्यों पर 101 श्रमिक
- ''सिरौली गौसपुर:'' 7 कार्यों पर 67 श्रमिक

25 से 29 सितंबर के बीच हाजिरी का यह उतार-चढ़ाव चीख-चीख कर कह रहा है कि धरातल पर काम कम और पोर्टल पर हाजिरी का खेल ज्यादा चल रहा है।चारों तरफ पानी भरा है, पेड़ गिरे हैं, रास्ते बंद हैं और विकास विभाग का बाबू कह रहा है - विकास जारी है। यह कैसा विकास है जो बारिश में भीगता नहीं, बल्कि पोर्टल पर ही पूरा हो जाता है? इसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है। जनपद में पूर्णकालिक डीपीआरओ,का अभाव! प्रभाव.? स्थानांतरण के बाद जिले को कोई नया डीपीआरओ नहीं मिला। डीडीओ साहब प्रभारी है। आरोप उनके देखरेख में विकास की रफ्तार कुछ अधिक ही बढ़ गई है। आमजन की गाढी कमाई का करोड़ों रुपया अफसरों के फोन पर खर्च हो रहा है, परंतु डीपीआरओ फोन नहीं उठा रहा।

बढ़ रहा कीट का प्रकोप, रोकथाम न होने से प्रभावित हो सकती है पैदावार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिले में धान की फसल पर तना छेदक कीट का प्रकोप देखने को मिल रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ की कीट वैज्ञानिक डॉ. रिंकी चौहान ने किसानों को इस कीट से फसल बचाने के लिए समय पर पहचान और उचित प्रबंधन की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि तना छेदक कीट की सुंडियां धान के पौधों के तनों में प्रवेश कर उन्हें भीतर से नुकसान पहुंचाती हैं। इससे पौधों की बढ़वार रुक जाती है और बालियों में दाने नहीं बन पाते।

डॉ. चौहान के अनुसार, इस कीट की सुंडी का शरीर हल्का पीला और सिर नारंगी-पीले रंग का होता है। सुंडी पौधे की गोभ में प्रवेश कर तने को भीतर से काट देती है। इससे पौधे की बीच वाली पत्तियां सूख जाती हैं। इसे डेड हार्ट कहा जाता है। प्रभावित सूखी पत्तियों को आसानी से हाथ से खींचकर निकाला जा सकता है। फसल की बाद की अवस्था में प्रकोप होने पर बालियां सफ़ेद होकर सूख जाती हैं और उनमें दाने नहीं बनते।

उन्होंने बताया कि कीट के प्रबंधन के लिए रोपाई के समय पत्तियों पर मौजूद अंड समूहों को नष्ट करना चाहिए। प्रतिरोधी किस्मों का चयन करने के साथ ही प्रति एकड़ पांच फ़ेरोमोन ट्रैप और प्रति हेक्टेयर एक लाइट ट्रैप लगाना लाभकारी है। जैविक नियंत्रण के लिए अंड परजीवी ट्राइकोग्रामा जैपोनिकम का प्रयोग एक-एक सप्ताह के अंतराल पर तीन बार किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पांच प्रतिशत नीम बीज गिरी अर्क अथवा एजाडिरेक्टिन 0.03 प्रतिशत का प्रयोग भी किया जा सकता है।डॉ. चौहान ने किसानों को सलाह दी कि खेतों की नियमित निगरानी करें। यदि फसल में 10 प्रतिशत डेड हार्ट अथवा दो प्रतिशत सफ़ेद बालियां दिखाई दें तो कीट नियंत्रण के लिए कृषि विशेषज्ञ की सलाह से उपयुक्त कीटनाशक का प्रयोग करें। कीटनाशक का चयन करते समय धान की फसल के लिए उसकी स्वीकृति, निर्धारित मात्रा और पैकेट पर दिए गए निर्देशों का पालन अवश्य करें।

फसले बर्बाद भाकियू ने मांगा मुआवजा

बेलहरा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लगातार बारिश और तेज हवाओं से धान समेत खरीफ फसलों को हुए नुकसान पर भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने मंगलवार को तहसील अध्यक्ष दद्दन सिंह के नेतृत्व में एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने खेतों का सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। दद्दन सिंह ने कहा कि जलभराव से धान और सब्जियों की फसलें बर्बाद होने से किसान आर्थिक संकट में हैं। इस दौरान अजीत विश्वकर्मा, सुमित वर्मा, हंसराज वर्मा, उपेंद्र चौहान, अनुरुद्ध सिंह, आकाश चौहान समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

अशोक सिंघल को विहिप कार्यकर्ताओं की श्रद्धांजलि

निंदूरा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी के अवसर पर मंगलवार को गड़िया बाजार स्थित केसरी नंदन हनुमान मंदिर में पुष्पांजलि सभा आयोजित हुई। विहिप कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। धर्माचार्य संपर्क प्रमुख महंत मोनू पांडेय ने अशोक सिंघल के सेवा, सामाजिक समरसता और हिंदू सशक्तीकरण से जुड़े विचारों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान अमित तिवारी, अरविंद यादव, रामसरन गोस्वामी, नीलू शुक्ला और महंत गिरजा शंकर पांडेय समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ठाकुर बाबा की कुटी पर भव्य भंडारा

सिद्धौर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भिटौरा लखन चौराहा स्थित ठाकुर बाबा की कुटी पर सत्यनामी संप्रदाय की जगजीवन साहब समिति के तत्वावधान में भजन-कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन हुआ। संतों ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान संत हरिनाम दास, संतोष बाबा, महगूंदास धीमान, राजकुमार धीमान, अभिषेक धीमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

एमएलसी चुनाव की तैयारियां तेज, डीएम ने नोडल अधिकारी नामित किए
बाराबंकी। आगामी 23 अक्टूबर को प्रस्तावित लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर दी हैं। सीडीओ पंकज वर्मा को मतदान कार्मिकों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, एडीएम न्यायिक राजकुमार यादव को परिवहन और उप निदेशक कृषि उमेश कुमार को निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था सौंपी गई है। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप समय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

खतरे के निशान से 73 सेंटीमीटर ऊपर सरयू, घरों में घुसा पानी

❐ रामनगर से सिरौली तक संकट गहराया!
❐ राहत सामग्री न मिलने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। लगातार बारिश और सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर ने जिले के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का संकट गहरा दिया है। मंगलवार दोपहर दो बजे एल्गिन ब्रिज पर नदी खतरे के निशान से 73 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी और जलस्तर में बढ़ोतरी जारी थी। सिरौलीगौसपुर से रामनगर तक कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। घरों, खेतों और संपर्क मार्गों पर पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। करीब आधा दर्जन विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित है, जबकि आरोग्य मंदिर में ताला लटकने से स्वास्थ्य सेवाएं भी ठप हैं। रामनगर के तपेशिपाह गांव में कई घरों में पानी घुस गया है। ग्रामीणों ने राहत सामग्री न मिलने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में बाढ़ का सबसे ज्यादा असर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा है। प्राथमिक विद्यालय ढकवा माफी में शिक्षक और कुछ बच्चे मौजूद मिले, जबकि परसा प्रथम में शिक्षक तो पहुंचे, लेकिन विद्यालय परिसर में पानी भरा था। तेलवारी और सरदहा के प्राथमिक विद्यालय पूरी तरह बंद मिले। यहां न शिक्षक थे और न छात्र। शारदा आरोग्य मंदिर में भी ताला लटका मिला। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार बारिश और बाढ़ से गांव में जलभराव है। प्रशासन को स्थिति से अवगत कराते हुए बच्चों की पढ़ाई के लिए ऊंचे स्थान पर कक्षाएं संचालित कराने की मांग की गई है।

उधर, रामनगर तहसील के तपेशिपाह गांव में सोमवार रात बाढ़ का पानी पहुंचने से आसाराम, परशुराम, यशवंत, पारसनाथ, बृजेश और राम सुरेश सहित कई ग्रामीणों के घरों में पानी भर गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो वर्षों से उन्हें राहत सामग्री नहीं मिली है। नदी किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय भी पानी से घिर गया है। प्रधानाचार्य रामसागर के अनुसार विद्यालय में 99 बच्चे पंजीकृत हैं, जिनमें करीब 79 नियमित आते हैं। बाढ़ के दौरान बच्चों की



सुरक्षा को देखते हुए उन्हें ऊंचे स्थान पर पढ़ाया जाता है। ग्रामीणों ने प्रभावित परिवारों का सर्वे कर तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

बढ़ते जलस्तर के बीच उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने मंगलवार को राजस्व टीम के साथ सरदहा, परसा, टेटरवा, सनावा, बबुरी और तेलवारी सहित आधा दर्जन गांवों का निरीक्षण किया। कई स्थानों पर खेतों, संपर्क मार्गों और घरों के आसपास पानी भरा मिला। ग्रामीणों ने पेयजल, पशुओं के चारे और आवागमन की समस्याएं बताईं। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों को प्रभावित गांवों में मौजूद रहकर हालात पर लगातार नजर रखने तथा जलस्तर बढ़ने की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को देने के निर्देश दिए। उन्होंने आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन की तैयारियों का भरोसा दिलाया।

इंदिरानगर सेक्टर-18 में छह करोड़ की जमीन से हटा अतिक्रमण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने इंदिरानगर सेक्टर-18 स्थित ग्राम समीउद्दीनपुर में करीब 600 वर्गमीटर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। मुक्त कराई गई जमीन की अनुमानित कीमत करीब छह करोड़ रुपये बताई गई है। परिषद के मुताबिक मंगलवार को खसरा संख्या-317 में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्रवाई अधीक्षण अभियंता, निर्माण खंड-6 की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान पुलिस बल के साथ परिषद के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे। परिषद की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमित भूमि को अपने कब्जे में लिया। कार्रवाई शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से पूरी की गई। करीब छह करोड़ रुपये मूल्य की भूमि के अतिक्रमण से मुक्त होने के बाद परिषद को अपनी इस परिसंपत्ति पर दोबारा नियंत्रण मिल गया है। अधिकारियों के अनुसार, अब इस भूमि का नियोजित उपयोग किया जा सकेगा, जिससे परिषद के हित में इसका समुचित सदुपयोग संभव होगा। परिषद ने स्पष्ट किया है कि अपनी भूमि और अन्य परिसंपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सरकारी भूमि पर लगे पेड़ दबंग ने काटकर बेचा, एसडीएम से गुहार

बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरकारी जमीन पर लगे हरे पेड़ों की कटान और पूर्व में काटे गए पेड़ों की सुरक्षित रखवाई गई लकड़ी के धीरे-धीरे गायब होने का मामला सामने आया है। मसौली ब्लॉक के ग्राम अकबरपुर धनेठी निवासी पत्रकार प्रेम नरायन वर्मा ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर दोनों प्रकरणों की संयुक्त जांच कराने, सरकारी लकड़ी की सार्वजनिक नीलामी और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, थाना जैदपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत अकबरपुर धनेठी में खलिहान की भूमि स्थित गाटा संख्या 1205 पर 27 सितंबर को तिलकराम गौतम पुत्र हीरालाल गौतम द्वारा एक हरा नीम और एक चिलवल का पेड़ काटे जाने का आरोप है। इसी गाटा संख्या में नीम का एक अन्य पेड़ पहले से गिरा पड़ा है। शिकायतकर्ता ने लगभग एक वर्ष पूर्व ग्राम मोहदीपुर में सरकारी भूमि पर लगे तीन यूकेलिप्टस के पेड़ों की कटान का मामला भी उठाया है। आरोप है कि इन पेड़ों की लकड़ी लगभग 90 हजार रुपये में बेच दी गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और लेखपाल ने कटान के बाद लकड़ी पंचायत भवन के पास रखवा दी थी। अब उक्त लकड़ी के धीरे-धीरे गायब होने की बात सामने आ रही है। पत्रकार ने सवाल उठाया है कि सरकारी भूमि से काटे गए पेड़ों की लकड़ी आखिर किसकी निगरानी में रखी गई थी और उसके गायब होने की जिम्मेदारी किसकी है। उन्होंने दोनों मामलों में राजस्व एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम से जांच कराने, लकड़ी की मौके पर माप कराकर वीडियोग्राफी और पंचनामा तैयार कराने की मांग की है। साथ ही उपलब्ध सरकारी लकड़ी को सुरक्षित रखवाकर नियमानुसार सार्वजनिक नीलामी कराने और प्राप्त धनराशि सरकारी कोष में जमा कराने का अनुरोध किया है। शिकायतकर्ता ने सरकारी पेड़ों की अवैध कटान, लकड़ी की बिक्री अथवा उसे गायब करने के आरोप जांच में सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पॉक्सो कानून के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को डीएवी कॉलेज और महारानी लक्ष्मी इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, बच्चों के कानूनी अधिकारों और व्यक्तिगत सुरक्षा की जानकारी दी। उन्होंने किसी भी अनुचित घटना की सूचना अभिभावकों या शिक्षकों को देने की सलाह दी। विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश नवल किशोर, कृष्ण चंद्र सिंह और प्राधिकरण के सचिव उज्ज्वल उपाध्याय सहित शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश में डाला चढ़ाकर किसान की हत्या, दो मासूम समेत कई घायल, आरोपी गिरफ़्तार

एनकाउंटर और आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद के कसमंडी कलां गांव के कुम्हारन टोला में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि कहासुनी के दौरान एक युवक ने तेज रफ्तार डाला सड़क किनारे खड़े लोगों पर चढ़ा दिया। हादसे में श्यामलाल की मौत हो गई, जबकि एक महिला और सात वर्षीय बच्ची समेत 5 लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात कसमण्डी कलां गांव के कुम्हारन टोला में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान डाला चालक फरजान अहमद पुत्र स्वः नबी अहमद निवासी कसमण्डी कलां ने कथित तौर पर जानबूझकर डाला संख्या यूपी 32 क्यूएन 6134 किनारे खड़े लोगों पर चढ़ा दिया। हादसे में श्यामलाल 60 वर्ष, रामनरेश की पत्नी रूमन 30 वर्ष और 7 वर्षीय बेटी रितिका उर्फ पीहू, अभिमन्यु,माया देवी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने श्यामलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अन्य घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। मृतक के पुत्र मुकेश की तहरीर पर पुलिस ने फरजान अहमद, अकील अहमद और डॉ. शकील के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते श्यामलाल की गाड़ी चढ़ाकर हत्या की गई। साथ ही गाड़ी मालिक अकील पर धमकी देने और डॉ. शकील पर हत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। पोस्टमार्टम के बाद श्यामलाल का शव गांव पहुँचते ही अखिल भारतीय महा सभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी और लाखन आर्मी चीफ़ सूरज पासी नें घटनास्थल पर पहुँचकर परिजनों के साथ शव को सड़क पर रखकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान आरोपी पर हत्या का मुक़द्दमा दर्ज करने और परिजनों ने मुख्य आरोपी का एनकाउंटर करने और उसके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की। सूचना पाकर मौके पार पहुँचे एडीसीपी नवीन सिंह, एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह और प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी नें प्रदर्शन समाप्त कर शव का अंतिम संस्कार करने का अनुरोध किया परंतु ग्रामीण ने अधिकारियों की एक न सुनी और मांग पर अड़े रहे। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी फरजान अहमद को हिरासत में लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस के मुताबिक, मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। कई घंटों तक सड़क जाम कर फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था सामान्य है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



कोहली की शानदार फॉर्म और भारतीय तेज गेंदबाजों पर होगी नजर

एजेंसी



गुवाहाटी। बल्लेबाजी निस्संदेह भारत की सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम के लिए तेज गेंदबाजी का अस्थिर संयोजन चिंता का विषय होगा।

विराट कोहली पर फिर से नजर होगी जिन्होंने तिरुवंतपुरम में तीन मैच की श्रृंखला के पहले मैच में रिकॉर्ड तोड़ शतक बनाया था। कप्तान गिल ने भी इस मैच में शतक जड़ा था जिससे भारत ने 296 रन का लक्ष्य 42 ओवर से भी कम में हासिल कर लिया था। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने भी चार विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में तेज गेंदबाजी विभाग कमज़ोर नज़र आया। अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी को नई गेंद सौंपी गई थी जबकि मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया गया था। रेड्डी से गेंदबाजी की शुरुआत करने से कई सवाल खड़े हो गए क्योंकि टीम की यह रणनीति नहीं चल पाई। बाएं पैर की जांघ की मांसपेशी में चोट से उबरकर लौटे रेड्डी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे, जिस कारण उन्होंने सात गेंदों के एक ओवर में 18 रन लुटा दिए। हार्दिक को अभी तक फिटनेस मंजूरी नहीं मिली है और बुमराह एशियाई खेलों के लिए जापान में हैं। इस श्रृंखला को हालांकि अगले वनडे विश्व कप से पहले भारत के विकल्पों का आकलन करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा था। रेड्डी को दीर्घकालिक ऑलराउंड विकल्प माना जा रहा है और उन्हें गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का पूरा समर्थन प्राप्त था। वह छठे गेंदबाजी विकल्प भी हो सकते थे, लेकिन उन्होंने लगातार निराश किया है। अब सवाल यह है कि क्या भारत नई गेंद से रेड्डी को आजमाना जारी रखेगा या दूसरे वनडे के लिए अधिक भरोसेमंद सिराज को वापस मौका देगा। ऐसे में जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को पदार्पण का मौका देना बुरा नहीं होगा। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल होने के बावजूद नबी को अभी भी अपने पदार्पण का इंतजार है। टीम ऑलराउंडरों की तलाश में है और इसलिए पहले मैच में बल्लेबाजी ऑलराउंडर नमन धीर को पदार्पण का मौका दिया गया। धीर ने पांच ओवर में 33 रन दिए, लेकिन उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। अगर सिराज की वापसी होती है तो ऑलराउंडर विकल्पों में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। अगर नबी को मौका मिलता है तो भारत को एक अतिरिक्त विशेषज्ञ गेंदबाज को उतारने और बाकी खिलाड़ियों के बीच संतुलन बनाना होगा।

एशियन खेल : महिला हॉकी में भारत के सामने दक्षिण कोरिया की चुनौती, नजरें स्वर्ण पदक पर

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियन खेल-2026 के सेमीफाइनल में बुधवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ उतरेगी। भारतीय टीम की नजरें 44 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए एशियन खेल में दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने पर हैं। मुकाबला जापान के कावासाकी जुको स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारतीय टीम ने पूल बी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी पांच मुकाबले जीते और शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने उज्बेकिस्तान को 19-0, इंडोनेशिया को 17-1 और थाईलैंड को 20-1 से हराया। इसके बाद मेजबान जापान को कड़े मुकाबले में 3-1 से शिकस्त दी और पूल चरण का अंत सिंगापुर के खिलाफ 7-0 की जीत के साथ किया। दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया ने पूल ए में चार जीत के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। उसे केवल चीन के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि बांग्लादेश के खिलाफ टीम ने 8-0 की बड़ी जीत दर्ज की। भारत के लिए टूर्नामेंट में ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने पांच मैचों में 21 गोल किए हैं। अनुभवी फारवर्ड नवनीत कौर 10 गोल के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जिसमें सात गोल मैदानी खेल से आए हैं। रुतुजा दादासो पिसाल ने सात, लालरेमसियामी ने छह और इशिका ने पांच गोल किए हैं। गोलकीपिंग में अनुभवी सविता के साथ बिचू देवी ने भी टीम को मजबूती दी है। सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के आक्रमण के खिलाफ भारतीय रक्षापंक्ति की भूमिका अहम होगी। दक्षिण कोरिया की मिडफील्डर सेउंगए पार्क अब तक आठ गोल कर चुकी हैं और भारतीय टीम को उनसे विशेष सावधानी बरतनी होगी। भारतीय टीम के मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने ने कहा कि टीम लय बनाए रखने के लिए लगातार अभ्यास कर रही है। उन्होंने कहा कि पूल चरण के मुकाबलों में जापान के अलावा चुनौती अपेक्षाकृत कम थी, लेकिन अब एशियन खेल के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ बड़ी चुनौती सामने है।

संक्षिप्त समाचार

ऑस्ट्रेलिया को झटका, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे से बाहर हुए एलिस और जोएल

पोटचेफ्स्ट्रूम। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे से पहले ऑस्ट्रेलिया को दोहरा चोट का झटका लगा है। तेज गेंदबाज नाथन एलिस साइड स्ट्रेन के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर जोएल डेविस हैमस्ट्रिंग चोट के कारण स्वदेश लौटेंगे। एलिस को जोहान्सबर्ग में खेले गए दूसरे वनडे के दौरान चोट लगी। उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद बाएं हिस्से में खिंचाव महसूस किया और अपना स्पेल पूरा नहीं कर सके। इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने 365 रन बनाए और तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। एलिस इस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख गेंदबाजों में रहे हैं। वह आगे की जांच और रिहैबिलिटेशन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटेंगे। टीम को उम्मीद है कि वह 13 नवंबर से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू वनडे सीरीज तक फिट हो जाएंगे। एलिस इस दौरे पर साइड स्ट्रेन का सामना करने वाले ऑस्ट्रेलिया के दूसरे तेज गेंदबाज हैं। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान बिली स्टैनलेक चोटिल होकर बाहर हो गए थे। तीसरे वनडे के लिए ऑस्ट्रेलिया के पास अब केवल चार फिट विशेषज्ञ तेज गेंदबाज उपलब्ध हैं। पैट कमिंस शुरुआती दो मैचों से बाहर रहने के बाद वापसी कर सकते हैं, जबकि दूसरे वनडे में आराम दिए गए मिचेल स्टार्क के भी खेलने की संभावना है। लगातार दोनों मुकाबले खेलने वाले जोश हेजलवुड को आराम दिया जा सकता है और जेवियर बार्टलेट के टीम में बने रहने की उम्मीद है। दूसरी ओर, जोएल डेविस को दूसरे वनडे के दौरान स्थानापन्न फील्डर के तौर पर मैदान पर रहते हुए हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया। वह इस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के दूसरे विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर टीम के साथ थे, लेकिन उन्हें किसी मुकाबले में खेलने का मौका नहीं मिला। अब वह रिहैबिलिटेशन के लिए स्वदेश लौटेंगे और इसके बाद न्यू साउथ वेल्स के साथ घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने एलिस और डेविस के स्थान पर तीसरे वनडे के लिए अभी किसी खिलाड़ी को नहीं चुना है। इस बीच, विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ अक्टूबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में उपलब्धता पर भी फैसला नहीं हुआ है। इंगलिस को डरबन में खेले गए पहले वनडे के दौरान उंगली में फ्रैक्चर हुआ था। भारत दौरे पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया ए टीम में भी बदलाव किए गए हैं। ब्रेंडन डोगेट, फर्गस ओ'नील और कैंपबेल कैलावे शेफील्ड शील्ड सीजन की शुरुआत के लिए स्वदेश लौटेंगे। उनकी जगह सैम हार्पर, झाय रिचर्डसन और लियाम हैचर पुडुचेरी में मंगलवार से शुरू होने वाले भारत ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलेंगे। वहीं, अगले मंगलवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में राइली मेरेडिथ और विल सदरलैंड को शामिल किया गया है। दोनों ने जैक एडवर्ड्स और आरोन हार्डी की जगह ली है। एडवर्ड्स दक्षिण अफ्रीका में कैमरन ग्रीन के कवर के तौर पर मौजूद हैं, जबकि हार्डी मामूली घुटने की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं।

भारत ने ट्रैक साइकिलिंग के पहले दौर की हीट के लिए क्वालीफाई किया

नागोया। भारतीय ट्रैक साइकिलिंग टीमों ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में पुरुष और महिला दोनों की टीम स्प्रिंट स्पर्धाओं के साथ-साथ महिलाओं की टीम परसूट प्रतियोगिता के पहले दौर के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम स्प्रिंट में सेलेस्टिना, सरिता कुमारी, कीर्ति रंगास्वामी और त्रियाशा पॉल की चौकड़ी ने क्वालीफाइंग राउंड में 50.414 सेकंड का समय लेकर छठा और अंतिम स्थान हासिल किया। भारत अब पहले राउंड की हीट एक में चीनी ताइपे का सामना करेगा। पुरुषों की टीम स्प्रिंट स्पर्धा में भारत क्वालीफाइंग राउंड में 44.895 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रही। भारतीय टीम में रोजित सिंह, डेविड बेकहम, रोनाल्डो सिंह और जेम्स सिंह शामिल हैं। भारत पहले दौर की हीट में चीन का सामना करेगा। महिला टीम परसूट स्पर्धा में भारत ने क्वालीफाइंग राउंड में 4:45.151 सेकंड के समय के साथ पांचवां और अंतिम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के प्रारूप के अनुसार पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम को पहले राउंड में अकेले ही भाग लेना पड़ेगा और इस दौरान उसे निर्धारित समय का ध्यान रखना होगा।

रुपया शुरुआती कारोबार में 16 पैसे टूटकर 96.13 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 16 पैसे टूटकर 96 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे आ गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की मजबूत कीमतों और अमेरिका में बाजार मूल्य पर आधारित तथा वास्तविक प्रतिफल बढ़ने से रुपये पर दबाव है। इन दोनों कारणों से भारत समेत उभरते बाजारों से निवेश निकल रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.03 प्रति डॉलर पर खुला। फिर टूटकर 96.13 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 16 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को 95.97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत बढ़कर 101.23 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 503 अंक टूटकर 72,260.09 अंक पर और निफ्टी 151 अंक फिसलकर 22,626.50 अंक पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का वायदा कारोबार में भाव 1.51 प्रतिशत बढ़कर 106.87 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यह बढ़ोतरी होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये कच्चे तेल की आपूर्ति में बाधा की आशंकाओं के बीच हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को शुद्ध रूप से 5,353.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

ट्राई ने एआई आधारित कॉलर आईडी से चिह्नित स्पैमर्स पर कार्रवाई अनिवार्य की

नयी दिल्ली। दूरसंचार कंपनियों के लिए एआई आधारित कॉलर पहचान प्रणाली से चिह्नित फोन या स्पैमर्स के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है और इसके लिए ग्राहकों की शिकायत की भी जरूरत नहीं होगी। ट्राई की सोमवार को जारी अधिसूचना से यह जानकारी मिली। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता (तीसरा संशोधन) विनियम, 2026 अधिसूचित किए हैं। इसके तहत दूरसंचार कंपनियों को स्पैमर के रूप में चिह्नित प्रेषकों की केवाईसी (ग्राहक को जानो) प्रक्रिया दोबारा शुरू करनी होगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। इसमें फोन कनेक्शन काटने और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानून लागू करने वाली एजेंसियों में शिकायत दर्ज कराने जैसे कदम शामिल हैं। अधिसूचना के अनुसार, किसी दूरसंचार कंपनी को अपने एआई या मशीन लर्निंग आधारित सिस्टम से ''संदिग्ध स्पैम'' के रूप में चिह्नित कोई 'इनकमिंग कॉल' मिलती है, तो उसे इसका विवरण दो घंटे के भीतर उस दूरसंचार कंपनी (ओरिजिनेटिंग एक्सेस प्रोवाइडर) के साथ साझा करना होगा, जिसके नेटवर्क से यह 'कॉल' आई है।

एशियन खेल 2026: नीरू धांडा ने ट्रैप में रचा इतिहास, एशियाई रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

एजेंसी



आइची-नागोया। भारतीय निशानेबाज नीरू धांडा ने एशियन खेल 2026 में महिलाओं की ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। नीरू ने फाइनल में 28 हिट का स्कोर करते हुए नया एशियाई खेल रिकॉर्ड बनाया। यह इस स्पर्धा में भारत का पहला पदक और एशियन खेल 2026 में भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। साथ ही, यह मौजूदा खेलों में भारत का पहला व्यक्तिगत स्वर्ण भी है। नीरू ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। उन्होंने कुल 28 निशाने सही लगाए। चीन की निशानेबाज ने 26 हिट के साथ रजत पदक जीता, जबकि कुवैत की खिलाड़ी 21 हिट के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नीरू का 28 हिट का स्कोर नया एशियाई खेल रिकॉर्ड भी है। इससे पहले इस स्पर्धा का रिकॉर्ड 24 हिट का था, जो चीन की लियू वान-यू के नाम था और उन्होंने यह रिकॉर्ड इसी साल जनवरी में बनाया था। यह नीरू का एशियन खेल में महिलाओं की व्यक्तिगत ट्रैप स्पर्धा में पहला पदक है। इससे पहले मंगलवार को नीरू, आशिमा अहलावत और मनीषा कीर की भारतीय टीम ने महिलाओं की ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। उस मुकाबले में नीरू ने व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में 118 अंक हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। 25 मई 2000 को हरियाणा के जींद में जन्मीं नीरू धांडा महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत की प्रमुख निशानेबाजों में शामिल हैं। उन्होंने 2022 में ओसियेक में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और इसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। 2025 में नीरू ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता। 2026 में उन्होंने इटली के लोनाटो में आयोजित आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा का स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा और इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

एशियन खेल 2026: अंकुश पंघाल ने 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में बनाई जगह, रजत पदक पक्का

आइची-नागोया। भारत के युवा मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने एशियन खेल 2026 में पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में अंकुश ने उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन फज़िलद्दीन एर्किनबोएव को 4-1 के विभाजित फैसले से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले का टिकट कटाया। 20 वर्षीय अंकुश ने मुकाबले में शुरुआत से ही तेज गति और आक्रामक रणनीति के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने एरकिनबोएव की मजबूत रक्षात्मक शैली का प्रभावी ढंग से सामना किया। पांचों जजों ने अंकुश को 10 और एरकिनबोएव को 9 अंक दिए, जिसके बाद भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में 4-1 का फैसला आया। इस जीत के साथ अंकुश ने प्रतियोगिता में अपना शानदार अभियान जारी रखा है। इससे पहले 27 सितंबर को क्वार्टर फाइनल में उन्होंने ताजिकिस्तान के नेकज़ सलीमोव को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर पदक पक्का किया था।

एशियन खेल 2026: भारतीय मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल ने पुरुषों के +90 किग्रा वर्ग में जीता कांस्य

एजेंसी



आइची-नागोया। भारतीय मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल ने आइची-नागोया एशियन खेल 2026 में पुरुषों के +90 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। नरेंद्र को सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन आइबेक ओरलबे के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में हार के बावजूद नरेंद्र को कांस्य पदक मिला। नरेंद्र ने प्रतियोगिता की शुरुआत दमदार अंदाज में की थी। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने थाईलैंड के अदथापोंग सैंगटेप को मुकाबले के महज 97 सेकंड बाद रेफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के फैसले से हराकर पदक पक्का किया था। सेमीफाइनल में नरेंद्र ने विश्व चैंपियन ओरलबे को कड़ी चुनौती देने की कोशिश की, लेकिन कजाकिस्तान के मुक्केबाज ने 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही नरेंद्र को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। नरेंद्र के लिए यह लगातार दूसरा एशियन खेल कांस्य पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 एशियन खेल में भी कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा उन्होंने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर अपनी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों में एक और बड़ी कामयाबी जोड़ी थी। हरियाणा के हिसार जिले के सोरखी गांव में 14 नवंबर 1994 को जन्मे नरेंद्र किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने कोच देवराज सिहाग के मार्गदर्शन में मुक्केबाजी की शुरुआत की और बाद में भारतीय सेना में शामिल होकर अपने खेल को आगे बढ़ाया। वह भारत के प्रमुख सुपर हेवीवेट मुक्केबाजों में शामिल हैं। नरेंद्र ने युवा स्तर पर यूथ विश्व कप में रजत और यूथ एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। इसके बाद दक्षिण एशियाई खेलों और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किए। 2023 एशियन खेल में कांस्य, 2025 विश्व बॉक्सिंग कप में कांस्य और फाइनल में रजत, 2026 एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य तथा 2026 विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल में रजत पदक उनकी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं।

सेबी ने विनोद अदाणी के खिलाफ शेयरधारिता मामले में आरोप साबित नहीं होने पर कार्यवाही बंद की

एजेंसी

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि वह अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के भाई विनोद अदाणी और 11 अन्य संबंधित पक्षों के खिलाफ न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) तथा धोखाधड़ी के आरोपों को आगे नहीं बढ़ाएगा। सेबी के 28 सितंबर के अंतिम आदेश में कहा गया है कि बाजार नियामक यह स्थापित नहीं कर सका कि विनोद अदाणी का समूह की चार कंपनियों में निवेश करने वाले दो विदेशी कोषों पर नियंत्रण था। इस 81 पृष्ठ के अंतिम आदेश में सेबी ने कहा कि उसकी जांच यह साबित करने में विफल रही कि विनोद अदाणी ने दो विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) – इमर्जिंग इंडिया फोकस फंड्स (ईआईएफएफ) और ईएम रिसर्जेंट फंड (ईएमआर) के निवेश संबंधी फैसलों का निर्देश दिया था या ओपल इन्वेस्टमेंट्स के अदाणी पावर लिमिटेड में निवेश को नियंत्रित किया था। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने आदेश में कहा, ''जांच में यह साबित नहीं हो सका कि विनोद अदाणी ने दोनों एफपीआई के निवेश संबंधी फैसलों को नियंत्रित किया। मामला न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) की आवश्यकता से जुड़ा था, जिसके तहत सूचीबद्ध कंपनियों में कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सेदारी सार्वजनिक शेयरधारकों के पास होना जरूरी है। सेबी ने कहा कि एमपीएस का उल्लंघन तब माना जाता, जब सार्वजनिक शेयरधारकों के पास मौजूद शेयरों का वास्तविक स्वामित्व या नियंत्रण किसी प्रवर्तक या प्रवर्तक समूह के पास हो और उन्हें प्रवर्तक की हिस्सेदारी में गिने जाने पर सार्वजनिक हिस्सेदारी निर्धारित सीमा से कम हो जाए। बाजार नियामक ने कहा कि यह आरोप नहीं था कि विनोद अदाणी या प्रवर्तक समूह दो एफपीआई या ओपल के नाम पर रखे गए शेयरों के वास्तविक लाभार्थी मालिक थे।

नयी राष्ट्रीय इस्पात नीति पर काम जारी, हितधारकों से मांगी जाएगी राय: इस्पात सचिव पौंड्रिक

एजेंसी

नयी दिल्ली। इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने मंगलवार को कहा कि सरकार उद्योग की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाने और आयात संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए नयी राष्ट्रीय इस्पात नीति पर काम कर रही है। इस नीति का मसौदा करीब एक सप्ताह में सार्वजनिक किया जाएगा और हितधारकों से इस पर सुझाव मांगे जाएंगे। उन्होंने कहा कि नयी नीति में भारतीय इस्पात उद्योग के लिए 2047 तक का खाका तय किया जाएगा। इस्पात मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने साथ ही बताया कि इससे जुड़ी एक योजना तैयार की जा रही है, जिसके तहत इस्पात क्षेत्र में उत्सर्जन कम करने को प्रोत्साहित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 'मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लुएंस 2026' कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में पौंड्रिक ने कहा कि राष्ट्रीय इस्पात नीति को करीब एक सप्ताह में सार्वजनिक किया जाएगा और हितधारकों से इस पर सुझाव मांगे जाएंगे। उन्होंने कहा, ''यह नीति 2047 तक भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचाने के दृष्टिकोण के साथ तैयार की जा रही है। सचिव ने कहा कि आयात के मामले में नीति में सस्ते व घटिया आयात को हतोत्साहित करने के उपाय किए जाएंगे। इसमें सुरक्षा उपायों के तौर पर सुरक्षा शुल्क, डंपिंग रोधी शुल्क आदि शामिल हैं। इसके साथ ही भारतीय इस्पात उद्योग, खासकर छोटे इस्पात उत्पादकों को प्रौद्योगिकी और कीमत के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाने पर भी जोर दिया जाएगा। सरकार ने 2017 में राष्ट्रीय इस्पात नीति पेश की थी, जिसका लक्ष्य अन्य पहलुओं के साथ-साथ 2030 तक भारत की इस्पात विनिर्माण क्षमता बढ़ाकर 30 करोड़ टन करना, खपत बढ़ाना और कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान जोरदार गिरावट का रुख नजर आ रहा है। भाव में आए बदलाव के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 2,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,510 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने की कीमत में 2,350 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,560 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज शुरुआती कारोबार के दौरान 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,50,160 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,50,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,37,640 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,37,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,50,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,50,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,37,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,50,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,50,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

पेज एक का शेष

रामद्रोहियों को...

लगभग 95 वर्ष पहले जब देश गुलाम था, साधन व संसाधनों का अभाव था, तब दिग्विजयनाथ जी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। उन्होंने स्वदेश, स्वधर्म और स्वाभिमान के आदर्श महाराणा प्रताप के नाम पर शिक्षा के प्रकल्प का नामकरण किया। यूपी में पहला राज्य विश्वविद्यालय गोरखपुर में बना और शिक्षा परिषद के दो कॉलेज देकर दिग्विजयनाथ जी महाराज ने उसकी नींव को सुदृढ़ करने का काम किया। उन्हें श्रेय लेने की कोई चाह नहीं थी। तब उन्होंने कहा था कि गोरक्षपीठ हिंदू और लोक कल्याण की पीठ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ संस्कृत विद्यापीठ के पूर्व प्राचार्य डॉ. रामनरेश पांडेय की पुस्तक 'श्री हनुमत्कथापूजनम' का विमोचन किया। श्रद्धांजलि सभा में अभ्यागतों का स्वागत महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश मोहन सरकार और संचालन डॉ. श्रीभगवान सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस की छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा श्रद्धांजलि गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति की। वैदिक मंगलाचरण डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, गोरक्ष अष्टक पाठ मृत्युंजय उपाध्याय एवं गौरव तिवारी, दिग्विजय स्त्रोत पाठ डॉ. अभिषेक पांडेय ने किया।

नौ प्रतिशत छात्र...

टास्कफोर्स ने कई संस्थानों का दौरा किया और हितधारकों से बातचीत की। अब तक दिल्ली-एनसीआर, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम और पश्चिम बंगाल में अलग-अलग तरह के संस्थानों और विषयों को कवर करते हुए 19 जगहों पर कुल 30 बैठकें की गई। सर्वे के मुताबिक, लगभग 15 प्रतिशत छात्रों ने बताया कि पिछले छह महीनों में ऐसा समय आया जब वे बहुत ज्यादा दबाव या परेशानी में थे, या कई हफ्तों तक लगातार उदास या बेचैन महसूस करते रहे। नौ प्रतिशत ने बताया कि पिछले साल उन्हें अक्सर या बहुत ज्यादा बार आत्महत्या के विचार आए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संस्थानों की सीमाओं और झिझक के बावजूद, ज्यादातर उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने अपनी पढ़ाई-लिखाई, सामाजिक जीवन, मानसिक स्वास्थ्य, फैकल्टी से जुड़ी और प्रशासनिक चिंताओं के बारे में खुलकर बात की। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ओपन-टेक्स्ट फील्ड समेत कई अन्य सवालों के जवाबों का अभी भी विश्लेषण किया जा रहा है। इसके अलावा, मौजूदा सैंपल के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व न करने के कारण, इन नतीजों को शुरुआती और अस्थायी माना जाना चाहिए।

पीसीएस अधिकारी हरीश...

3,81,527 वर्ग मीटर अर्जित भूमि को नियमों के विपरीत जाकर बाहरी लोगों और निजी कंपनियों के नाम लीजबैक कर दिया था। नियम में लीजबैक की यह सुविधा सिर्फ स्थानीय गांव के पात्र किसानों के लिए आरक्षित थी (जिसमें प्रति परिवार अधिकतम 450 वर्ग मीटर का प्रावधान था)। विभागीय जांच में सामने आया कि नियमों को ताक पर रखकर बाहरी निजी कंपनियों को 15,000 वर्ग मीटर से भी ज्यादा के भूखंड आवंटित किए गए, जिसकी बाजार कीमत लगभग 3,800 करोड़ आंकी गई थी। इनके ऊपर वर्ष 2013 से ही अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति चल रही थी, जिसकी जांच नोएडा प्राधिकरण की तत्कालीन सीईओ आईएएस रितु माहेश्वरी ने की थी। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की अंतिम मंजूरी मिलने के बाद अब उत्तर प्रदेश सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत इन्हें पद से बर्खास्त कर दिया है। इसी जांच की वजह से पीसीएस हरीश चंद्रा का आईएएस में प्रमोशन रुका हुआ था।

अक्टूबर में जेब...

कीमत भी एक अक्तूबर से बढ़ने वाली हैं। टाटा की गाड़ियों की कीमत करीब एक प्रतिशत तक बढ़ सकती है। कंपनी ने बताया कि कीमत में कितना इजाफा होगा, यह मॉडल और वेरिएंट पर निर्भर करेगा। यानी टाटा की व्यावसायिक वाहन खरीदने वाले लोगों को अक्तूबर से अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। एक अक्तूबर से नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) और एनपीएस लाइट के लिए संशोधित शुल्क लागू होंगे, जो ग्राहक सेवा प्रदाता के जरिए एनपीएस में शामिल होंगे, उन्हें शुल्क देना होगा। यह शुल्क हर खाते के लिए 200 रुपये होगा।

आतंकवाद पर...

आए हैं। जयशंकर की टिप्पणी इसी व्यापक संदर्भ में आई है। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि अमेरिका के साथ उसके संबंध आगे बढ़ें। हालांकि, इसके लिए दोनों देशों को सामने मौजूद मुद्दों पर वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना होगा। जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच यदि व्यापार समझौता संपन्न होता है, तो इससे दोनों देशों के संबंध बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि वार्ता में तेजी से प्रगति की उम्मीद के सामने जमीनी हकीकत कहीं अधिक जटिल रही है। जयशंकर से भारत-अमेरिका संबंधों खासकर पिछले एक साल में व्यापार एवं शुल्क से जुड़े घटनाक्रम तथा द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए क्या करने जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर मैं संबंधों की बात करूं तो दुनिया के एक बड़े हिस्से के लिए अमेरिका के साथ संबंध निभाना काफी कठिन रहा है। मेरा मतलब है कि यह कोई तसल्ली देने वाली बात तो नहीं है, लेकिन यही हकीकत है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के सामने मौजूद मुद्दों में से एक व्यापार वार्ता है?

अपनी हार की समीक्षा करने के बजाय चुनाव आयोग पर हमला कर रही कांग्रेस: स्मृति ईरानी

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज है। भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर चुनाव आयोग को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करता है और दुनिया के कई देशों में भारतीय लोकतंत्र की इस व्यवस्था का सम्मान किया जाता है। स्मृति ईरानी ने कहा कि कांग्रेस को लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है। उनके मुताबिक, पार्टी को अपनी चुनावी हार की समीक्षा करनी चाहिए, लेकिन इसके बजाय वह चुनाव आयोग पर सवाल उठा रही है।

स्मृति ईरानी ने मतदाता सूची में डुप्लीकेट और मृत लोगों के नाम होने के मुद्दे पर भी कांग्रेस से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अगर किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दो जगह दर्ज है या किसी मृत व्यक्ति का नाम अभी भी सूची में मौजूद है, तो कांग्रेस ऐसे नामों को हटाने का विरोध क्यों कर रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को सही और अपडेट रखना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों ने मतदाता नामों को हटाने और प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए हैं। भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने कहा ''आज कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व ने कहा कि चुनाव आयोग को प्रश्नों के दायरे में लाने के लिए उनके कार्यकर्ताओं का महिमा मंडन उनकी व्यवस्था के माध्यम से हुआ। मैं एक नागरिक होने के नाते यह कहना चाहती हूं कि चुनाव आयोग भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करता है। यह भारत के लोकतंत्र का मान है। कांग्रेस को इस बात का दुख है कि आज भारत की जनता उनका लोकतांत्रिक ढांचे में समर्थन नहीं करती है। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग पर हमला कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय समझौतों में किसानों के हितों को दी गई है सर्वोच्च प्राथमिकता : शिवराज

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अन्नदाता हित सर्वोपरि है। देश के हर नीतिगत फैसले और अंतरराष्ट्रीय समझौतों में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि देश की कृषि विकास दर 3 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) के तहत 10 राज्यों के कृषि मंत्रियों को मंच पर ही 1200 करोड़ रुपये से अधिक के वित्तीय स्वीकृति पत्र प्रदान किए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज दिल्ली स्थित केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सी. सुब्रमण्यम सभागार, पूसा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन रबी अभियान-2026 के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारें और पार्टियां आती-जाती रहती हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत हरिपालपुर विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक- मेमो/2026-27 | दिनांक -29.09 2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरिपालपुर विकास खंड हैदरगढ़ में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (बीपीजीरामजी) योजनान्तर्गत अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य, हेतु ईंट, बालू, मौरंग, सीमेंट ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, लोकल बालू, सरिया हेतु सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01-10-2026 से 15-10-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 16-10-2026 को समय 3.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रुपए में	सामग्री
1	ग्राम पंचायत हरिपालपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण	911092	बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू, मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर,विद्युत सामग्री व अन्य सामग्री

आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

प्रशासक
ग्राम पंचायत हरिपालपुर
विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत हरिपालपुर
विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

कार्यालय ग्राम पंचायत रौली विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक- मेमो/2026-27 | दिनांक -29.09 2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रौली विकास खंड हैदरगढ़ में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (बीपीजीरामजी) योजनान्तर्गत अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य, हेतु ईंट, बालू, मौरंग, सीमेंट ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, लोकल बालू, सरिया हेतु सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01-10-2026 से 15-10-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 16-10-2026 को समय 3.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रुपए में	सामग्री
1	ग्राम पंचायत रौली में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण	927000	बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू, मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर,विद्युत सामग्री व अन्य सामग्री

आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

प्रशासक
ग्राम पंचायत रौली
विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत रौली
विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

पूजा त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों-2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगीः-

रेलगाड़ी संख्या 05005/05006 बढ़नी – जलंधर शहर – बढ़नी अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 16 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05005		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 05006	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	15:10	बढ़नी	04:45	--
08:30	--	जलंधर शहर	--	10:50

चलने के दिन: **05005 बढ़नी** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 07.10.2026 से 25.11.2026 तक एवं **05006 जलंधर शहर** से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 08.10.2026 से 26.11.2026 तक।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट और ढंडारी कलां स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 05101/05102 गोरखपुर जं. – शकूरबस्ती – गोरखपुर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 16 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05101		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 05102	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	16:00	गोरखपुर जं.	08:30	--
11:05	--	शकूरबस्ती	--	13:15

चलने के दिन: **05101 गोरखपुर जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 11.10.2026 से 29.11.2026 तक एवं **05102 शकूरबस्ती** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 12.10.2026 से 30.11.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: आनंद नगर जं., सिद्धार्थ नगर, बढ़नी, तुलसीपुर, बलरामपुर, गोण्डा जं., सीतापुर जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाज़ियाबाद जं. और दिल्ली जं. स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 05048/05047 बनारस – कोलकाता – बनारस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 16 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05048		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 05047	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	10:45	बनारस	04:15	--
10:55	11:00	वाराणसी जं.	03:55	04:00
06:15	--	कोलकाता	--	08:25

चलने के दिन: **05048 बनारस** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 06.10.2026 से 24.11.2026 तक एवं **05047 कोलकाता** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 07.10.2026 से 25.11.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता.।
ठहराव: वाराणसी जं., औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, रेवती, सुरेमनपुर, छपरा जं., दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चितरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान जं., बैण्डेल जं. और नैहाटी जं. स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 01123/01124 लोकमान्य तिलक (ट) – मऊ जं. – लोकमान्य तिलक (ट) विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 24 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01123		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 01124	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	12:15	लोकमान्य तिलक (ट)	16:45	--
15:50	16:00	वाराणसी जं.	09:50	10:00
21:30	--	मऊ जं.	--	04:15

चलने के दिन: **01123 लोकमान्य तिलक (ट)** से प्रत्येक शुक्रवार व रविवार को दिनांक 11.10.2026 से 20.11.2026 तक एवं **01124 मऊ जं.** से प्रत्येक रविवार व मंगलवार को दिनांक 13.10.2026 से 22.11.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आजमगढ़ और मुहम्मदाबाद स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 01431/01432 हडपसर – गाजीपुर सिटी – हडपसर विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 24 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01431		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 01432	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	06:55	हडपसर	16:20	--
15:10	15:20	वाराणसी जं.	08:20	08:30
20:15	--	गाजीपुर सिटी	--	04:00

चलने के दिन: **01431 हडपसर** से प्रत्येक शुक्रवार व मंगलवार को दिनांक 13.10.2026 से 20.11.2026 तक एवं **01432 गाजीपुर सिटी** से प्रत्येक रविवार व गुरूवार को दिनांक 15.10.2026 से 22.11.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, अंकाई, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर जं. और औड़िहार जं. स्टेशन।

रेलगाड़ी सं. 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज (ट)–गोरखपुर जं.– छत्रपति महाराज (ट) विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 64 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01079		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 01080	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	22:30	छत्रपति शिवाजी महाराज (ट)	00:40	--
04:05	04:15	लखनऊ	19:45	19:55
10:00	--	गोरखपुर जं.	--	14:30

चलने के दिन: **01079 छत्रपति शिवाजी महाराज (ट)** से प्रतिदिन दिनांक 16.10.2026 से 16.11.2026 तक एवं **01080 गोरखपुर जं.** से प्रतिदिन दिनांक 18.10.2026 से 18.11.2026 तक। **स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 01415/01416 हडपसर – गोरखपुर जं. – हडपसर विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 64 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01415		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 01416	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	07:05	हडपसर	03:30	--
09:55	10:05	लखनऊ	22:25	22:35
16:00	--	गोरखपुर जं.	--	17:30

चलने के दिन: **01415 हडपसर** से प्रतिदिन दिनांक 16.10.2026 से 16.11.2026 तक एवं **01416 गोरखपुर जं.** से प्रतिदिन दिनांक 17.10.2026 से 17.11.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं., मनकापुर जं. और बस्ती स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 01051/01052 लोकमान्य तिलक (ट) – बनारस – लोकमान्य तिलक (ट) आरक्षित रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 24 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01051		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 01052	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	12:15	लोकमान्य तिलक (ट)	04:40	--
15:45	15:50	वाराणसी जं.	20:45	20:50
16:05	--	बनारस	--	20:30

चलने के दिन: **01051 लोकमान्य तिलक (ट)** से प्रत्येक बुधवार व गुरूवार को दिनांक 14.10.2026 से 19.11.2026 तक एवं **01052 बनारस** से प्रत्येक गुरूवार व शुक्रवार को दिनांक 15.10.2026 से 20.11.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी और वाराणसी जं. स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 04829/04830 जोधपुर जं. – गोरखपुर जं. – जोधपुर जं. पूजा विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04829		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04830	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	16:15	जोधपुर जं.	05:30	--
04:30	04:45	दिल्ली जं.	14:00	14:10
20:30	--	गोरखपुर जं.	--	23:25

चलने के दिन: **04829 जोधपुर जं.** से प्रत्येक गुरूवार दिनांक 01.10.2026 से 26.11.2026 तक एवं **04830 गोरखपुर जं.** से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 02.10.2026 से 27.11.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मेड़ता रोड जं., डेगाना जं., छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ जं., चूरू जं., सादुलपुर जं., लोहारू जं., महेंद्रगढ़, रेवाडी जं., गुड़गांव, दिल्ली कैंट., दिल्ली जं., गाजियाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 05167/05168 बनारस – लोकमान्य तिलक (ट) – बनारस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05167		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 05168	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	09:50	बनारस	00:50	--
10:06	10:08	वाराणसी जं.	00:30	00:35
16:50	--	लोकमान्य तिलक (ट)	--	18:10

चलने के दिन: **05167 बनारस** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 17.10.2026 से 28.11.2026 तक एवं **05168 लोकमान्य तिलक (ट)** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 18.10.2026 से 29.11.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना जं., मैहर, कटनी, जबलपुर, इटारसी जं., खंडवा जं., बुरहानपुर, भुसावल जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं. और ठाणे स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 04731/04732 श्री गंगानगर जं.–समस्तीपुर जं.– श्री गंगानगर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04731		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04732	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	13:25	श्री गंगानगर जं.	12:20	--
00:25	00:35	दिल्ली जं.	23:40	23:50
23:15	--	समस्तीपुर जं.	--	00:45

चलने के दिन: **04731 श्री गंगानगर जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 18.10.2026 से 29.11.2026 तक एवं **04732 समस्तीपुर जं.** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 20.10.2026 से 01.12.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: सादुलशहर, हनुमानगढ़ जं., संगरिया, मंडी डबवाली, रामां, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, रोहतक जं., दिल्ली जं., गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 03107/03108 कोलकाता – आलमनगर – कोलकाता विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 03107		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 03108	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:50	कोलकाता	22:30	--
14:05	14:15	वाराणसी जं.	07:20	07:25
19:45	--	आलमनगर	--	01:45

चलने के दिन: **03107 कोलकाता** से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 15.10.2026 से 26.11.2026 तक एवं **03108 आलमनगर** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 17.10.2026 से 28.11.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: नैहाटी, बंदेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, धनबाद जं., नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, सुल्तानपुर और उतरेटिया जं. स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 04076/04075 दिल्ली जं. – कामाख्या जं. – दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04076		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04075	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	00:30	दिल्ली जं.	20:40	--
21:15	--	कामाख्या जं.	--	05:00

चलने के दिन: **04076 दिल्ली जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 03.10.2026 से 28.11.2026 तक एवं **04075 कामाख्या जं.** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 05.10.2026 से 30.11.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव: टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, कोकराझार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बिहार विधान परिषद चुनाव: राजद उम्मीदवार ने दाखिल किया नामांकन, भाजपा ने चार उम्मीदवार उतारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधान परिषद की आठ सीटों के चुनाव को लेकर मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी अपने चार उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।



भाजपा ने पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नवल किशोर यादव, कोसी स्नातक क्षेत्र से डॉ. एनके यादव, दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. सर्वेश कुमार और तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नरेंद्र प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है। इसके साथ ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी आठ उम्मीदवारों की तस्वीर सामने आ गई है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने इससे पहले अपने हिस्से की चार सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। पार्टी ने पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार, दरभंगा शिक्षक से घनश्याम राय, तिरहुत स्नातक से अभिषेक झा और सारण शिक्षक से आनंद पुष्कर को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने अपने हिस्से में पटना शिक्षक और कोसी स्नातक सीट पर मौजूदा सदस्यों नवल किशोर यादव और एनके यादव को दोबारा मौका दिया है। दरभंगा स्नातक से सर्वेश कुमार और तिरहुत शिक्षक से नरेंद्र प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। उधर, नामांकन के पहले दिन ही विपक्ष की ओर से चुनावी गतिविधियां शुरू हो गईं। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार डॉ. संजीव कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की और इसके बाद समर्थकों के साथ पटना कमिश्नरी कार्यालय पहुंचकर पर्चा दाखिल किया। इस दौरान राजद के वरिष्ठ नेता भोला यादव समेत पार्टी के कई नेता और समर्थक मौजूद रहे। सबसे अधिक राजनीतिक चर्चा पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर है। यहां जदयू के अधिकृत उम्मीदवार नीरज कुमार के खिलाफ पार्टी के मोकामा विधायक अनंत सिंह ने खुलकर समर्थन जन सुराज के उम्मीदवार डॉ. अनुज कुमार सिंह को देने की घोषणा की है। अनंत सिंह ने अनुज सिंह के पक्ष में प्रचार करने और उनके समर्थन में वोट मांगने की बात कही है। उन्होंने नीरज कुमार के साथ अपने मतभेद को व्यक्तिगत विवाद बताया है। अनंत सिंह का यह रुख इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नीरज कुमार जदयू के अधिकृत उम्मीदवार हैं। ऐसे में एक ही पार्टी के विधायक का विपक्षी उम्मीदवार के समर्थन में खुलकर सामने आना पटना स्नातक सीट की लड़ाई को और हाई-प्रोफाइल बना रहा है।

एलपीयू हिंसा का मामला पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा, सीबीआई जांच की मांग

एलपीयू छात्र ने दायर की याचिका, बुधवार को चीफ जस्टिस की बेंच कर सकती है सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में हाल में हुई हिंसा और तोड़फोड़ की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी स्वतंत्र एजेंसी से हाई कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की गई है। यह याचिका एलपीयूके एक छात्र ने दायर की है। मामले का उल्लेख चीफ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ के समक्ष किया गया, जिसके बाद इसे बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने की बात सामने आई है। एलपीयू परिसर में रविवार को उस समय बड़े स्तर पर प्रदर्शन शुरू हुआ था, जब सोशल मीडिया और मौखिक संदेशों के जरिए एक छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न की अपुष्ट सूचना फैल गई। बाद में प्रदर्शन हिंसक हो गया और पथराव, आगजनी, विश्वविद्यालय की संपत्ति को नुकसान तथा जालंधर-फगवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को जाम करने की घटनाएं सामने आईं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। याचिका में कहा गया है कि हिंसा केवल स्वतःस्फूर्त छात्र प्रदर्शन नहीं थी और इसमें बाहरी लोगों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। याचिका में सीसीटीवी फुटेज, क्षतिग्रस्त संपत्ति और अन्य घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए स्वतंत्र जांच की जरूरत बताई गई है। दूसरी ओर, विश्वविद्यालय प्रशासन और स्थानीय पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच और सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा में कथित यौन उत्पीड़न के आरोप की पुष्टि करने वाला कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया है। पुलिस इस मामले में अलग से जांच कर रही है।



संक्षिप्त समाचार

एमएड परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर छात्र संगठनों ने परीक्षा नियंत्रक का किया घेराव

भागलपुर। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में मंगलवार को उस समय भारी गहमागहमी का माहौल बन गया, जब विभिन्न छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एमएड सत्र 2025-27 और 2026-28 के परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ी को लेकर परीक्षा नियंत्रक प्रोफ़ेसर विनोद कुमार ओझा का घेराव कर दिया। आक्रोशित छात्रों ने परीक्षा विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नतीजों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। प्रदर्शन कर रहे छात्र नेताओं का आरोप है कि विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में जारी किए गए एमएड प्रवेश परीक्षा के परिणामों में भारी विसंगतियां हैं। छात्र संगठनों ने शिकायत की है कि दोनों सत्रों के टॉपरों के नाम, प्राप्तांक और जन्म तिथि में अजीब समानताएं देखने को मिल रही हैं, जो सीधे तौर पर परीक्षा प्रक्रिया और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। छात्रों ने कहा कि रिजल्ट को लेकर विश्वविद्यालय का रवैया लापरवाही भरा है, जिससे योग्य अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लग गया है। उग्र प्रदर्शन के कारण परीक्षा नियंत्रक प्रो. विनोद कुमार ओझा अपने ही कार्यालय में घंटों तक घिरे रहे। छात्र संगठनों ने उनके समक्ष अपनी प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें एमएड प्रवेश परीक्षा के दोनों सत्रों के परिणामों की तत्काल प्रभाव से री-चेकिंग और जांच कराई जाए, त्रुटिपूर्ण परिणाम जारी करने के जिम्मेदार तकनीकी सेल या अधिकारियों पर कार्रवाई हो और आगामी नामांकन प्रक्रिया को तब तक पारदर्शिता के साथ रोका जाए जब तक संशय दूर न हो जाए शामिल हैं। हंगामे की सूचना पाकर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। छात्र संगठनों के बढ़ते दबाव के बीच परीक्षा नियंत्रक और कुलसचिव ने छात्रों की शिकायतों को गंभीरता से लिया। अधिकारियों ने छात्रों को आश्वस्त किया कि टॉपरों के डेटा और रिजल्ट की सत्यता की पूरी बारीकी से जांच की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन से मिले इस ठोस आश्वासन और जांच के वादे के बाद छात्र संगठनों ने अपना घेराव समाप्त किया, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि यदि परिणाम में धांधली की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो छात्र उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

कटिहार पुलिस का 'ऑपरेशन क्लीन' 24 घंटे में 65 अभियुक्त सलाखों के पीछे

कटिहार। जिला पुलिस ने अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 24 घंटे में कुल 65 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान के दौरान बरारी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दलाल चौक के समीप से हथियार लहरा रहे एक युवक को एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, जिले भर में विभिन्न आपराधिक कांडों में 31 और वारंट के आधार पर 34 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। बरारी थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 28 सितंबर की रात सूचना मिली थी कि दलाल चौक के पास एक व्यक्ति हथियार लहराते हुए घूम रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम को देखते ही युवक भागने लगा, जिसे जवानों के सहयोग से घेराबंदी कर दबोच लिया गया। तलाशी के क्रम में उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान मुसहरी मड़ैया (थाना बरारी) निवासी मारकंडे राजभर के 20 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार के रूप में की गई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कार्यालय द्वारा जारी विवरणी के अनुसार, 28 सितंबर को चलाए गए जिलेव्यापी समकालीन अभियान में गंभीर अपराधों से जुड़े आरोपियों पर शिकंजा कसा गया। इस दौरान हत्या के प्रयास मामले में 02, आरम्स एक्ट में 03, शराब से जुड़े मामलों में 18 और एनडीपीएस एक्ट के तहत 01 अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई। जिले भर में की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध सामान भी जब्त किए। कुल बरामदगी में 34.945 लीटर विदेशी शराब, 5.14 ग्राम स्मैक, 01 देशी कट्टा, 01 जिंदा कारतूस, 01 तीन पहिया वाहन, 01 मोटरसाइकिल और 02 मोबाइल फोन शामिल हैं। पुलिस प्रशासन के अनुसार क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पेंशन की 12 सूत्री मांगों को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन का 24 घंटे का धरना शुरू

सीवान। पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा, सीवान के तत्वावधान में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी 12 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को शहर के गोपालगंज रोड स्थित अंबेडकर चौक पर 24 घंटे का धरना शुरू किया। अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फ़ेडरेशन के आह्वान पर आयोजित धरने में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी और पेंशनभोगी शामिल हुए। इस दौरान केंद्र सरकार से पेंशनभोगियों के हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की गयी। धरना का नेतृत्व पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री रामनाथ भगत ने किया। प्रदर्शन के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने केंद्र सरकार के समक्ष अपनी 12 सूत्री मांगों को प्रमुखता से रखा। पेंशनभोगियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला पदाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा। ज्ञापन में मार्च 2025 में संसद से पारित पेंशन नियम वैधीकरण अधिनियम-2025 को वापस लेने और प्रत्येक वेतन आयोग में पेंशन संशोधन सुनिश्चित करने की मांग की गयी है। साथ ही 1 जनवरी 2026 से पहले सेवानिवृत्त हुए सरकारी कर्मचारियों के लिए भी 8वें केंद्रीय वेतन आयोग में पेंशन संशोधन को शामिल करने की मांग रखी गयी है। पेंशनभोगियों ने वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन में होने वाली देरी को देखते हुए अंतरिम राहत देने की भी मांग की। धरनार्थियों ने डीए-डीआर का 50 प्रतिशत हिस्सा मूल वेतन और पेंशन में शामिल करने, कम्युटेशन की बहाली 10 वर्ष आठ माह के बाद करने तथा पेंशन में एकरूपता सुनिश्चित करने की मांग की। एनपीएस और यूपीएस को समाप्त कर ग्रेच्युटी व कम्युटेशन समेत पूर्ण लाभ के साथ पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। इसके अलावा कोरोना काल के दौरान रोके गये 18 माह के डीए-डीआर का भुगतान, वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेलवे और विमान यात्रा में 50 प्रतिशत रियायत की बहाली तथा राज्य सरकार के पेंशनभोगियों को केंद्रीय पेंशनभोगियों के समान डीए-डीआर देने की मांग की गयी। पेंशनभोगियों ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी उठायी। ज्ञापन में 65 वर्ष की आयु से पेंशन में प्रत्येक पांच वर्ष पर 10 प्रतिशत वृद्धि, 80 वर्ष की आयु के बाद 20 प्रतिशत वृद्धि तथा पेंशनभोगियों की शिकायतों के समाधान के लिए सांविधिक राष्ट्रीय आयोग के गठन की मांग की गयी है।

देश भर में 2 अक्टूबर से राष्ट्रीय राजमार्गों पर विशेष अभियान-6.0, सफाई और सुरक्षा पर रहेगा जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्र सरकार 2 से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान-6.0 चलाएगी। इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्गों और टोल प्लाजा की सफाई, रखरखाव, गड्ढामुक्त सड़कें, शौचालयों के उन्नयन, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सड़क संकेतकों में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, अभियान के दौरान विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों से कचरा हटाया जाएगा। टोल प्लाजा के शौचालयों का नवीनीकरण और नियमित रखरखाव किया जाएगा। इसके साथ ही टोल प्लाजा पर सफाई, रंग-रोगन, बेहतर रोशनी और सौर ऊर्जा सुविधाओं को बढ़ावा देने पर जोर रहेगा। मंत्रालय के अनुसार, सड़क संकेतकों में सुधार, रोड मार्किंग की दृश्यता बढ़ाने और राष्ट्रीय राजमार्गों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। इससे सड़क उपयोगकर्ताओं की सुविधा और सुरक्षा बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि अभियान दो चरणों में संचालित किया जा रहा है। 15 से 30 सितंबर तक तैयारी चरण चल रहा है, जिसमें लक्ष्यों की पहचान, सफाई अभियानों की योजना, अनुपयोगी सामग्री के निस्तारण और अन्य तैयारियां की जा रही हैं। मुख्य अभियान 2 अक्टूबर से शुरू होगा। अभियान के तहत प्रत्येक क्षेत्र में 50 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग खंड और एक टोल प्लाजा को विशेष सुधार कार्यों के लिए चिन्हित किया गया है। मंत्रालय मुख्यालय के अधिकारियों को इन स्थानों का निरीक्षण करने और सुधार कार्यों के प्रभाव का आकलन करने की जिम्मेदारी दी गई है। अधिकारी कमियों की पहचान कर उनका भू-चिह्नीकरण करेंगे और सुधार कार्यों की लगातार निगरानी करेंगे। मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों की स्वच्छता, सुरक्षा और रखरखाव में सुधार सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों, कार्यक्रम क्रियान्वयन इकाइयों, परियोजना निदेशकों और अन्य फील्ड कार्यालयों को विशेष निर्देश दिए हैं। विशेष अभियान-6.0 के तहत लंबित मामलों को कम करने, अभिलेख प्रबंधन को मजबूत करने, ई-कचरे के जिम्मेदारीपूर्ण निस्तारण और कार्यालयी स्थानों के बेहतर उपयोग पर भी ध्यान दिया जाएगा। विभिन्न संगठनों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो अभियान की प्रगति की निगरानी करेंगे और नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

अवैध शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की कार्रवाई

भागलपुर। दुर्गा पूजा को लेकर भागलपुर जिले में अवैध शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग ने निगरानी और जांच अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को बाईपास थाना क्षेत्र के टुट्टा पुल के समीप उत्पाद विभाग की टीम ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व उत्पाद निरीक्षक गौतम कुमार ने किया। जांच अभियान के दौरान टुट्टा पुल से होकर गुजरने वाले दोपहिया, चारपहिया समेत छोटे-बड़े वाहनों को रोककर गहन तलाशी ली गई। उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष रूप से इस बात की जांच की कि कहीं वाहनों के जरिए अवैध शराब का परिवहन तो नहीं किया जा रहा है। टीम ने बाइक की डिक्की से लेकर पिकअप वैन तक की तलाशी ली। जांच के दौरान संदिग्ध वाहनों और उनके सामान को भी बारीकी से खंगाला गया। अचानक चलाए गए इस अभियान से वाहन चालकों में भी सतर्कता देखी गई। उत्पाद निरीक्षक गौतम कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

कुपोषण मुक्त समाज बनाने में मिल का पत्थर साबित होगी आंगन मिलन कार्यक्रम: सुशीला धान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। कुपोषण मुक्त समाज बनाने के उद्देश्य से चल रहे पोषण माह के अवसर पर मंगलवार को नवादा जिले के नरहट प्रखंड के छोटी पाली आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम तथा आंगनबाड़ी केंद्र तृतीय पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित बच्चों के अभिभावक सहित समाज के हर वर्ग के लोगों को कुपोषण मुक्त समाज बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। उनसे समाज में हुए बदलाव का भी अनुभव साझा किया गया। आंगन मिलन कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुशील धान ने कहा कि कुपोषण मुक्त



समाज बनाने में आंगन मिलन कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ,अभिभावकों तथा समाज के हर वर्ग के लोगों को सम्मानित करते हुए उनसे कुपोषण मुक्त समाज बनाने में सहभागी बनने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों ने भी बाल विकास परियोजना के माध्यम से कुपोषण मिटाने में किए गए योगदानों को साझा किया गया ।अभिभावकों ने कहा कि निश्चित तौर पर हमारे बच्चे खेल-खेल में तीन से 6 वर्ष की उम्र तक पढ़ाई भी करते है । सरकार द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं का लाभ उठाकर कुपोषण से भी मुक्त रहते हैं। महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी ने कहा कि बाल विकास परियोजना के सौजन्य से कुपोषण मुक्त समाज बनाने के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसका लाभ समाज के बच्चों को सीधी तौर पर मिल रही है।

लंबित विकास योजनाओं में तेजी लाएं बाधाओं का तत्काल करें समाधान : डीएम

कैनवज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। जिले में संचालित विकास एवं निर्माण योजनाओं को समय पर पूरा कराने को लेकर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने मंगलवार को संबंधित पदाधिकारियों और अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की। डीएम ने योजनावार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों में तेजी लाने, निर्माण में आ रही बाधाओं का तत्काल समाधान कराने तथा गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 47 योजनाओं में 34 पूर्ण, जबकि 13 अपूर्ण हैं। डीएम ने लंबित भवनों के निर्माण में तेजी लाने और संबंधित पदाधिकारियों को नियमित स्थल निरीक्षण कर प्रगति की निगरानी करने का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग की योजनाओं पर विशेष निगरानी के निर्देश देते हुए डीएम ने किचन शेड, चारदीवारी, विद्युत कार्य, मरम्मत, शौचालय समेत अन्य निर्माण कार्यों की स्थिति जानी। विभाग की कुल 191 योजनाओं में 167 पूर्ण और 12 अपूर्ण बताई गईं। उन्होंने विद्यालयों से जुड़े अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने तथा निर्माण की गुणवत्ता और उपयोगिता सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने भूमि एवं स्थल संबंधी समस्याओं का संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर शीघ्र समाधान कराने का निर्देश दिया। बैठक में VVP-II (वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-II) के तहत सीमावर्ती गांवों की प्रस्तावित योजनाओं की भी समीक्षा हुई। कुल 231 योजनाओं के लिए करीब 66.12 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है।

एक करोड़ की ब्राउन शुगर के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार, पिस्टल व दो मैगजीन भी बरामद

किशनगंज। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस, एएनटीएफ किशनगंज, विशेष कार्य बल एवं सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने गलगलिया थाना क्षेत्र के हाथीडुबा गांव में छापेमारी कर 455 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन) के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान एक पिस्टल, दो मैगजीन और एक डिजिटल वजन मशीन भी बरामद की गई। मंगलवार को जारी पुलिस की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 28 सितंबर को एसएसबी 41वीं वाहिनी रानीडांगा को सूचना मिली कि गलगलिया थाना क्षेत्र के हाथीडुबा गांव निवासी मदन मोहन पासवान अपने घर में अवैध मादक पदार्थ रखकर उसकी तस्करी कर रहा है।

हरियाणा भ्रमण पर जा रहे युवाओं को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

बोले- अंतरराज्यीय भ्रमण से मिलेगी नई सीख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में हरियाणा भ्रमण पर जा रहे उत्तराखण्ड के युवाओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अंतरराज्यीय भ्रमण युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, जीवनशैली, विकास कार्यों और नवाचारी पहलों को निकट से समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के युवा विभिन्न राज्यों में जाकर वहां की संस्कृति, स्थानीय विशेषताओं, विकास से जुड़ी पहलों और सरकारों द्वारा अपनाई जा रही अच्छी कार्यप्रणालियों को जानें तथा उपयोगी अनुभवों को उत्तराखण्ड के परिप्रेक्ष्य में भी साझा करें। इसी प्रकार अन्य



राज्यों के युवाओं को भी उत्तराखण्ड आने और यहां की संस्कृति, पर्यटन, स्थानीय उत्पादों तथा राज्य में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी पहलों को जानने के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुए सेवा संकल्प अभियान की भावना भी समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से युवाओं को सेवा, जनभागीदारी और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने की है। युवाओं के बीच इस प्रकार का संवाद विभिन्न राज्यों की अच्छी पहलों को समझने और आपसी अनुभव साझा करने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा भ्रमण पर जा रहे युवाओं से कहा कि वे वहां की समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली इतिहास, खान-पान, खेल परंपरा, कृषि और स्थानीय जीवनशैली को करीब से देखें। स्थानीय युवाओं, खिलाड़ियों, किसानों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे लोगों से संवाद कर उनके अनुभवों को जानें। धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के युवा राज्य के प्रतिनिधि के रूप में अन्य प्रदेशों में जाते हैं। ऐसे में वे देवभूमि की समृद्ध संस्कृति, लोकपर्वों, स्थानीय खान-पान, पर्यटन स्थलों, होम-स्टे, स्थानीय उत्पादों, मिलेट्स और हस्तशिल्प के बारे में भी लोगों को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में चारधाम के साथ ही आदि कैलाश, जागेश्वर, कैंची धाम, शीतकालीन पर्यटन, साहसिक पर्यटन तथा अनेक ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जिनकी जानकारी देश के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की जानकारी भी अन्य राज्यों तक पहुंचाने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम केवल भ्रमण तक सीमित न रहें, बल्कि विभिन्न राज्यों के युवाओं, संस्कृति, अनुभव और विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम बनें। इससे युवाओं को देश की विविधता को समझने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अच्छे कार्यों से सीखने का अवसर मिलेगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063